** 
# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 27 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 143, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 479 अंकों की गिरावट


उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट रही और सेंसेक्स 479 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई। } 10

## कार्यों को समय से करें पूरा : गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने समीक्षा के दौरान राजमार्ग परियोजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में तेजी लाने और कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। } 10



# गंगा दशहरा पर योगी ने की गंगा आरती



विशेष संवाददाता

प्रयागराज। देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर होने वाली भव्य गंगा आरती श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। इसी क्रम में प्रयागराज के पावन संगम क्षेत्र में अब प्रतिदिन फ्लोटिंग जेटी पर भव्य गंगा आरती का आयोजन शुरू हो गया है। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम तट पर स्थित फ्लोटिंग जेटी पर गंगा पूजन के बाद आरती उतारी व इसका शुभारंभ किया। मेलाधिकारी एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने बताया कि फ्लोटिंग जेटी पर पहली बार गंगा आरती शुरू की गई है। इससे संगम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हर शाम अविस्मरणीय व दिव्य अनुभूति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के नवनिर्मित सदन के लोकार्पण के साथ ही प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अवैध घुसपैठ रोकने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

## देशभर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का करेगी व्यापक आकलन, सुप्रीम कोर्ट जज के निर्देशन में होगा कार्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने अवैध आप्रवासन और अन्य असामान्य कारणों से देशभर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से असामान्य जनसांख्यिकी परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है।

उन्होंने कहा इस चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनसांख्यिकी परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है। उन्होंने कहा कि समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति



प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे और कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी) सदस्य होंगे। साथ ही, डॉ. शमिका रवि भी सदस्य होंगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। गृहमंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकी परिवर्तन हमारी संप्रभुता के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा यह कमेटी, अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों की पद्धति का विश्लेषण करेगी तथा इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये गए अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समस्या से निपटने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की थी। मोदी ने कहा था कि घुसपैठ के माध्यम से देश की जनसांख्यिकी को बदलने की सोची-समझी साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा था, मैं आज देश के सामने एक चिंता, एक चुनौती के संबंध में आगाह करना चाहता हूं। षड्यंत्र के तहत, सोची-समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) को बदला जा रहा है। एक नये संकट के बीच बोए जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम और महंगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में मंगलवार को दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। यह दो सप्ताह से भी कम समय में तीसरा मौका है जब सीएनजी के दाम बढ़ाए गए हैं। देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के अनुसार, सीएनजी की कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। यह कंपनी दिल्ली और आसपास के शहरों में वाहनों को सीएनजी और घरों तथा उद्योगों के लिए पाइप लाइन वाली गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराती है। हालांकि, घरेलू रसोई में खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पीएनजी की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। सीएनजी की कीमतों में 15 मई से लेकर यह तीसरी बार बढ़ोतरी हुई है और इस अवधि से लेकर अब तक इसमें कुल पांच रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हो चुकी है।

### बदायूं : गंगा में छह डूबे, चार को बचाया

बदायूं। बदायूं जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में कछला गंगाघाट पर सोमवार को गंगा दशहरा पर्व पर स्नान कर रहे परिवार के छह सदस्य गंगा की तेज धार में डूब गए। गोताखोरों की तत्परता से परिवार के चार अन्य सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि एक किशोर की मृत्यु हो गयी और एक अन्य अभी लापता है। उप जिला अधिकारी मोहित कुमार सिंह ने बताया कि हाथरस जिले के हसायन थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कनऊ निवासी ओमवीर अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों के साथ गंगा स्नान के लिए कछला पहुंचे थे। स्नान के दौरान ओमवीर के पुत्र नीलेश और उनके रिश्तेदार नेत्रपाल की पुत्री शिखा गहरे जल में चले गए और डूबने लगे।

# पूर्व सरकारों का भ्रष्टाचार साफ करने में लगा समय : योगी

## मुख्यमंत्री ने नगर निगम लखनऊ की 342 परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने कहा कि ऊर्जा संकट वैश्विक बन चुका है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण सप्लाई लाइन बाधित हुई है। दुनिया के तमाम क्षेत्रों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। जिस अमेरिका के पास अपने ऊर्जा के क्षेत्र हैं, वहां पेट्रोलियम पदार्थ के दाम दोगुने से अधिक हुए हैं।

महंगाई चरम पर है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में लगातार इसे नियंत्रित किया गया है। पेट्रोलियम उत्पादों के दाम दुनिया में बढ़ेंगे, सप्लाई चेन बाधित होगी तो उसका असर यहां भी पड़ेगा, लेकिन संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय देश को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास अस्वस्थ मानसिकता का पर्याय है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में



सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया। हमें पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे, बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही पीएम मोदी जी का विजन है, प्रेरणा है। सीएम योगी ने कहा कि गर्मी एकाएक बढ़ने से तमाम थर्मल पावर प्लांट ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मां गंगा की धारा की तरह बढ़ रही विकास यात्रा : मुख्यमंत्री



प्रयागराज/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज नगर निगम के नवनिर्मित सदन हॉल और विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की विकास यात्रा में सरकार कहीं रुकी नहीं, कहीं थमी नहीं। यह यात्रा मां गंगा की धारा की तरह अविरल आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने चरैवेति-चरैवेति के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रयागराज आज सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक गौरव और आधुनिक विकास का अद्भुत संगम बन चुका ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कर्नाटक में नहीं बदलेगा सीएम, कांग्रेस हाईकमान ने बैठक में लिया निर्णय

नई दिल्ली। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मंगलवार को कांग्रेस के शीर्ष कमान की बैठक हुई। बैठक के बाद पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पूरी चर्चा केवल आगामी राज्यसभा चुनाव और कर्नाटक में विधान परिषद चुनावों पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि जो भी अटकलें लगाई जा रही हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। ये केवल आशंकाएं हैं।

उन्होंने बताया कि आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ एक विस्तृत बैठक हुई, जिसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कर्नाटक के प्रभारी महासचिव भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बैठक में केवल राज्यसभा और विधानपरिषद चुनावों की तैयारियों पर चर्चा हुई और उम्मीदवारों की घोषणा अन्य राज्यों के साथ ही की जाएगी। इसके अलावा कोई और फैसला नहीं लिया गया है। कर्नाटक में सत्ता साझेदारी को लेकर अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आगरा एक्सप्रेस-वे पर पलटी बस, आठ की मौत



वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उन्नाव जिले में दिल्ली से गोरखपुर जा रही प्राइवेट स्लीपर बस मंगलवार सुबह पांच बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक दरोगा समेत सात यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, तीन पुलिसकर्मी समेत 24 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के वक्त बस में 52 यात्री थे। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि पलटने के बाद 100 मीटर तक घिसती चली गई। दिल्ली से गोरखपुर जा रही स्लीपर बस में कुल 52 यात्री सवार थे। तेज रफ्तार होने के कारण चालक नियंत्रण ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विचारों के आदान-प्रदान से मजबूत होता है शासन

## जनकल्याण, सुशासन व नेतृत्व क्षमता का प्रेरक दस्तावेज बनी अपनापन : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक अपनापन-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव का नई दिल्ली में लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली और जनसेवा के मूल्यों को समझने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने अपने



राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभवों को अत्यंत सरल, संवेदनशील और आत्मीय शैली में प्रस्तुत किया है, जिससे पाठकों को सुशासन और लोककल्याण की भावना को निकट से जानने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे सार्वजनिक जीवन का अनुभव रखने वाले शिवराज सिंह चौहान की यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत-अमेरिका के बीच हुए महत्वपूर्ण खनिज समझौते

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिजों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को लेकर एक प्रमुख रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। भारत-अमेरिका के बीच यह कदम वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और रणनीतिक धातुओं पर चीन के निर्यात नियंत्रणों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है। नयी दिल्ली में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो की उपस्थिति में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, यह सही समय पर उठाया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

## जेठ के चौथे बड़े मंगलवार को डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने लगाया विशाल भंडारा

# धार्मिक आयोजनों से मिलती है मन को शांति : विराज सागर दास









फोटो : समीर भटनागर

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगलवार के मौके पर आज पुलिस चौकी के सामने, ऐशबाग रोड, राजेन्द्र नगर, लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन व यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भंडारे में भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

**श्रीमती अलका दास गुप्ता व विराज सागर दास ने ऐशबाग रोड, राजेंद्र नगर व टाइम्स स्क्वायर सहित कई स्थानों पर भक्तों को बांटा प्रसाद**

इस मौके पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास, राजेश दीक्षित पार्षद राजेन्द्र नगर (भाजपा) एवं सात्विक दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इससे पहले बीबीडी टाइम्स स्क्वायर के भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विराज सागर दास ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# रिसर्च, मेडटेक व डिजिटल हेल्थ को मिलेगा बढ़ावा : सीएम

## दीनदयाल राज्य कर्मचारी कैशलेस योजना में अब आयुष पद्धतियों से भी इलाज शामिल, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को गुणवत्ता व आधुनिक तकनीक से जोड़ें: सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुए साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का लाभ सीधे आम आदमी को मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों को समय पर भुगतान होता रहेगा तो मरीजों को बेहतर सुविधा मिलती रहेगी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को भी योजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। साथ ही, हेल्थ एटीएम सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्हें अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनजागरूकता, स्वच्छता और समयबद्ध उपचार व्यवस्था के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर गर्भवती महिला तक समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूर्ण हों, ताकि आमजन को जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में आगामी महीनों में प्रस्तावित महत्वपूर्ण लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की भी समीक्षा की गई। इनमें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज का बहुमंजिला गर्ल्स हॉस्टल, अयोध्या मेडिकल कॉलेज का 110 बेड ट्रॉमा सेंटर, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का बीएससी नर्सिंग कॉलेज तथा कानपुर मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विभाग विस्तार एवं डी-एडिक्शन वार्ड ब्लॉक शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि सार्वजनिक-निजी सहभागिता मॉडल पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। महाराजगंज, शामली और संभल में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जबकि कई अन्य जनपदों में प्रक्रिया जारी है। बैठक में बताया गया कि 108 एम्बुलेंस सेवा और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की प्रतिक्रिया अवधि में लगातार सुधार हुआ है। वर्तमान में 375 एएलएस एम्बुलेंस संचालित हैं और अब तक 9.38 लाख मरीजों को रेफर किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने के निर्देश देते हुए कहा कि आपात स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने एम्बुलेंस संचालकों का भुगतान समय से सुनिश्चित करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन माह से कम एक्सपायरी अवधि वाली दवाएं अस्पतालों में नहीं होनी चाहिए और उनकी जगह नई दवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# 'बच्चों को ननिहाल-ददिहाल में समय बिताने दें'

- **सीएम योगी ने बच्चों-अभिभावकों के लिए लिखी पाती**
- **बच्चों को दुधवा, चूका बीच, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के जरिए प्रकृति से जोड़ने की अपील**

**लखनऊ।** प्रदेश के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बच्चों और अभिभावकों के नाम पाती (पत्र) लिखी है। इसमें उन्होंने बच्चों को न सिर्फ छुट्टियों का सदुपयोग करने की राह दिखाई है, बल्कि 'इको-फ्रेंडली पर्यटन' और जिम्मेदार जीवनशैली को अपनाने की सीख भी दी है।

सीएम योगी ने लिखा है कि गर्मी की छुट्टियां आप सभी के लिए आनंद, उत्साह और नए शोध का समय लेकर आती हैं। स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से थोड़ी राहत मिलते ही मन कुछ नया सीखने, नए स्थान देखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है। यही अवसर है, जब आप अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें एवं जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर आपके सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो। किशोर एवं युवा इन छुट्टियों में नई भाषा या नया कौशल सीख सकते हैं। यह समय अच्छी पुस्तकों से मित्रता, फोटोग्राफी, चित्रकारी, पाक कला, संगीत एवं बागवानी जैसी रुचियों को पूरा करने का हो सकता है। सीएम योगी ने अभिभावकों के लिए भी कई जरूरी बातें लिखीं। उन्होंने लिखा कि हममें से अधिकतर लोगों ने बचपन में दादा-दादी, नाना-नानी से नैतिक शिक्षा की कहानियां सुनीं। आज बच्चे इन अनुभवों से दूर होते जा रहे हैं। आपसे आग्रह है कि इन छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं। उन्हें परिवार के साथ समय बिताने दें, ताकि वे अपने संस्कारों और परंपराओं को निकट से जान सकें। सीएम योगी ने बच्चों को प्रकृति और इको-फ्रेंडली पर्यटन से भी परिचित कराने की अभिभावकों को सलाह दी। उन्होंने लिखा कि बच्चों को ऐसे स्थानों पर लेकर जाएं, जहां वे प्रकृति के निकट आ सकें और जैव विविधता को अनुभव कर सकें। इसके लिए उन्होंने दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, चूका बीच और कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार जैसे स्थलों का सुझाव दिया। इन छुट्टियों में बच्चों को प्रकृति, संस्कृति और स्वास्थ्य से जोड़ने पर भी जोर दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अपील करते हुए इन छुट्टियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने का भी संकल्प लेने के लिए कहा। उन्होंने लिखा कि यात्रा हो या पिकनिक, कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें, प्लास्टिक कचरा इधर-उधर न फैलाएं और बच्चों को भी स्वच्छ एवं जिम्मेदार जीवनशैली का संदेश दें। छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य के बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। सीएम योगी ने पाती में बच्चों को मिट्टी, जल और वृक्ष से जोड़ने के लिखा है। अभिभावकों से कहा कि बच्चों के साथ पौधे लगाएं, उनकी देखभाल का दायित्व उन्हें दें तथा आस-पास स्वच्छता बनाए रखने की आदत विकसित करें। जब बच्चे मिट्टी, वृक्ष और जल के महत्व को समझते हैं, तभी उनके अंदर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है।

# उत्तर रेलवे ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा जागरूकता अभियान किया आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 के तहत उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा 15 मई 2026 से 5 जून 2026 तक पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मगंलवार को मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाए गए। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल स्त्रोतों की जांच की गई तथा परीक्षण के लिए जल नमूने एकत्र किए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित कर सभी को स्वच्छ एवं पीने योग्य जल उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में शाहगंज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रैली के माध्यम से यात्रियों एवं को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग कूड़ेदानों में डालने हेतु प्रेरित किया गया। लखनऊ स्टेशन पर भीषण गर्मी में निरंतर फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाव एवं शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से डफ्र (ओरल रीहाइड्रेशन साल्ट) का वितरण किया गया। अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों को हीट स्ट्रोक (लू) से सुरक्षित रखने हेतु सुरक्षात्मक उपायों को भी शामिल किया गया। धूप से बचाव के लिए सभी सफाई कर्मियों को चौड़ी पट्टी वाली टोपियों का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें हीट स्ट्रोक के प्रारंभिक लक्षणों जैसे अत्यधिक चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी जैसा महसूस होना एवं अत्यधिक कमजोरी आदि के बारे में जागरूक किया गया ताकि वे समय रहते अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार के जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज एवं यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता रहेगा।




# गोरखपुर की कंपनी को मिला 115 करोड़ का फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते औद्योगिक और निवेश परिदृश्य में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। गोरखपुर की कंपनी नॉर्दर्नएक्सप्रेस इंफ्राडेवलपर्स प्रा. लि. ने महेसरा ताल (चिलुआताल) में 20 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट हासिल कर राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को नई गति दी है। यह ऐतिहासिक कदम उत्तर प्रदेश की हरित ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ गोरखपुर को देश के औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करेगा। गोरखपुर के चिलुआताल, जिसे महेसरा ताल के नाम से भी जाना जाता है, में प्रतिष्ठित फ्लोटिंग सोलर परियोजना हासिल की है। यह परियोजना भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से जारी की गई थी। देशभर की कुल 25 कंपनियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 17 कंपनियां तकनीकी और वित्तीय रूप से योग्य घोषित हुईं। 25 मई 2026 को वित्तीय मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 115 करोड़ मूल्य की यह परियोजना नॉर्दर्नएक्सप्रेस इंफ्राडेवलपर्स प्रा. लि. को प्रदान की गई।

# बड़े शहरों के साथ बुंदेलखंड, झांसी, बांदा बन रहे पर्यटन का हब

## बेड एंड ब्रेकफास्ट, होमस्टे नीति से यूपी में बदल रहा पर्यटन का स्वरूप, किफायती होमस्टे और फार्मस्टे के लिए आए 3 हजार आवेदन, 900 रजिस्टर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प, मथुरा-वृंदावन समेत अन्य जिलों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड आमद से राज्य में सस्ते दरों पर ठहरने की अच्छी व्यवस्था की मांग बढ़ी है। इसे योगी सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति से साकार किया जा रहा है। इसके जरिए पर्यटकों को महंगे होटलों की जगह कम दाम पर ठहरने की जगह का विकल्प मिल रहा है, साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी खुल रहे हैं।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति लागू होने के बाद से यूपी में होमस्टे और फार्मस्टे तेजी से बढ़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक प्रदेशभर से 3000 से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं, जबकि करीब 900 होमस्टे और फार्मस्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं।



वर्ष 2026 की शुरूआत से आवेदनों की संख्या में भी तेजी आई है, जो यह दिखाता है कि लोग अब पर्यटन से जुड़े कारोबार को लेकर ज्यादा भरोसा और रुचि दिखा रहे हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक वाराणसी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ में होमस्टे और फार्मस्टे शहरी श्रेणी में आगे चल रहे हैं।

वहीं अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीण होमस्टे मॉडल में सबसे ज्यादा तेजी अब बुंदेलखंड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। बांदा, हमीरपुर, महोबा और झांसी जैसे जिले नए पर्यटन केंद्र बनकर उभर रहे हैं। इसके अलावा बाराबंकी, बहराइच, पीलीभीत और लखीमपुर भी तेजी से ग्रामीण पर्यटन स्थलों के रूप में पहचान बना रहे हैं। मथुरा-वृंदावन और आगरा के ग्रामीण इलाकों में भी होमस्टे और फार्मस्टे को लेकर यात्रियों और स्थानीय लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। पर्यटक और श्रद्धालु ठहरने की किफायती व्यवस्था मिलने के बाद ग्रामीण परिवेश की तरफ भी रुख कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह नीति छोटे जिलों में स्थानीय स्तर पर रोजगार और छोटे कारोबार को भी बढ़ावा दे रही है। कई परिवार अब अपने खाली कमरों को आय के साधन में बदल रहे हैं, जिससे उन्हें काम के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ रहा। यह मॉडल रिटायर्ड लोगों, बुजुर्ग दंपतियों, महिलाओं द्वारा संचालित परिवारों और खाली घरों वाले परिवारों के लिए अतिरिक्त कमाई का अच्छा जरिया बनता जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन की असली ताकत तब दिखती है, जब उसका लाभ सीधे गांवों और स्थानीय परिवारों तक पहुंचे।

होमस्टे और फार्मस्टे मॉडल न केवल पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की वास्तविक संस्कृति, स्थानीय खान-पान, परंपराओं और ग्रामीण जीवन से जोड़ रहे हैं, बल्कि खाली घरों को आय के साधन में बदलकर गांवों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी तैयार कर रहे हैं। इससे युवाओं में अपने ही जिले में पर्यटन आधारित कारोबार को लेकर रुचि बढ़ रही है।

# गोरखपुर, मऊ से दिल्ली और मुम्बई के लिए इस माह से चलेगी गर्मी स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा के लिए विभिन्न ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन इसकिया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 30 जून, 2026 तक के लिये 26 मई, 2026 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता निम्नवत है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 6 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 699 बर्थ, 13 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 786 बर्थ, 20 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 794 बर्थ तथा 27 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 628 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 04 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 99 बर्थ, 11 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 276, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 64 बर्थ तथा 18 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 90, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 315, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 82 एवं शयनयान श्रेणी में 78 बर्थ तथा 25 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 96, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 275 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 96 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से चलने वाली 04315 गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेष ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 24 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 01 एवं शयनयान श्रेणी में 234 बर्थ उपलब्ध हैं। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 15 जून, 2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 26 बर्थ, 22 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 50, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 120 बर्थ एवं 29 जून,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 13 बर्थ उपलब्ध हैं। गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 21 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 16 एवं शयनयान श्रेणी में 08 बर्थ, 25 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 94 एवं शयनयान श्रेणी में 136 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05057 गोरखपुर-दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 28 मई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 383 बर्थ, 11 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 818 बर्थ, 18 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 823 एवं शयनयान श्रेणी में 154 बर्थ तथा 25 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 824 एवं शयनयान श्रेणी में 99 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05096 मऊ-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 17 जून, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 14 तथा 24 जून, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 18 एवं शयनयान श्रेणी में 99 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से चलने वाली 09112 गोरखपुर-वडोदरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 24 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 9, वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 33, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 163 एवं शयनयान श्रेणी में 20 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से चलने वाली 07076 गोरखपुर-हैदराबाद ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 21 जून, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 68 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 25 बर्थ तथा 28 जून, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 108, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 343 एवं शयनयान श्रेणी में 78 बर्थ उपलब्ध हैं।



# स्टांप पंजीयन मंत्री के भंडारे में मौजूद रहे मंत्रीगण

## बड़े मंगल पर स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने किया भण्डारा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल द्वारा बड़े मंगल के अवसर पर राजधानी लखनऊ में भण्डारे का आयोजन किया गया। यह भण्डारा हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ, जहां मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने अपनी पत्नी अंजू जायसवाल तथा पुत्री शाम्भवी जायसवाल के साथ विशेष पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भागीदारी की। 'अन्नदानं परं दानं' की भावना और सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

हजरतगंज क्षेत्र के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित भण्डारा सुबह 11 बजे से शुरू होकर देर शाम तक अनवरत चलता रहा। इस आयोजन में विशेष रूप से यह बात चर्चा का केंद्र रही कि भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए बना सारा प्रसाद शुद्ध देसी घी से तैयार किया गया था, जिसे हजारों की संख्या में आए भक्तों ने बड़े ही भक्तिभाव से ग्रहण किया। मंत्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है और सनातन धर्म की इस पावन परंपरा में भक्तों की सेवा का अवसर मिलना हम सभी के लिए परम सौभाग्य एवं पुण्य की बात है।



इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या तथा ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पशुधन मंत्री धर्मपाल उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव तथा बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने भी पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात सभी मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# फर्जी एनकाउण्टर में 85 फीसदी पीडीए के लोग मारे गये

## भाजपा सरकार के 10 साल में पीडीए वर्ग पर हुए अत्याचार का आरोप लगाते हुए आंकड़ों की एक पुस्तिका की जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार के 10 साल में पीडीए वर्ग पर अत्याचार की इंतहा हो गई है। सरकार ने बड़े पैमाने पर फेंक एनकाउण्टर कराये हैं। इन फर्जी एनकाउण्टर में 85 फीसदी पीडीए के लोग मारे गये है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने मंगलवार को भाजपा सरकार के 10 साल में पीडीए वर्ग पर हुए अत्याचार के आंकड़ों की एक पुस्तिका जारी की। पुस्तिका में भाजपा सरकार द्वारा पीडीए के साथ किये गये फर्जी एनकाउण्टर पीडीए के घरों पर चलवाये गये बुलडोजर, पुलिस हिरासत में हुई मौतों और उत्तर प्रदेश की जेलों में अण्डर ट्रायल कैदियों का जातीय ब्यौरा है।



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जब डगमगाने लगती है तो फर्जी एनकाउण्टर कराती है। साथ ही और ज्यादा कम्युनल हो जाती है। भाजपा सरकार अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए फेक एनकाउण्टर कराती है। फर्जी एनकाउण्टर भाजपा सरकार की नाइंसाफी, जुर्म और ज्यादती का सबसे घिनौना रूप है। फर्जी एनकाउण्टर के जरिए भाजपा सियासी साजिश करती है। जाति-धर्म देखकर फर्जी एनकाउण्टर कराती है। इससे प्रदेश का सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है। जाति आधारित फर्जी एनकाउण्टर सामाजिक न्याय के राज को खारिज करता है। भाजपा सामाजिक न्याय विरोधी है। उन्होंने कहा कि पक्षपाती एनकाउण्टर पूरी तरह संविधान विरोधी अपराधिक कृत्य है। फर्जी एनकाउण्टर नाकाम सरकार की पहचान होते हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार एनकाउण्टर के बहाने पीडीए को डराकर उसका हक मारना चाहती है। भाजपा सरकार में सरकारी स्तर पर फर्जी एनकाउण्टर का पूरा एक अपराध तंत्र खड़ा कर दिया है। फर्जी एनकाउण्टर से घूसखोरी और काली कमाई का कुचक्र शुरू होता है। फर्जी एनकाउण्टर मानवाधिकार की हत्या करता है। उन्होंने कहा कि कस्टोडियल डेथ भी एक तरह का फर्जी एनकाउण्टर है, जिसमें भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में नम्बर एक पर है। अखिलेश यादव ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर में संलिप्त पुलिस जब फंसती है, तो भाजपा सरकार उससे मुंह मोड़ लेती है। फर्जी एनकाउंटर में संलिप्त पुलिसवालों को जब जेल होती है तो उनके परिवारवाले सामाजिक अपमान का शिकार होते हैं।

फर्जी एनकाउंटर में संलिप्त पुलिसवालों को जेल की घुटन भरी, कालकोठरी के अंधेरे में जब तक ये समझ आता है कि भाजपा किसी की सगी नहीं है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उन्होंने कहा कि फर्जी एनकाउंटर में संलिप्त पुलिसवालों को भी ये मालूम होता है कि वो गैरकानूनी तरीके से किसी की हत्या कर रहे हैं, इसीलिए वो अक्सर आत्मग्लानि के शिकार होकर शराब आदि का सहारा लेकर अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं क्योंकि हत्या करते समय का दृश्य हमेशा उसका पीछा करता है।

# नीट अभ्यर्थियों ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा के लीक के मुद्दे को लोकसभा में उठाने के सम्बंध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था एनटीए द्वारा 3 मई 2026 को नीट परीक्षा देश भर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई जिसका पेपर लीक हो गया। जानकारी में आया कि भाजपा के नेता जो सरकार से जुड़े हुए हैं उन्होंने अपने कालेज में सेंटर बनवाया, उनका पेपर लीक मामले में अहम योगदान है। इन पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। बता दें कि इस परीक्षा में लगभग 22 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। जिससे आए दिन सुसाइड की घटनाएं भी आ रही है। सपा लोकसभा में देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। लोकसभा में मानसून सत्र में पेपर लीक मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा ताकि इस धांधली में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई हो सके और भविष्य में परीक्षा में धांधली न हो। ज्ञापन देने वालों में अनुज यादव, विलाल अंसारी, अजय रावत, आराधना द्विवेदी, सीमा वर्मा, आयुस्मान तथा अमर सिंह शामिल है। अखिलेश यादव ने इस सम्बंध में कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया।

# पीएमएफएमई योजना में देश में शीर्ष पर यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में उत्तर प्रदेश अग्रणी**
- **फूड प्रोसेसिंग राज्य स्तरीय इम्पार्ड कमेटी बैठक सम्पन्न**

**लखनऊ।** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति (एसएलईसी) की 19वीं बैठक वर्चुअल माध्यम से आईआईडीसी, इन्वेस्ट यूपी हॉल, गोमतीनगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की प्रगति, नई परियोजनाओं के अनुमोदन तथा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा द्वारा बताया गया कि 21 मई तक पोर्टल पर कुल 1745 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 521 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए जा चुके हैं। वर्तमान में 20 नए प्रस्ताव समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किए गए, जिसमे 19 प्रस्ताव की मंजूरी प्रदान की गयी। मेसर्स गुड ग्रेप वाइन सेलर्स प्रा. लि., कानपुर देहात के परियोजना प्रस्ताव पर समिति द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। समिति ने पाया कि इकाई से संबंधित टर्म लोन स्वीकृति एवं मशीनरी/सिविल कार्यों के व्यय संबंधी अभिलेख पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इसी कारण अनुदान राशि के आकलन एवं अंतिम निर्णय को आगामी एसएलसी बैठक तक स्थगित किया गया है। आवश्यक अभिलेख प्राप्त होने के बाद इस प्रस्ताव पर नियमानुसार पुनः विचार किया जाएगा। वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान 1 अप्रैल से 25 मई 2026 तक 28.45 करोड़ रुपये की सब्सिडी हस्तांतरित किए जाने की जानकारी भी दी गई। समिति के समक्ष प्रस्तुत 20 नए प्रस्तावों में कानपुर देहात स्थित गुड ड्रॉप वाइन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा केले से निर्मित कार्बोनेटेड वाइन, हाथरस में कुट्टू एवं सौंफ प्रसंस्करण, मुजफ्फरनगर के जैगरी आधारित उत्पाद तथा बिजनौर से जूस, बेवरेज एवं अन्य बेकरी एवं कन्फेक्शनरी उत्पादों हेतु फ्रक्टोज शुगर निर्माण जैसी परियोजनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।



# देश में मॉडल होगी सीएम ग्रिड योजना : योगी

## मुख्यमंत्री ने 413 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया, नागरिक समस्याओं के समाधान का प्लेटफॉर्म है नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम में महापौर सुषमा खर्कवाल के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा लगभग 14000 पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न होने पर शुभकामनाएं दीं।

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, इसे पहले स्थान पर लाना है। यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नालियों में कूड़ा न फेंकें और सरकारी संपत्तियों का नुकसान भी न करें। लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब सरकार की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है।

मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर तथा सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है। सीएम ने ढाई करोड़ की कार से आकर गमला चोरी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 45 रुपये का गमला खरीद लेते तो सम्मान भी बना रहता और शहर भी सुंदर दिखता। सीएम योगी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उदाहरण दिया और कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वह अब बेहतरीन स्थल है।

सीएम ने तीनों महापुरुषों के व्यक्तित्व व राष्ट्र के लिए योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल ही नहीं, ग्रीन कॉरिडोर व मेट्रो समेत हर प्रकार की जन-सुविधाएं हैं। सीएम ने कहा कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्लेटफॉर्म है। 100 साल बाद नगर निगम का भव्य भवन बन रहा है। मॉडल गोशाला बन रही है, जहां गोसंरक्षण, सीएनजी निर्माण, कंपोस्ट, प्राकृतिक खेती व हर वेस्ट को वेल्थ में बदलने का भी उदाहरण प्रस्तुत होगा। नगर निगम का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बेहतर कार्य कर रहा है। यह ट्रैफिक मैनेजमेंट, स्वच्छता, विकास की एक्टिविटी देखने के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म है। आने वाले समय में सीएम ग्रिड योजना देश में मॉडल होगी। पहले एक घंटे की बारिश में नगरीय क्षेत्र जल प्लावित हो जाते थे, लेकिन स्टॉर्मवाटर की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम व नगर विकास विभाग ने बेहतरीन योजना बनाई है। लखनऊ में 10 हजार लोगों के लिए कन्वेंशन सेंटर की स्वीकृति दी गई है, इसका टेंडर हो गया है।

सीएम ने कहा कि बहुत सारे मॉडल खड़े होने जा रहे हैं। इसे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों व लखनऊवासियों का योगदान मिलना चाहिए। विकास योजनाओं में बैरियर बनने के बजाय सकारात्मक सहयोग से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तो भावी पीढ़ी धन्यवाद देगी। नगरीय निकायों में विस्तार-सुविधाएं जितनी अच्छी होंगी, वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी को प्राप्त करने की दिशा में प्रदेश उतनी ही तेजी से बढ़ेगा।

### तीन वर्षों में स्वच्छता और आधारभूत विकास को मिली नयी दिशा

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़कों एवं नालियों का निर्माण कराने, पार्कों का सौंदर्यीकरण करने, महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने और जलभराव की समस्या कम करने की दिशा में लगातार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ ह्लनेट जीरो वेस्ट सिटीह्व के रूप में नई पहचान बना चुका है। प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 2000 मैट्रिक टन कचरे का शिवरी प्लांट में वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। शिवरी में वर्षों से खड़े लगभग 20 लाख मीट्रिक टन कूड़े के पहाड़ में से 18.5 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं घैला में कूड़े के पहाड़ को समाप्त कर राष्ट्र प्रेरणा स्थल विकसित किया गया है।

### नगर निगमों में शुरू होंगे वन डे गवर्नेंस सेंटर

कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में वन डे गवर्नेंस सेंटर शुरू किए जाएंगे। जहां लोगों के कई जरूरी काम एक ही दिन में पूरे हो सकेंगे। इनमें जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने के साथ दाखिल-खारिज जैसी सेवाएं भी शामिल होंगी। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार नगर निकायों की सेवाओं को तेज, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाने पर काम कर रही है। प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में भी वन डे गवर्नेंस सेंटर को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। लखनऊ में सेंटर बन गया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा किराजधानी को जल भराव से मुक्ति के लिए हमने कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। आशियाना क्षेत्र के किला मोहम्मदी नाले के निर्माण के लिए करीब 200 करोड़ रुपये दिए गए हैं। 80 करोड़ रुपये आलमबाग नाले के लिए दिया गया है। इसके अलावा फैजुल्लागंज में भी नाला बनवाया गया।

# गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क में बनेगा जीन बैंक

- एमिटी विश्वविद्यालय की देखरेख में बनेगी लैब, एलडीए ने साइन किया एमओयू
- 2 एकड़ क्षेत्रफल में होगा निर्माण, विलुप्त हो रही प्रजातियों को मिलेगा संरक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क में लखनऊ का पहला जीन बैंक बनेगा। इस विशेष लैब का निर्माण एवं संचालन एमिटी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की देखरेख में किया जाएगा। इसके लिए एलडीए ने एमिटी विश्वविद्यालय के साथ करार किया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को एमओयू दस्तावेज पर साइन करके जीन बैंक के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। इस मौके पर एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. अनिल वशिष्ठ, प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह विसेन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कोमल पाण्डेय एवं डॉ. बृजेश खाण्डेलवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने सहारा ग्रुप को लीज पर दी गयी ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन वापस ली है। जिसमें से प्रथम चरण में 25 एकड़ क्षेत्रफल में 14 करोड़ रुपए की लागत से बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। पार्क में तेजी से काम चल रहा है और सिविल कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। उन्होंने बताया कि पार्क में लगभग 02 एकड़ क्षेत्रफल में जीन बैंक निर्मित किया जाएगा। जिसके लिए एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एमओयू साइन किया गया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि दुर्लभ पौधों एवं बीजों की विभिन्न प्रजातियां, जो वर्तमान में विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्हें इस विशेष लैब के माध्यम से संरक्षित करते हुए पार्क में रोपित किया जाएगा। इसमें विशेष तौर पर औषधीय पौधों के संरक्षण को बल दिया जाएगा, जोकि मानव जीवन के लिए अनमोल हैं। यह परियोजना भावी पीढ़ी के लिए कृषि जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क में बनने वाले इस जीन बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों को जैव विविधता के बारे में प्रशिक्षित किया जा सकेगा। जिसके लिए एमिटी विश्वविद्यालय के सहयोग से लैब में फील्ड बायोलॉजिस्ट व अन्य विशेषज्ञों की तैनाती की जाएगी। पार्क में घूमने आने वाले छात्र-छात्राओं को पौधों, पक्षियों, जीव-जंतुओं एवं कीट-पतंगों आदि की जानकारी देते हुए जैव विविधता से रूबरू कराया जाएगा। जिससे यह पार्क ईको-टूरिज्म के साथ ही शैक्षिक दृष्टि से भी अहम साबित होगा।

# प्रदेशभर में दौरा कर पंचायतों में पिछड़े वर्गों की स्थिति का अध्ययन करेगा आयोग

- पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रदेशभर में होगा सर्वेक्षण
- आयोग सक्रिय, जिलों और ब्लॉकों में होंगे खुले संवाद सत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर गठित उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपना कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। मंगलवार को नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में बताया कि पंचायती राज अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना के तहत गठित इस आयोग का कार्यकाल छह माह निर्धारित किया गया है।

आयोग का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व का समकालीन, अनुभवजन्य एवं विस्तृत अध्ययन कर सरकार को आवश्यक सिफारिशें प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि आयोग पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था के लिए आवश्यक आंकड़ों, तथ्यों एवं सर्वेक्षण के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा। इसके अंतर्गत सभी जिलों का भ्रमण कर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संवाद स्थापित कर आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी।

आयोग ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व तथा उनके अनुपातिक आरक्षण को लेकर विस्तृत अध्ययन करेगा। आयोग के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम औतार सिंह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार पिछड़े वर्गों का अध्ययन कर आयोग की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण प्रदान किया जाना आवश्यक है।

नगर निकाय चुनाव इसी व्यवस्था के तहत कराए गए थे और अब पंचायत चुनावों के लिए इस आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग राज्यभर का दौरा करेगा तथा संबंधित हितधारकों से संवाद स्थापित कर आवश्यक तथ्य जुटाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 में ओबीसी आरक्षण का प्रावधान लागू किया गया था, जिसे कृष्णमूर्ति फैसले में चुनौती दी गई थी। आयोग का गठन त्रिस्तरीय परीक्षण की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया है। आयोग के सदस्य एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश ब्रजेश कुमार ने कहा कि आयोग आपत्तियां और सुझाव भी स्वीकार करेगा।

आयोग जिलों और ब्लॉकों का दौरा कर खुले सत्र आयोजित करेगा, जहां आमजन से सीधे संवाद किया जाएगा। इन बैठकों में पिछड़े वर्गों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है, हालांकि अभी दौरों की तिथियां एवं स्थान तय नहीं किए गए हैं। प्रेस वार्ता में डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया (सेवानिवृत्त) आईएएस व एस.पी. सिंह, (सेवानिवृत) आईएएस, निदेशक पंचायती राज विभाग अमित कुमार सिंह आईएएस तथा संयुक्त निदेशक संजय कुमार बरनवाल उपस्थित रहें।

# आस्था व लोकसेवा के केंद्र बने डॉ. राजेश्वर सिंह



**लखनऊ।** सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल के पावन अवसर पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 10 बजे तक सरोजनी नगर समेत लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सुंदरकांड पाठ, विशाल भंडारा एवं जनसेवा के दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर श्रद्धालुओं के मध्य सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त किया। दिनभर चले इन भक्तिमय आयोजनों में आस्था, भक्ति और लोकसेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह टी पॉइंट, आशियाना चौराहा में सरिता सिंह, संजीव सिंह, मनीष शुक्ला और अशोक चौधरी की ओर से आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त संत कबीरराम चौराहा, आलमबाग में सिंध यूथ क्लब सोसाइटी की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में रामेश्वर सिंह के साथ सहभागिता कर उन्होंने सेवा भावना और सामाजिक एकात्मता के भाव का अनुभव किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण एवं आत्मीय संवाद का क्रम निरंतर चलता रहा।

प्रचंड गर्मी के बीच भी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर परिवार के बीच निरंतर जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता में सक्रिय रहे। इसी क्रम में उन्होंने अवध पब्लिक विद्यालय पहुँचकर प्रबंध निदेशक गोविन्द पांडे और प्रधानाचार्या रश्मी पटनायक से आत्मीय भेंट की तथा विद्यालय में प्रारंभ किए जा रहे विद्यालय विकास केंद्र के लिए चल रहे प्रयासों की सराहना की।

# प्रदेश भर में मनाया गया पायलट डे बेस्ट पायलट को मिला सम्मान

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी जिलों में संचालित 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं में कार्यरत एम्बुलेंस पायलट के सम्मान में मंगलवार को 'पायलट डे' धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा में कार्यरत पायलट्स (एंबुलेंस ड्राइवर) को उनके अथक सेवा और जीवन रक्षक भूमिका एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए पूरे प्रदेश में विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

सभी जिलों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक जिले के 108 व 102 एंबुलेंस सेवा के एक एक सर्वश्रेष्ठ पायलट को प्रमाण-पत्र, चेक और बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जोन स्तर पर भी प्रत्येक जोन से एक-एक उत्कृष्ट पायलट को प्रमाण पत्र, चेक और बैज देकर विशेष सम्मान दिया गया। उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कहा कि एंबुलेंस पायलट दिन-रात सड़कों पर दौड़ते हुए गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचा कर उनकी जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। एंबुलेंस पायलट (ड्राइवर) इमरजेंसी सेवाओं की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल इमरजेंसी में हर पल कीमती होता है।

इमरजेंसी के समय में समय से अस्पताल पहुंचना बहुत महत्पपूर्ण होता है। 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के ये पायलट ही असली हीरो हैं, जो हर इमरजेंसी में सबसे पहले मौके पर पहुँचते हैं और मरीजों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। इन पायलट की जितनी सराहना की जाय कम है। उन्होंने सभी पायलटों से अपील की कि वे भविष्य में भी इसी लगन और जज्बे के साथ सेवा देते रहें। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से सभी एम्बुलेंस पायलटों को उनके सेवा भाव, समर्पण और मानवता के प्रति उत्तरदायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इसके अलावा विभिन्न जिलों में डीएम, सीएमओ व सीएमएस व अन्य अधिकारियों ने इन पायलटों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

# सेंट जोसेफ के शिक्षकों ने मंथन में दिखाया हुनर

**लखनऊ।** सेंट जोसेफ समूह की सभी शाखाओं के शिक्षिकाओं शिक्षकों के लिए शिक्षक कला तथा शिक्षक ज्ञान मंथन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल द्वारा प्रदान किए गए अंकों के आधार पर राजाजीपुरम शाखा को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। चौथे बड़े मंगल के अवसर पर रुचि खंड शाखा में इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। स्व. ज्ञानचन्द्र अग्रवाल की स्मृति में आयोजित किये जाने वाले दो दिवसीय ज्ञान मंथन का आयोजन समूह की रूचिखण्ड शाखा में किया गया जिसमें सभी शाखाओं के शिक्षकों व शिक्षिकाओं के साथ उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 25 व 26 मई को आयोजित शिक्षक ज्ञान तथा कला मंथन में शिक्षकों के लिए विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताओं जैसे हिन्दी काव्य पाठ, अंग्रजी काव्य पाठ, जस्ट ए मिनट, पिक्चर कंपोजीशन, कार्ड मेकिंग, क्विज, स्पिन द वर्डस आदि के आयोजन के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में शिक्षकों के बीच रस्सा-कसी, शतरंज व कैरम जैसी प्रतियोगितायें कराई गयी। ज्ञान मंथन में इस वर्ष पहली बार शिक्षकों के लिए समूह व एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह व एकल गायन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिनमें सभी शिक्षकों ने अपनी साहित्यिक अभिरूचि के साथ अपना दमखम भी दिखाया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्यों के अतिरिक्त निर्देशक नम्रता अग्रवाल, संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल उपस्थित थे। सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बताया कि ज्ञान मंथन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को अपनी अभिरूचि के अनुसार किसी न किसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना अनिवार्य होता है। जिन प्रतियोगिताओं के लिए वे अपने विद्यार्थियों को तैयार करते हैं।

# ऊर्जा मंत्री से विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की उठायी मांग

**लखनऊ।** कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के नेतृत्व में रालोद के प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर पश्चिम उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 33/11 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की मांग प्रमुखता से रखी। इस अवसर पर सांसद चंदन चौहान, छपरौली विधायक अजय कुमार, रालोद प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल, पूर्व मंत्री योगराज सिंह एवं मंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री ने जनहित को ध्यान में रखते हुए विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि हेतु तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया। यह पहल पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसानों, व्यापारियों एवं ग्रामीण जनता को बेहतर विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# तैराकी में सीएमएस छात्रों ने 21 पदक जीते

**लखनऊ।** सीएमएस के राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने सीनियर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग चैम्पियनशिप में 8 गोल्ड मेडल, 10 सिल्वर मेडल एवं 3 ब्रांज मेडल समेत कुल 21 पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह चैम्पियनशिप लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

# टाइटन ने लॉन्च किया साईन ऑफ यू कैंपेन

**लखनऊ।** टाइटन कंपनी ने आईपीएल सीजन के दौरान इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) फीड के लिए पहला इंटीग्रेटेड मल्टी-ब्रांड कैंपेन साईन ऑफ यू लॉन्च किया है। यह पहल एक्सेसिबिलिटी और समावेशी स्टोरीटेलिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस कैंपेन में टाइटन के सात प्रमुख ब्रांड्स एक साथ जोड़ा गया है।

# विधि संकाय में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जून

**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का विधि संकाय प्रदेश के उभरते हुए प्रमुख विधि संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। वर्तमान में संकाय में एलएलएम, एलएलबी और बीए एलएलबी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक कोर्स में 60 सीटें निर्धारित हैं तथा ये सभी पाठ्यक्रम बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से मान्यता प्राप्त हैं। विवि प्रशासन के अनुसार, विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

# पीपीपी मॉडल से कौशल विकास कार्यक्रमों को बनाया जायेगा अधिक प्रभावी

- आईटीआई संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलेगा टाटा टेक्नोलॉजीज, डेलॉयट तैयार करेगा भविष्य की स्किल रणनीति

विशेष संवाददाता



**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में वैश्विक परामर्शदाता कंपनी डेलॉयट और तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजी ने प्रदेश के युवाओं के लिए तैयार किए जा रहे भावी रोडमैप और योजनाओं का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

बैठक में टाटा टेक्नोलॉजीज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के आधुनिकीकरण और उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के रूप में विकसित किए जाने की प्रगति साझा की। प्रेजेंटेशन में बताया गया कि आधुनिक मशीनों, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, ऑटोमेशन और इंडस्ट्री 4.0 आधारित तकनीकों के जरिए युवाओं को उद्योगों की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार प्राप्त कर सकें।

वहीं डेलॉयट के विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा की रणनीतिक भूमिका पर प्रस्तुतीकरण दिया। डेलॉयट ने भविष्य के रोजगार रुझानों (फ्यूचर जॉब ट्रेंड्स), उद्योगों की मांग और निवेश आधारित रोजगार सृजन मॉडल का विश्लेषण करते हुए सुझाव दिया कि स्किल डेवलपमेंट योजनाओं को सीधे औद्योगिक निवेश और नई तकनीकों से जोड़ा जाए, जिससे युवाओं को अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

बैठक के दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए वैश्विक संस्थाओं की विशेषज्ञता का पूरा लाभ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजीज और डेलॉयट जैसी संस्थाओं का सहयोग प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं और सुझावों को तेजी से धरातल पर लागू किया जाए, ताकि उत्तर प्रदेश का हर युवा आधुनिक कौशल से लैस होकर आत्मनिर्भर बन सके और राज्य की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभा सके।

# भाषा विवि में विधायकों ने दिये महत्वपूर्ण सुझाव



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित विश्वविद्यालय सभा की बैठक में विधायक योगेश वर्मा और विधायक अंगद कुमार सिंह की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, डीन एकेडमिक्स प्रो. सौबान सईद, प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला, डिप्टी रजिस्ट्रार मोहम्मद साहिल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार लक्ष्मीकांत मिश्रा, डॉ काज़िम रिजवी, डॉ राजकुमार और मोहसिन हैदर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विधायक अंगद कुमार सिंह ने छात्रों की छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि अभी सभी छात्रों को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है, जिसे सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपेक्षा की कि वह अपने स्तर से आवश्यक प्रयास कर स्थिति से अवगत कराए, ताकि शासन स्तर पर भी पहल करते हुए छात्रवृत्ति को 100 प्रतिशत सुनिश्चित कराया जा सके।

वहीं विधायक योगेश वर्मा ने विश्वविद्यालय में खेल मैदान (स्पोर्ट्स ग्राउंड) के अभाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय से इस दिशा में पहल करने को कहा तथा आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री से विश्वविद्यालय के निकट स्थित उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में वार्ता करेंगे, ताकि एक समुचित स्पोर्ट्स ग्राउंड विकसित किया जा सके।

इस अवसर पर दोनों ही विधायक जो कि विश्वविद्यालय कोर्ट (यूनिवर्सिटी सभा) के सदस्य हैं उन्होंने स्वयं इच्छा व्यक्त की कि वे विश्वविद्यालय में आकर छात्रों से सीधे संवाद करना चाहते हैं, उन्हें अपने अनुभवों के आधार पर मार्गदर्शन देना चाहते हैं तथा समय-समय पर कक्षाएं लेकर छात्रों के साथ जुड़ना चाहते हैं। साथ ही, उन्होंने छात्रों के भविष्य को लेकर विभिन्न योजनाओं एवं फ्यूचर प्लानिंग पर भी विस्तार से चर्चा करने की बात कही। विधायकगण ने यह भी कहा कि भविष्य में आयोजित होने वाली बैठकों में उन्हें आमंत्रित किया जाए, क्योंकि पूर्व में उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुलपति प्रो. अजय तनेजा के अथक प्रयासों से ही यह महत्वपूर्ण बैठक संभव हो सकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों में अब तक केवल औपचारिक रूप से पत्र भेजे जाते थे, लेकिन आगे से उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रित किया जाए, ताकि वे भी ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकें।

# 72 में से सिर्फ 14 अवैध कब्जे ही हटाये जा सके: नगर निगम

**लखनऊ। विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट परिसर के आसपास से अवैध कब्जे हटाए जाने के मामले में नगर निगम की ओर से बताया गया है कि स्वास्थ्य भवन के निकट चकबस्त चौराहे से कुल 72 अवैध कब्जों में से सिर्फ 14 ही हटाए जा सके। कहा गया कि अवैध कब्जों को हटाने के न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए प्रशासन और पुलिस के सहयोग की आवश्यकता है क्योंकि 17 मई को हुयी कार्रवाई के दौरान वकीलों के भारी विरोध के चलते ही सभी अवैध कब्जे नहीं हटाए जा सके।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने मामले पर आदेश पारित करते हुए, कहा कि मामले की अगली सुनवायी 8 जून को की जाएगी, तब तक सभी पक्षकार अपने-अपने हलफनामे दाखिल करें। यह आदेश खंडपीठ ने अनुराधा सिंह व अन्य टाइटिल से दर्ज जनहित याचिका पर पारित किया है। मामले में 25 मई को हुयी सुनवायी पर पारित आदेश मंगलवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुआ। उल्लेखनीय है कि 25 मई को सुनवायी के दौरान न्यायालय ने लाठियाँ बँटवाने व न्यायाइक कार्य ठप करने पर तीखी टिप्पणियाँ की थीं और कहा यथा कि विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। नगर निगम की ओर से न्यायालय को यह भी बताया गया है कि नगर आयुक्त ने जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर सहयोग के लिए अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि सिविल कोर्ट परिसर के आसपास से अवैध कब्जों को हटाने का न्यायालय ने आदेश दे रखा है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# मलबे से भरी बोरी युवक पर गिरी, मौत

## निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरने से हुआ हादसा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित नौबस्ता कला गांव में मंगलवार को एक निमार्णाधीन मकान की दूसरी मंजिल से मलबे से भरी बोरी एक राहगीर के ऊपर गिर गई। हादसे में राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में राहगीर को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मंगलवार को नौबस्ता कला गांव निवासी विशाल तिवारी अपने मकान की दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान मजदूर ने बिना सड़क पर देखें मलबे से भरी बोरी नीचे फेंक दिया। जो उधर से गुजर रहे देवरिया जिले के कुंडौली गांव निवासी 36 वर्षीय अनुप कुमार सिंह पुत्र रमेश सिंह के ऊपर गिर गई। मलबे से भरी बोरी गिरते ही अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में अनूप को राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक लापरवाही बरतने वाले मकान मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घरवाले अगर तहरीर देते हैं तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**नशे में धुत डाला चालक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक गंभीर घायल :** सरोजनीनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार और कथित रूप से नशे में धुत डाला चालक की लापरवाही से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के सिर, जबड़े और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र स्थित समदपुर जसमड़ा निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 10 मई 2026 को एपीडी सर्जिकल मार्केटिंग पंडित खेड़ा कंपनी से काम कर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान कान्हा उपवन के सामने करीब 12:30 बजे एक डाला चालक गलत दिशा से वाहन लेकर आया और उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

पीड़ित के अनुसार डाला अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराया। हादसे में उसको गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरोजनीनगर सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे लोकबंधु अस्पताल रेफर किया गया।

## फॉल्ट ठीक कर रहा संविदा कर्मचारी झुलसा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में फॉल्ट ठीक कर रहा संविदा कर्मचारी झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि मोहनलालगंज उपकेंद्र पर कार्यरत संविदा कर्मचारी महानंद थाना क्षेत्र के दौलतगंज में फ्यूज बांधते समय झुलस गया। अन्य कर्मचारियों ने उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया। उनका इलाज जारी है। अधिकारियों ने कहा कि महानंद एलटी फ्यूज बांधते समय नहीं फ्लैशिंग के कारण जला है। उसे करंट नहीं लगा है। कर्मचारी से व्यक्तिगत मिले हैं। कर्मचारी थोड़ी देर में अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाएगा। विभाग व खंड के तरफ से पूरा सहायता किया जायेगा।

## चाय पीने गये दो भाइयों पर हमला

**लखनऊ।** सरोजिनीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में चाय पीने गए दो भाइयों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार शांतिनगर निवासी अनुज सिंह अपने भाई के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित चाय की दुकान पर गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों ने तेज आवाज में बात करने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की गई और फिर करीब पांच से छह युवकों ने हाथापाई शुरू कर दी।

पीड़ित का कहना है कि आत्मरक्षा में उन्होंने भी विरोध किया, जिसके बाद आरोपियों ने ईंट और कुर्सी से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ईद-उल-अजहा पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा

- यूपी के डेढ़ दर्जन संवेदनशील जिलों में सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध
- डीजीपी मुख्यालय स्तर से कई जिलों में लगायी गयी अतिरिक्त फोर्स



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डेढ़ दर्जन संवेदनशील जिलों में सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध रहेंगे। डीजीपी मुख्यालय स्तर से इन जिलों को अतिरिक्त पीएसी भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच शरारती तत्वों के त्योहार के मौके पर गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए सभी जिलों में डीएम और पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है।

सीएम योगी ने रविवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अलीगढ़, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर और संभल समेत अन्य संवेदनशील जिलों के डीएम और एसपी से सुरक्षा प्रबंधों को लेकर विस्तृत निर्देश दिए थे। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, बरेली, प्रयागराज समेत अन्य शहरों में मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। बीते वर्षों की घटनाओं के आधार पर शरारती तत्वों की सूची उनकी निगरानी भी शुरू की गई है।

**डीजीपी ने सभी प्लेटफार्म पर नजर रखने के लिए दिए निर्देश:** यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित संदेशों पर खासकर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। डीजीपी मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेल के माध्यम से सभी जिलों के सोशल मीडिया सेल को भी अलर्ट किया गया है। कहीं किसी प्रकार का भ्रम फैलाने अथवा आपत्तिजनक संदेशों की निगरानी बढ़ाई गई है। सभी जिलों को किसी भी भ्रामक पोस्ट का तत्काल खंडन किए जाने और आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि निर्देशों का कड़ाई से पालन हो। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा में अचानक लगी आग

**लखनऊ।** सआदतगंज क्षेत्र में सोमवार देर रात हड़कंप मच गया, जब चलते हुए एक ई-रिक्शा में अचानक आग लग गई। आग लगते ही यात्रियों और चालक ने अपनी जान बचाने के लिए चलते हुए ई रिक्शा से कूद पड़े। कुछ ही मिनटों में आग ने ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। आग ने पास की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। यह देखकर आसपास के लोग बाल्टी में पानी लेकर दौड़े। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दरगाह हजरत अब्बास रोड ( रुस्तम नगर ) पर सोमवार देर रात चलते हुई ई-रिक्शा में आग लग गई। लपटें देख चालक और यात्री जान बचने के लिए ई-रिक्शा से कूद गए। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान आग ने पास की दुकान के बाहरी हिस्से में लगी बांस-बल्ली को अपनी चपेट में ले लिया। ई-रिक्शा में आग की लपटें निकलती देख राहगीर रूक गए। सड़क के दोनों ओर से आने-जाने वाले राहगीर दूर खड़े होकर ई-रिक्शा में लगी आग को देखते रहे।

## चाय पी रहे युवकों पर चढ़ायी कार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में चाय पी रहे युवक पर दबंगों द्वारा हमला कर जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने पहले गाली-गलौज की, फिर हॉकी और डंडों से मारपीट की तथा कार चढ़ाकर कुचलने का प्रयास किया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम चिल्लावां निवासी अर्जुन यादव अपने दोस्तों के साथ दो नंबर हीड के पास स्थित एक चाय की दुकान पर चाय पी रहा था। तभी कार संख्या वढ32फ्ल9645 से पहुंचे दो युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों युवक कार से उतर आए और हॉकी व डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान दूसरी कार ढइ03इढ6309 से चार-पांच लोग और मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर जमकर मारपीट की। आरोप है कि दबंगों ने दूसरी कार से अर्जुन यादव को कुचलने का भी प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग निकला। घटना के बाद पीड़ित सरोजनीनगर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## कंट्रक्शन कंपनी से 1 लाख 77 हजार हड़पे

**लखनऊ।** तालकटोरा इलाके में छह सौ बोरी सीमेंट का ऑर्डर लेकर जालसाज ने कंट्रक्शन कंपनी से 1 लाख 77 हजार रुपये हड़प लिए। गोमतीनगर बड़ी जुगौली निवासी देवेंद्र तिवारी राजाजीपुरम में स्थित कत्यान बिल्डर्स एंड कंट्रक्शन कंपनी में कर्मी हैं। कंपनी की ओर वह खरीद्दारी करते हैं। पीड़ित ने गूगल से मिले मोबाइल नंबर के जरिए हरियाणा पानीपत विराटनगर निवासी कृष्ण कुमार से संपर्क किया। कृष्ण कुमार ने खुद को अल्ट्राटेक कंपनी का प्रतिनिधि बताया। पीड़ित के मुताबिक आरोपित ने कंपनी के फर्जी लेटर हेड पर मोहर लगाकर सीमेंट का रेट और अपना पर्सनल बैंक अकाउंट नंबर भेजा। पीड़िता ने छह सौ बोरी सीमेंट के ऑर्डर के 1 लाख 77 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। सीमेंट की डिलीवरी न मिलने पर पीड़ित ने कॉल की। आरोपित का मोबाइल फोन स्वीच ऑफ बताने लगा। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में लिखित शिकायत की। उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार यादव ने जांच में आरोप की पुष्टि की।

## किसान को घर जबरन उठा ले गये युवक

**लखनऊ।** सैरपुर इलाके में जमीन कब्जेदारी को लेकर किसान के घर में घुसे युवक उसे जबरन गाड़ी में उठा ले गए। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी, शोर मचाने पर उसे रास्ते में फेंककर आरोपित भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर सैरपुर पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। सैरपुर के उमरभारी आईआईएम रोड निवासी राम सेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सोपहर करीब तीन बजे अपने घर पर थे। इसी दौरान अमरेन्द्र यादव उर्फ पप्पू बाबा अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और उन्हें जबरन सफेद फॉर्च्यूनर गाड़ी में घसीट लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित रास्ते में जमीन अपने नाम लिखने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। रैथा रोड स्थित धनीराम मार्केट के पास राम सेवक ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और गाड़ी रोकने की कोशिश की। खुद को घिरता देख आरोपित उन्हें गाड़ी से धक्का देकर फरार हो गए।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना सरोजनीनगर की मिशन शक्ति टीम ने वी मार्ट, गौरी बाजार क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की गई। अभियान के दौरान महिलाओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, यूपी-112, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन समेत विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई।

## फॉर्म हाउस से कीमती सामान चोरी

**लखनऊ।** बीकेटी में एक फॉर्म हाउस की बाउंड्री डिफेंस काटकर अंदर घुसे चोरों ने कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। गुडंबा के कल्याणपुर निवासी मनीष कुमार सिंह का बीकेटी के रमगड़ा कठवारा में फॉर्म हाउस है। सोमवार रात अज्ञात चोरों ने पहले फॉर्म हाउस की सुरक्षा घेरा काटा, फिर अंदर के दरवाजे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोर सोलर बैटरी, सोलर माइक्रो कंट्रोलर, इन्वर्टर, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर कटर, कॉपर वायर सेट, सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई कैमरा और वाई-फाई राउटर समेत अन्य कीमती सामान उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुए वाई-फाई राउटर में सिम लगा है।

**सूचना**

मैं वकील अहमद सिद्दीकी पुत्र शफीक अहमद सिद्दीकी नि.- 4A/19, विशाल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ। पहले मेरा नाम वकील अहमद सिद्दीकी ( WAKEEL AHMED SIDDIQUI ) था। जिसे बदलकर मैने अब WAKEEL AHMAD SIDDIQUI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

# ठेकेदार से एक लाख की रिश्वत लेते जेई व ड्राइवर गिरफ्तार

- एंटी करप्शन विभाग ने मेरठ में की कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एंटी करप्शन विभाग ने राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के जूनियर इंजीनियर और उनके प्राइवेट ड्राइवर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते मंगलवार दोपहर जागृति विहार स्थित कार्यालय गेट पर गिरफ्तार कर लिया। ठेकेदार और रालोद महासचिव ने बागपत स्थित राजा मिहिर भोज डिग्री कॉलेज, बेगमाबाद पावला के निर्माण कार्य से जुड़े भुगतान रिलीज कराने की एवज में एक लाख रुपये लिए गए थे। एंटी कर आरोपियों से रिश्वत में ली गई रकम भी बरामद की है।

चौधरी एसोसिएट फर्म के संचालक/ठेकेदार चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर गंगानगर के रहने वाले हैं और रालोद में महासचिव भी हैं। वर्ष 2020 में इनकी फर्म को बागपत स्थित राजा मिहिर भोज डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य का ठेका मिला था। पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 8.50 करोड़ रुपये बताई गई है। सत्येन्द्र सिंह तोमर के अनुसार उन्होंने वर्ष 2023 में अपने हिस्से का निर्माण का काम मानकों के अनुरूप पूरा कर दिया था, जिसके बाद विभाग में भुगतान की प्रक्रिया शुरू की गई। आरोप है कि काम पूरा होने के बावजूद विभाग द्वारा लगातार भुगतान की फाइल लटकाई गई और बजट समाप्त होने का हवाला दिया गया। इसके बाद कभी बिल प्रक्रिया लंबित बताई गई। सत्येन्द्र तोमर की फर्म के बिल की फाइल को जानबूझकर आगे नहीं बढ़ाया गया।

सत्येन्द्र सिंह का विभाग पर कुल 25 लाख रुपये का भुगतान लंबित था, जिसमें मूल भुगतान, सिक्योरिटी राशि, बिल और जीएसटी शामिल थी। आरोप है कि इसी भुगतान को जारी करने और बिल पास कराने के नाम पर उत्तरप्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के अवर अभियंता योगेंद्र कुमार ने पौने दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी। बातचीत के दौरान यह रकम घटाकर एक लाख रुपये कर दी। इस मामले में सतेंद्र सिंह ने करीब 10 दिन पहले एंटी करप्शन विभाग में शिकायत की थी। इसके बाद जाल बिछाया गया। रिश्वत देते ही कार्यालय गेट पर ही दबोच लिया गया।

## स्विमिंग पूल में युवक पर हमला

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित माली स्विमिंग पूल पर मोबाइल चोरी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विवाद के बाद करीब 40 लोगों ने लाठी-डंडों और हॉकी से हमला कर दिया, जिसमें कई युवक घायल हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मलिहाबाद क्षेत्र के रसूलपुर निवासी शिवम यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मई 2026 को वह अपने साथी अजय सिंह, संदीप रावत और अन्य दोस्तों के साथ माली स्विमिंग पूल गए थे। वहां राहुल नामक युवक ने बातचीत के लिए बुलाया था। नहाने के बाद जब सभी बाहर निकले तो अजय सिंह का मोबाइल फोन गायब मिला। आरोप है कि पूछताछ करने पर राहुल ने फोन पर धमकी दी और वहां से चले जाने को कहा। पीड़ित का आरोप है कि कुछ देर बाद रात करीब नौ बजे राहुल शर्मा, रोहित मौर्य समेत करीब 40 अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों व हॉकी से हमला कर दिया। मारपीट में शिवम यादव और अजय सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि संदीप रावत के कंधे पर चोट बताई गई है। आरोपियों ने उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बिजनौर थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# हिन्दूवादी संगठन ने विवादित ढांचे की पूजा की, उतारी आरती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र स्थित कसमंडी कलां में पुराने किले को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को हिंदूवादी नेता यहां पूजा की थाली लेकर पहुंचे तो स्थल के पास तैनात पुलिस बल के जवानों ने उन्हें रोक दिया, इस पर वे जमीन पर बैठ गए और किले की तरफ मुंह करके आरती उतारी। ये सभी अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी थे। इनका कहना है कि ये मस्जिद नहीं, हिंदू नेता कंसा पासी का किला है। यहां पर अवैध गतिविधियां करने वाले अब क्यों भाग गये।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुवेर्दी ने कहा- लोगों के विरोध के बाद मौलाना जमील अहमद उर्फ जॉनी क्यों भाग गया। वहीं, बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर यहां बकरीद की नमाज करने पर पाबंदी लगा दी है। जैसा कि सभी जानते हैं कि मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के कसमंडी कला गांव में एक किला जैसा पुराना ढांचा है। गांववालों के अनुसार, यहां करीब 4 साल पहले जमील अहमद उर्फ जॉनी नाम का मौलाना आया। उसने ढांचे के बगल में ही मस्जिद बना ली और मदरसा चलाने लगा।

संगठन के लोग किला वाले ढांचे को लोग ऐतिहासिक कंसा पासी का किला बता रहे हैं। कंसा पासी के नाम पर ही गांव का नाम कसमंडी पड़ा था। गांववालों के मुताबिक, मौलाना की गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो पासी समाज के लोगों ने उसका विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद मौलाना यहां से 21 मई को भाग गया।

अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुवेर्दी का कहना है कि यह शूरवीर, पराक्रमी महाराजा कंसा पासी का किला है। इसमें कुछ चरमपंथी मौलाना लोगों ने कब्र बनाकर नमाज पढ़ना शुरू कर दिया था। योगेश पासी ने चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते इस मामले का समाधान नहीं हुआ, तो उनका संगठन आगे भी आंदोलन करेगा।

## दो फरार अभियुक्तों पर इनाम घोषित

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज आपराधिक मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने दोनों आरोपियों इनाम घोषित किया है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार शिवम यादव पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम बरहीपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर व सन्नी यादव पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम जंगीपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर थाने में पंजिकृत अभियोग में वांछित हैं और लंबे समय से फरार चल रहे हैं।

इनपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी द्वारा 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि इन अभियुक्तों के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। वहीं पुलिस की टीमें दोनों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश भी दे रही हैं।

# पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आयकर विभाग के असिस्टेंट पर विवाहिता ने प्रताड़ना समेत गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पति के दूसरी महिला से संबंध है। दहेज के लिए उससे रचायी। संबंधों की जानकारी होने पर पीड़िता ने टोका तो चाकू से उसकी कलाई काट दी। यही नहीं ऊंची पहुंच की बात कहते हुए उसे, भाई व परिवार को जान से मारने और फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता ने मड़ियांव थाने में पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

फैजुल्लागंज निवासी अवंतिका सिंह ने बताया कि कुछ समय इंस्टाग्राम के माध्यम से आयकर विभाग में कार्यरत आदर्श तिवारी निवासी पतौरागंज सीतापुर रोड से मुलाकात हुई थी। करीब दो साल तक प्रेम संबंध रहने के बाद दोनों शादी के लिए राजी हुए। 5 दिसंबर 2025 को उनकी शादी हुई थी। शादी में आदर्श के बुआ व फूफा ने दहेज की मांग की थी। जिसे मायकेवालों ने पूरा किया था। पीड़िता ने बताया कि शादी के दूसरे दिन आदर्श मोबाइल पर दिनभर किसी से बात करते रहे। पूछने पर उनके बीच बहस हुई। पता चला कि आदर्श के वाराणसी की रहने वाली महिला से संबंध हैं।

पति के पास चार मोबाइल की जानकारी होने पर पीड़िता ने 4 दिसंबर को पूछा तो चाकू से उस पर हमला कर दिया। पति ने बाएं हाथ की कलाई काट दी। उसके बाद डॉक्टर के पास न ले जाकर घर पर ही उपचार किया। अगले दिन आदर्श ने ऑफिस के काम से दिल्ली जाने की बात कही। पति के टैबलेट से पता चला कि वह वाराणसी गया है। 17 दिसंबर को वापस लौटने पर पीड़िता ने पूछताछ की तो उसने पीटा। 18 दिसंबर को पीड़िता ने पति का मोबाइल चेक किया तो आदर्श और महिला की फोटो मिली। पूछने पर पति ने जान से मारने की धमकी देते हुए बंदूक तान दी। जानकारी मिलते ही मायकेवाले मड़ियांव थाने में आदर्श और उसके बुआ व फूफा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## अस्पताल में मैनेजर से मारपीट

**लखनऊ।** गोसाईगंज स्थित आर एस मेडिकल सेंटर में सोमवार को अस्पताल के मैनेजर के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। घटना को लेकर अस्पताल के मैनेजर मोहित वर्मा ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित मोहित वर्मा पुत्र ज्ञान प्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आर एस मेडिकल सेंटर में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। अस्पताल में पिछले तीन माह से विवेक स्मार्ट सिक्योरिटी नामक एजेंसी सुरक्षा का काम देख रही थी। दो दिन पहले काम में लापरवाही को लेकर एजेंसी के सुपरवाइजर सचिन कुमार से उनकी कुछ कहासुनी हुई थी। आरोप है कि सचिन कुमार रात मारपीट के इरादे से अस्पताल परिसर में आया और गाली-गलौज की। इसके बाद 25 मई की शाम लगभग 6 बजे सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक बी एस यादव व विशाल और सुपरवाइजर सचिन कुमार निवासी अर्जुनगंज थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ अस्पताल पहुंचे।

## आतंकियों के निशाने पर इन्फ्लुएंसर, धमकी

**लखनऊ।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर पाक समर्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी अब भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को धमकी दे रहा है। आईएसआई के निशाने पर खास तौर पर वह भारतीय इन्फ्लुएंसर हैं जो सोशल मीडिया पर गोरक्षा समेत हिंदुत्व का प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं और इन्हीं मुद्दों को लेकर पाकिस्तानी गैंगेस्टर व इन्फ्लूएंसर्स को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। आतंकवाद निरोधक दस्ता ( एटीएस ) ने पिछली 23 अप्रैल को नोएडा से तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान और समीर खान को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपी पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहजाद भट्टी के लिए स्लीपर सेल तैयार कर रहे थे। इन्हें लखनऊ, दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र व बिहार में कई संवेदनशील इमारतों पर हैंड ग्रेनेड से आतंकी हमले का प्रशिक्षण दिया गया था। एटीएस को इनके मोबाइल से कई रिकॉर्डिंग मिली हैं, जिनमें ग्रुप काल के जरिए भारतीय इन्फ्लूएंसरों को धमकी दी जा रही है। रिकॉर्डिंग में कई इन्फ्लूएंसर को हैंड ग्रेनेड और राकेट लॉचर के हमले से मारने की धमकी दी जा रही है। साथ ही यह धमकी दी जा रही है कि गर्दन काटकर शरीर में पीतल भर दूंगा। एटीएस के सूत्रों का कहना है कि दोनों गिरफ्तार आतंकियों के मोबाइल से मिली रिकॉर्डिंग के आधार पर सोशल मीडिया के उन इन्फ्लूएंसरों की भी जांच की जा रही है जिनके ज्यादा फालोअर्स हैं और जो धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

## पत्नी की हत्या मामले में हिरासत में पति

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में पत्नी की गला दबाकर हत्या मामले में आरोपित पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार को आशियाना क्षेत्रान्तर्गत बगिया, बंगला बाजार में हुई, जहां निशा शर्मा उर्फ ऊषा शर्मा ( 40 ) को पति सतीश शर्मा ने गला दबाकर मार दिया था। सूचना पाकर पुलिस उपायुक्त मध्य सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज आरोपी पति सतीश शर्मा को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ जारी है।

## बकरा मंडी में पर्ची को लेकर मारपीट

**लखनऊ।** दुबग्गा में बकरीद पर्व पर लगने बकरा मंडी में पर्ची को लेकर विवाद हुआ। बकरा मंडी में गए एक युवक ने आरोप लगाया कि मंडी आयोजक सदस्य पर्ची के तौर पर नेपाल की मुद्रा का उपयोग कर रहे है। विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। युवक ने आरोप लगाया कि मंडी कमेटी के सदस्यों ने असलहा तान कर धमकाया। दुबग्गा में जॉगर्स पार्क के सामने बकरीद पर्व पर बकरा मंडी लगती है, जिसमे वहां आने वाले बकरा खरीदारों को मंडी कमेटी के सदस्य की तरफ खरीद की पर्ची दी जाती है। छंदोईया गांव निवासी अब्दुल माबूद ने बताया कि सोमवार रात में मंडी गया था। अब्दुल माबूद ने आरोप लगाया कि मंडी में पर्ची के तौर पर नेपाल की मुद्रा का उपयोग किया जा रहा है। जिसका विरोध किया। अब्दुल का आरोप है कि विरोध करने पर मंडी कमेटी के सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की साथ ही धमकाने के लिए असलहा भी तान दिया। अब्दुल ने यह भी बताया कि मंडी कमेटी के सदस्यों ने कहा है कि पांच लाख रुपये में थाना खरीद लिया है। मामले को लेकर अब्दुल ने दुबग्गा कोतवाली पर शिकायत की।

## चार से 4.34 लाख ठगे

**लखनऊ।** राजधानी में साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। जालसाजों ने चार युवकों के खातों से 4.34 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने मोबाइल हैक किया तो कहीं कस्टमर केयरकर्मी बनकर ठगी की। साइबर ठगी के यह मामले मड़ियांव, रहीमाबाद, सुशांत गोल्फ सिटी और आशियाना के हैं। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। मड़ियांव के फैजुल्लागंज स्थित लोहरामऊ निवासी सुधीश कुमार सिंह का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। उन्होंने बताया कि 17 मई को साइबर जालसाज ने मोबाइल हैक कर खाते से 1.98 लाख रुपये पार कर दिए। वहीं, रहीमाबाद के ग्राम तिलन निवासी रामकेश सिंह एचडीएफसी बैंक माल शाखा में है। साइबर जालसाज ने मोबाइल हैक कर खाते से 99,911 रुपये निकाल लिए। बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने रहीमाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# केबिल ड्रम पहुंचने लगे स्टोर एसई ने दिया नोटिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 'एमडी मैम करोड़ो का केबिल ड्रम नही पहुंचा स्टोर दोषी कौन' यह खबर छपते ही बिजली अधिकारियों में खलबली मच गयी। आनन-फानन में केबिल ड्रम के बारे में स्टोर के अधिकारियों ने उपकेन्द्रों के अवर अभियंताओं को नोटिस भेजना शुरु कर दिया है। कुछ उपकेन्द्रों के जेई ड्रम खोजने में लगे है तो कुछ ड्रम स्टोर में भी भेज दिये है। ऐसे में जांच कमेटी बन सकती है।



एमडी मैम, करोड़ो का केबल ड्रम नही पहुंचा स्टोर, दोषी कौन

...रेश पति त्रिपाठी

लखनऊ। आपदा में अवसर ...लाशना कोई बिजली विभाग के कुछ अधिकारियों से सीखे। प्रतिवर्ष ...जनेश प्लान का करोड़ो रुपये ...बिल डालने में खर्च होता है। इसके ... 11 केवी तार और 33 तार को ...ही कंपनियो के माध्यम से खरीद ...र अन्डरग्राउंड डलवाया जाता है। ...ससे बिजली व्यवस्था अच्छी तरह ...चलती रहे। लेकिन ठेकेदार बिजली ...पकेन्द्र पर 33 तार रखकर केबिल ...लने का कार्य करते है। 33 केबिल ...म में 7 लाख से लेकर 13 लाख तक ...ा तार आता है। जिसमें 33 केवी का तार आता है उस ड्रम की किमत बाजार में 60 हजार के करीब कबाड़ी को बेचा जायेगा तो मिलेगा लेकिन विभाग उसको एक लाख से अधिक में खरीदता है।

नियमतह ड्रम को स्टोर में रखा जाना चाहिए लेकिन स्टोर के अधीक्षण अभियंता को माने तो अभी तक बीत पांच वर्षों में 50 ड्रम भी नही जमा हो सके है। ऐसे में कुछ ड्रम बिजली उपकेन्द्र से कबाड़ी तक उठा ले गये तो कुछ सूत्रो का कहना है कि उपकेन्द्र पर तैनात कुछ उपकेन्द्रो के जेई भी ड्रम को बेच दिये और जब दूसरे जगह स्थानान्तरण हो गया तो मामला ही खत्म हो गया।

बताते चले की करोड़ा का केबिल ड्रम विभिन्न बिजली उपकेन्द्रो से स्टोर में नही जा रहा है। सूत्रो की माने तो बिजली उपकेन्द्र से ठेकेदार और कुछ जेई मिलकर ड्रम का वारे-न्यारे कर दिये है। कुछ अवर अभियंता अपने को बचाने के लिए ठेकेदार को भी नोटिस भेज रहे है। जिससे वे बड़े अधिकारियों को लिखित मे कह सके कि हमने सूचना ठेकेदार को दिया लेकिन उसने समय पर ड्रम स्टोर में नही जमा किया। फिलहाल वर्तमान में 15 से अधिक ड्रम स्टोर में पहुंच चुके है।

मध्यांचल के 19 जिलो में ड्रम के आकड़ो पर नजर डाले तो इसकी संख्या हजारो में है। एक ठेकेदार ने बताया कि 33 केवी तार डालने के बाद केबिल ड्रम को उपकेन्द्र पर ही छोड़ दिया जाता है। जिसके बाद जेई की जिम्मेदारी होती है कि वह अन्य समाग्री के साथ ही इसे भी स्टोर में जमा कराना चाहिए। ऐसे में स्टोर के एसी ने निर्देश दिया है कि जल्द ही ड्रम के बारे में पुछताछ होगी जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कदम उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि केबिल ड्रम के लिए नोटिस भेजा गया है जबाब आने के बाद ही निर्देश जारी किया जायेगा।

## साले ने किया जीजा पर चापड़ से हमला

**लखनऊ।** गुडंबा इलाके में पारिवारिक विवाद के दौरान साले ने अपने जीजा पर चापड़ से हमला कर दिया। हमले में जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर गुडंबा पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

निशातगंज पांचवी गली निवासी मो राशिद सिद्दीकी के मुताबिक वह सोमवार देर रात अपनी पत्नी के कल्याणपुर शिवानी विहार स्थित घर गए थे। इसी दौरान उनका छह वर्षीय बेटा इब्राहिम अपनी नानी के साथ छत पर गया था। आरोप है कि कुछ देर बाद उनकी पत्नी का भाई इम्तियाज भी छत पर पहुंच गया और किसी बात को लेकर बच्चे की पिटाई करने लगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर राशिद ने विरोध किया तो इम्तियाज आग बबूला हो गया। पीड़ित का आरोप है कि इम्तियाज ने चापड़ से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। किसी तरह भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर गुडम्बा अंजनी मिश्रा का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



चौथे बड़े मंगल पर प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण



भजन कीर्तन करते श्रद्धालुगण



वृंदावन कालोनी में प्रसाद वितरित करते अमरेन्द्र सिंह

फोटो-अमित वर्मा

# बजरंगबली के दर्शन के लिए मंदिरों में लगी भक्तों की लंबी कतार

## ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब, शहर में जगह-जगह लगे भंडारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ के सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी लंबी कतार नजर आयी। हर कोई पवनसुत के दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। मंगलवार की भोर में मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन की आस लिए भक्तों की कतारें भोर चार बजे से ही लगनी शुरू हो गईं तो शहर के मुख्य बाजारों, गली-चौराहों पर दिनभर भंडारे का आयोजन चलता रहा। हर तरफ भंडारे का ही माहौल दिखायी दे रहा था।

अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में चौथे बड़े मंगल के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए थे। बड़ा मंगल की शुरूआत इसी हनुमान मंदिर से मानी जाती है। साथ ही पुराने हनुमान मंदिर, छांछी कुंआ हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, त्रिलोचन हनुमान मंदिर चारबाग, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज, पंचमुखी हनुमान मंदिर बीरबल साहनी मार्ग, कल्याण गिरि हनुमान मंदिर, छुआरे वाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, इंदिरानगर सी ब्लॉक हनुमान मंदिर, हाथी वाले बाबा हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में बड़ा मंगल पर विशेष व्यवस्था रही। बड़ा मंगल पर सड़कों और चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। भंडारों का आयोजन करने वाली संस्थाएं और लोग सोमवार सायंकाल से ही इसकी तैयारी करते नजर आए। भंडारों के स्थान पर छाया की व्यवस्था की गई थी फिर भी भीड़ और गर्मी के चलते लोग परेशान नजर आए। भंडारों में प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण किया गया। पूड़ी-सब्जी के साथ ही लौकी का कोफ्ता, छोला चावल, कढ़ी, बूंदी-बताशे, शरबत, दूध का वितरण किया गया।

**दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में गूंजे बजरंगबली के जयकारे:** हजरतगंज में बने दक्षिणेश्वर मुखी हनुमान मंदिर में रात से भक्तों के जयकारे गूंजने लगे। बिजली की रंगबिरंगी झालरों से जगमगा रहे मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी। भक्तों ने केसरीनंदन को प्रसाद चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लिया।

**सुबह ही खुल गये थे कपाट:** मंदिर के सुनील पाठक ने बताया भोर से ही मंदिर के कपाट हनुमानजी के दर्शन के लिए खोल दिए गए थे। मंदिर के बाहर हुए भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**मंदिरों में आस्था का सैलाब:** रोशनी से जगमगाते मंदिर व फूलों से सजे हनुमान दरबार में भक्ति रस खूब बयार बही। शहर के प्रमुख मंदिरों में अलीगंज, हनुमान सेतु, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पंचमुखीए छुआरे वाला हनुमान मंदिर, समेत शहर के सभी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। जय हनुमान के जयकारे शहर की फिजाओं में गूंजे। अलीगंज समेत कई प्रमुख मंदिरों में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग से कतारें लगी। मंदिरों में कई श्रद्धालु दंडवती मुद्रा में परिक्रमा करते हुए पहुंचे।

**11 प्रकार के फलों से हुआ हनुमान जी का श्रृंगार :** चतुर्थ बड़े मंगल के अवसर पर लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में आज 11 प्रकार के विभिन्न फलों से किया गया श्रृंगार भक्तों द्वारा केले, आम, लीची, सेब, अनानास, खरबूजा, तरबूज, अनार आदि से भव्य श्रृंगार किया गया। बाद में भक्तों के बीच फलों का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमे विशेष रूप से पनीर की सब्जी पुलाव एवं देसी घी का हलुवा भोग लगा कर वितरित किया गया।

**भंडारे में कहीं पूड़ी-सब्जी तो कहीं छांछ व शर्बत बंटी:** जेठ के चौथे बड़े मंगल पर राजधानी में बजरंगबली को समर्पित भंडारे हर तरफ दिखायी दिये। प्रसाद के रूप में कहीं पूड़ी-सब्जी तो कहीं छाछ व शरबत बांटा गया। इसके अलावां कई जगह पर आइस्क्रीम, गोलगप्पे, बूंदी, रायता जैसी चीजें भक्तों को प्रसाद के रूप में बांटा गया।

**खूब बांटा गया प्रसाद:** बड़े बड़े पंडालों में भक्ति गीत बजते हुए हनुमान जी के पहले बड़े मंगल पर प्रसाद बांटा गया। बड़े मंगल के दिन शहर भर में जगह जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। गलियों से लेकर चौराहों तक भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के ज्यादातर हिस्सों में भंडारे व प्याऊ लगाये गये। कई व्यंजनों को प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें पूड़ी सब्जी सबसे प्रमुख रही। राजधानी में लाखों लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया। हजरतगंज, गोमती नगर, अलीगंज, पुराना लखनऊ, चारबाग हुसैनगंज व शहर के प्रमुख इलाकों समेत हर जगह पर भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।

**सुंदर कांड पाठ के साथ हुआ भंडारा:** राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भंडारे की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस दिन लोग बजरंग बली के नाम पर सुंदर कांड पाठ के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। सरोजनी नगर क्षेत्र स्थित गौरी स्कूटर इंडिया चौराहा पर परमसुख कॉम्प्लेक्स के सामने हरीश टेंट हाउस के नेतृत्व में ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन समाजसेवी हरीश सहित बड़े भाई राजेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ अपने परिजनों के साथ मिलकर जय श्री राम और बजरंगबली की पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया। भंडारे में प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी, कोल्ड ड्रिंक बूंदी फल की व्यवस्था की गई, इस दौरान विशिष्ट अतिथियों में स्थानीय प्रतिनिधि पूर्व पार्षद सुरेश रावत, स्थानीय पत्रकार बंधु एवं स्थानीय पुलिस कर्मी भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़ कतारों में लगकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हरीश कुमार, गौरी व्यापार मंडल अध्यक्ष अंबुज शर्मा, विशाल श्रीवास्तव, सन्तोष उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार, बुधेंद्र शुक्ला, मदन लाल, अरुण सोनी, गोपाल, अमित जयसवाल, पटेल मेडिकल स्टोर संचालक, अंकित मिश्रा, सरनाम सिंह, गीता देवी पार्षद, राम नरेश रावत पार्षद, सोनू, आनंद, मुकेश सहित आसपास के पट्टीदार एवं दुकानदारों सहित हजारों की संख्या में प्रेम पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया और जय श्री राम और जय बजरंगबली का उदघोष करते हुए भंडारे का प्रसाद वितरण किया।



**राजेन्द्र सिंह बग्गा एवं चरनप्रीत सिंह बग्गा की ओर से विशाल भंडारा :** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर जमायरा बिल्डकॉन प्रा. लि. हजरतगंज, लखनऊ द्वारा स. चरनप्रीत सिंह बग्गा एवं सुखवीन कौर बग्गा के संयोजन में संकट मोचक पवन पुत्र बजरंगबली की पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। स. चरनप्रीत सिंह बग्गा एवं लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष व खालसा इंटर कॉलेज के प्रबंधक स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने संकट मोचन हनुमान जी के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर एवं दीप प्रज्जवलित कर विशाल भंडारे का शुभारम्भ किया। भंडारे में शामिल हुए श्रद्धालुओं द्वारा बजरंगबली के नाम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो रहा था। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को सब्जी-पूड़ी एवं बूँदी मिष्ठान के प्रसाद वितरण का शुभारम्भ स. राजेन्द्र सिंह बग्गा, स. चरनप्रीत सिंह बग्गा एवं उनके पुत्र जाहर बग्गा व जमायरा बग्गा ने किया। तत्पश्चात खालसा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य स. विरेंद्र सिंह की देखरेख में कॉलेज शिक्षक एवं कर्मचारी स्टॉफ ने प्रसाद वितरण किया। इस भीषण गर्मी में शीतल जल एवं शरबत के प्रसाद ने राहगीरों को काफी राहत पहुंचाई। प्रसाद वितरण दोपहर 12:30 से प्रारम्भ होकर सांय 4 बजे तक चलता रहा।

### हनुमान चालीसा पाठ संग भक्तों ने की पूजा-अर्चना



राजधानी के पुराने हनुमान मंदिर पर सुबह चार बजे से ही भक्तों की लंबी लंबी कतार लगनी शुरू हो गयी। हर कोई बजरंगबली के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करता दिखायी दिया। किसी के हांथ में फूलों की माला, प्रसाद तो किसी के हांथ में पवनसुत को चढ़ाने के लिए चोला नजर आ रहा था। हर कोई बजरंगबली के दर्शन कर अपनी सुख समृद्धि की कामना कर रहा था। हनुमान मंदिर सेवा समिति के सचिव दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार रात 12 बजे से ही भक्तों ने मंदिर आना शुरू कर दिया था। सुबह गुरुकुल आचार्यों और छात्रों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के साथ आराधना की शुरूआत हुई, जिसके बाद महाआरती हुई। इसमें भक्तों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर केसरी नंदन का कई कुंतल फूलों से श्रृंगार किया गया। एक भक्त ने मंदिर के लिए भव्य मखाने की माला का दान किया।



### गर्मी कम करने के लिए हनुमान जी से की प्रार्थना





**लखनऊ।** आज प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में आयोजित भंडारे में पूड़ी सब्जी हलुवा के साथ साथ ओ.आर.एस और लाहौरी जीरा का वितरण किया गया। आज चतुर्थ मंगल पर लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में हनुमान जी को खास के शरबत का भोग लगाकर गर्मी कम करने की प्रार्थना की गई। प्रातः 05 बजे मंगला आरती के बाद सुबह हनुमान जी का सिंदूर का चोला चढ़ाया गया भक्तों द्वारा हनुमान जी का भव्य श्रृंगार हुआ मंदिर के मुख्य सेवादास डॉ विवेक तांगड़ी जी द्वारा हनुमान जी की भव्य आरती उतारी गई। भंडारे में पूरी सब्जी के साथ-साथ भक्तों को ड.फर का पैकेट भी दिया गया। शाम को मंदिर पर श्री हनुमान कथा का आयोजन किया गया इसके उपरांत ठंडा लाहौरी जीरा का वितरण भक्तों बीच किया गया सेवा में मुख्य रूप से डॉ. पंकज सिंह भदोरिया, रिद्धि किशोर गौड़ आशीष अग्रवाल अखिलेश कुमार सुरेंद्र अजय मेहरोत्रा प्रहलाद अग्रवाल उपस्थित रहे।

**आनंद द्विवेदी ने विभिन्न भंडारों में पहुंचकर किया सेवा कार्य:** चौथे बड़े मंगल के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित भंडारों एवं धार्मिक आयोजनों में पहुंचकर भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर आनंद द्विवेदी ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व लखनऊ की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पर्व सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बड़े मंगल की शुभकामनाएं देते हुए समाज में भाईचारा, सद्भाव और मानव सेवा के संदेश को आगे बढ़ाने का अपील किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण एवं क्षेत्रीय कार्यकताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़े मंगल के अवसर पर सेवा कार्यों में सहयोग किया।

# एक अहंकारी व्यक्ति पर केंद्रित है हास्य नाटक 'द सेडक्शन'



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आकांक्षा थियेटर आर्टस लखनऊ द्वारा नाट्य महोत्सव के द्वितीय संध्या में श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति लखनऊ द्वारा 60 दिवसीय कार्यशाला के अन्तर्गत तैयार की गयी नाट्यकृति द सेडक्शन जिसके लेखक एन्टोन चेखव नाट्य रचना जिसका निर्देशन नगर के सुप्रसिद्ध रंग निर्देशक तुषार बाजपेई शुभम के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में मंचित किया गया।

नाटक के कथानक के अनुसार द सेडक्शन एंटोन चेखव का एक हास्यप्रद एकांकी नाटक / लघु कथा है, जो एक अहंकारी व्यक्ति पर केंद्रित है, जो अन्य पुरुषों की पत्नियों को बहकाने में माहिर होने का दावा करता है। कथानक अक्सर उसकी बहकाने की विधियों को उजागर करता है, जिसमें एक विवाहित महिला और उसके बेखबर पति के बीच की चुनौती पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कथानक यह कहानी एक आकर्षक कुंवारे व्यक्ति के शिक्षणात्मक तरीकों की पड़ताल करती है, जब वह एक महिला, लुभाने का प्रयास करता है, जो एक धनी, भोले-भाले व्यक्ति से विवाहित है। रूपांतरण इस कहानी को अक्सर थिएटर कंपनियां हंसी-मजाक या कमेडी में रूपांतरित करती हैं, जो अक्सर गलतफहमी और चंचल छल पर केंद्रित होती है। विषयवस्तु एक हास्य रचना के रूप में, यह चेखव के मानवीय संबंधों, अनजाने में होने वाली इच्छा और सामाजिक व्यंग्य पर केंद्रित दृष्टिकोण को उजागर करती है। इसे अक्सर अन्य लघु हास्य नाटकों या दृश्यों के साथ प्रस्तुत किया जाता है। नाटक में प्रधान भूमि पीटर सिम्योनिच की भूमिका में नाट्य निर्देशक तुषार बाजपेई शुभम तथा निकोलाईच की भूमिका में अहमद रजा खान तथा आइरिना की भूमिका में मिन्नी दीक्षित ने अपने दमदार अभिनय से रंग दर्शकों को लोट-पोट कर दिया। सेट डिजाइनिंग नदीम अंसारी एवं अजगर अली का ही था, जो कि नाटक के अनुरूप था। सेट निर्माण में अजगर बेग, सुब्रोतो बोस एंव फैजान बेग का था आकर्षक मंच व्यवस्था अनुपम बिसारिया का था 60 दिवसीय कार्यशाला का कुशल संचालन नगर के वरिष्ठतम रंग निर्देशक प्रभात कुमार बोस, उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी अवार्डी के कुशल संचालन में संचालित किया गया रूप सज्जा शहीर एवं अंशिका क्रियेशन द्वारा पात्रों का मुख सज्जा नाटक के अनुरूप किया था वस्त्र विन्याश सुनीता यादव का था प्रकाश परिकल्पना की कमान देवाशीष मिश्रा ने संभाली थी नाटक संगीत निर्देशन व संचालन श्रद्धा बोस का था जो कि अत्यधिक प्रभावी रहा सम्पूर्ण परिकल्पना एवं निर्देशन तुषार बाजपेई शुभम का था यह नाटक दर्शकों को हास्य के दृश्यों में हसाने के प्रयास को सफल कहा जा सकता है।

# बच्चे शास्त्रीय गायन, कथक व वाद्य यंत्रों का ले रहे प्रशिक्षण



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला कार्यशाला का आज विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ शुभारंभ हुआ। एक माह तक संचालित होने वाली यह विशेष कार्यशाला 26 मई से 25 जून तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में प्रतिभागी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं उनके बढ़ते उत्साह एवं कला के प्रति रुचि को दशार्ता है। विशेष रूप से इस वर्ष सर्वाधिक आवेदन कथक नृत्य में प्राप्त हुए हैं, जिससे इस पारंपरिक नृत्य शैली के प्रति युवाओं एवं प्रतिभागियों का विशेष आकर्षण परिलक्षित होता है। कार्यशाला में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को भारतीय शास्त्रीय कलाओं की विविध विधाओं को सीखने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत शास्त्रीय संगीत, वादन, नृत्य एवं ललित कला की विभिन्न विधाओं में सुनियोजित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में भारतीय शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत एवं लोकगीत के साथ-साथ तबला, पखावज, सितार, वायलिन, गिटार (वेस्टर्न), बांसुरी, हारमोनियम एवं की-बोर्ड जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण शामिल है। नृत्य विधाओं में कथक, भरतनाट्यम एवं लोकनृत्य तथा ललित कला के अंतर्गत पेंटिंग एवं क्ले मॉडलिंग (मिट्टी की कला) का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। विशेष रूप से ऑटिस्टिक एवं दिव्यांग बच्चों के लिए शास्त्रीय गायन की विशेष कक्षाओं का आयोजन इस कार्यशाला को समावेशी एवं प्रेरणादायक बनाता है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं आम जनमानस में भारतीय संगीत, नृत्य एवं ललित कलाओं के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को विकसित एवं निखारना है। कार्यशाला की कक्षाएँ प्रतिदिन (रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे तथा 10:00 बजे से 11:00 बजे तक दो बैचों में संचालित की जा रही हैं। प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के उच्च स्तरीय एवं अनुभवी शिक्षकों तथा प्रशिक्षकों द्वारा प्रारंभिक से उन्नत स्तर तक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को मंचीय प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० मांडवी सिंह ने बताया कि संगीत आदि कलाएं व्यक्ति को न केवल आनन्द प्रदान करती हैं अपितु इससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकार है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड, बलरामपुर**

**ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अल्पकालीन ई-निविदा**

**सूचना संख्या-02/अ0अ0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेसन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्सियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र. में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.05.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 12.06.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जिसकी प्री-क्वालिफिकेसन टेक्निकल बिड दिनांक 12.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड, बलरामपुर के कार्यालय में निर्धारित समिति द्वारा आनलाइन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाईनेन्सियल/प्राइस बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदादाताओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड एवं ई-पोर्टल पर आनलाइन सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने, अवकाश होने अथवा तकनीकी खराबी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने की दशा में विभाग/खण्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। निविदायें वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित आवंटन के सापेक्ष आमंत्रित की जा रही हैं। जिन पर धनावंटन के अनुसार ही अनुबंध की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | जमानत धनराशि (लाख रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरा चार्ज + 18% G.S.T. | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | चित्तौडगढ़ जलाशय के बांध पर निर्मित स्पिल वे संरचना के डाउन स्ट्रीम साइड में बाये फ्लैंक पर सुदृढ़ीकरण का कार्य। | बिल अवान्टिटी के अनुसार | 16.27 | 0.33 | 2 माह | 854.00 | 'सी' या उच्च |
| 2 | चित्तौडगढ़ जलाशय के बांध पर निर्मित स्पिल वे संरचना के डाउन स्ट्रीम साइड में दाहिने फ्लैंक पर सुदृढ़ीकरण का कार्य। | | 12.88 | 0.26 | 2 माह | 766.00 | 'सी' या उच्च |

1. इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्तें उ0प्र0 सरकार की बेवसाईट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की बेवसाईट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की बेवसाईट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं उससे सम्बंधित अन्य षर्ते वेवसाइट से डाउनलोड कर देखी व पढ़ी जा सकती है।

UPID-251777 Date: 26.05.26
Website : www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
चित्तौड़गढ़ बॉध निर्माण खण्ड, बलरामपुर।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो (पाहिलेपुर) गांव में सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। पेट में दर्द होने के बाद युवक की हालत बिगड़ गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो (पहिलेपुर) गांव निवासी 18 वर्षीय विपिन प्रजापति पुत्र छोटे लाल प्रजापति के पेट में सोमवार की रात दर्द हुआ। उसे लेकर लोग पास के निजी डॉक्टर के पास गए। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। वह तीन भाई एक बहन में बड़ा था। मौत की सूचना परिवार में मिलने पर कोहराम मच गया। माता प्यारी देवी ने घटना की पुलिस को अवगत कराया, मौत पर संदेह जताई। थानाध्यक्ष अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## चोरी आरोप में पांच गिरफ्तार

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असवनिया में 18 मई की रात चोरी हो गई थी। चोर दोनो विद्यालय का ताला तोड़ कर दो स्मार्ट टीवी, इनवर्टर, सोलर पैनल गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान उठा ले गए थे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी। बरदह थाना की पुलिस ने घटना में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ।

## किशोरी की पानी में डूबने से मौत

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के कनोखर गांव में मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने तालाब पर गई चार सहेलियों में से एक किशोरी की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि कनोखर गांव निवासी काजल (17) पुत्री रामायण प्रसाद अपनी सहेलियों संध्या, खुशबू और सुमन के साथ गांव के तालाब पर गंगा दशहरा के अवसर पर गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने गई थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव में वर्षों से गंगा दशहरा पर गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा को निभाने के लिए चारों सहेलियां तालाब पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शी बच्चियों ने बताया कि गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करते समय काजल अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। सहेलियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण तालाब की ओर दौड़ पड़े। काफी प्रयास के बाद काजल को पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में परिजन उसे बरौंधा स्थित अर्श हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल के महानिदेशक डा. महा नारायण भारती एवं चिकित्सकों की टीम ने परीक्षण के बाद किशोरी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर 112 पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि काजल और उसकी सहेलियां सामान्य दिनों में कभी तालाब में स्नान करने नहीं जाती थीं। गंगा दशहरा के पर्व पर धार्मिक परंपरा निभाने के लिए वे तालाब पर पहुंची थीं। लेकिन यह खुशी का पल देखते ही देखते मातम में बदल गया। किशोरी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के हुसेनपुर गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह घर में गैस सिलेंडर खत्म होने से नाराज थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उक्त गांव निवासी उदयराज गौड़ की पत्नी 25 वर्षीय विशाखा गौड़ गैस सिलेंडर खत्म होने के कारण परेशान थी। पति उदयराज के अनुसार, उन्होंने पत्नी से गैस न मिलने की बात कही थी और दो-चार दिन लकड़ी पर भोजन बनाने की सलाह दी थी इसी बात से नाराज होकर विशाखा अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को शक हुआ। उन्होंने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में परिजनों ने कमरे के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक से लटका उसका शव देखा। घटना की जानकारी मिलते ही मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात करीब 9 बजे अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतका को दो छोटे बच्चे हैं।

# किसान हित में नाम संशोधन प्रक्रिया होगी सरल: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। जनपद में किसानों को उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने हेतु किसान रजिस्ट्रेशन एवं आईडी की आवश्यकता पड़ रही है। कई मामलों में किसानों के नाम एवं पते राजस्व अभिलेखों की खसरा-खतौनी में अलग-अलग दर्ज होने अथवा नाम के साथ सिंह, कुमार, देवी, रानी, कुमारी आदि उपनामों में भिन्नता होने के कारण किसानों का नाम संशोधन के लिए तहसीलों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस संबंध में किसानों द्वारा अनावश्यक विलंब की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए डीएम चर्चित गौड़ ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान हित सर्वोपरि रखते हुए नाम संशोधन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो तथा राजस्व कर्मियों द्वारा उन्हें बार-बार तहसील के चक्कर न कटवाए जाएं।

श्री गौड़ ने निर्देश दिए कि नाम संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त होने से लेकर संशोधन पूर्ण होने तक की निश्चित समय सीमा तय की जाए तथा उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लेखपाल, कानूनगो एवं नायब तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने तथा शिकायत मिलने पर जिम्मेदारी तय करने। के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता ना बरती जाए।

## बालिकाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित



बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद के ईडीसी सभागार में बालिका सशक्तीकरण अभियान-2026 बैच की बालिकाओं के लिए एक प्रेरणादायी कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय रहे। इस अवसर पर संजय असाटी, परियोजना प्रमुख रिहंद तथा मानव संसाधन विभागाध्यक्ष राजेश ब्रोयापड़े भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार राय ने पुलिस सेवाओं में कैरियर के विभिन्न अवसरों, अनुशासन, ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने अपने लंबे सेवा अनुभव को साझा करते हुए बालिकाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और अनुशासन के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनने का संदेश दिया तथा पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन एवं महत्वपूर्ण संपर्क नंबरों की जानकारी भी साझा करते हुए सुरक्षा संबंधी अनेक व्यावहारिक सुझाव देते हुए आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों के बारे में अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने एवं सही समय पर सहायता प्राप्त करने के तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में छात्राओं के मानसिक विकास एवं तार्किक क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु बालिकाओं को रुबिक्स क्यूब भी वितरित किए गए। बालिकाओं ने कार्यक्रम में अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अतिथि वक्ता श्री राय से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। परियोजना प्रमुख ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक एवं प्रेरणादायी सत्र बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास तथा भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पेट्रोलियम की मूल्यवृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन




जौनपुर। बार-बार डीजल पेट्रोल के दामों में बेतहाशा हो रही वृद्धि, तेजी से बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी, बिजली दुर्व्यवस्था, पेपर लीक, अपराधों में तेजी से वृद्धि सहित अन्य जन समस्याओं को लेकर एस.यू.सी.आई (कम्युनिस्ट) पार्टी के कार्यकताओं ने बदलापुर तहसील मुख्यालय पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जुलूस की शुरूआत सब्जी मण्डी स्थित पार्टी कार्यालय से की गई, जो नगर का भ्रमण करते हुए इन्दिरा चैक होते हुए तहसील परिसर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जहां पर प्रधानमंत्री को सम्बोधित चार सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी बदलापुर को सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि, देश भर में महंगाई व बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। ऐसे में डीजल - पेट्रोल के दामों में लगातार बार-बार वृद्धि करना जनहित के खिलाफ है। साथ ही साथ रसोई गैस, सीएनजी, बिजली, मोबाइल रिचार्ज, दूध, दवा सहित दैनिक जरूरत की चीजों के दामों में भी बढ़ोतरी की गई है। सरकार आम जनता के साथ चुनावों में किए गए वादों के अनुरुप कोई ठोस कदम न उठाकर उल्टे पूंजीपतियों के स्वार्थ में नीतियां बना रही है। परिणाम स्वरुप जन समस्याएं सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ी हुई है और जन जीवन अस्त व्यस्त होता जा रहा है। कार्यक्रम को रविशंकर मौर्य अशोक कुमार खरवार , इन्दुकुमार शुक्ल, प्रमोद कुमार शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी व मिथिलेश कुमार मौर्य ने सम्बोधित किए। संचालन- दिलीप कुमार ने सम्बोधित किया।

## पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया

जौनपुर। पेट्रोलियम पदार्थो की कीमतें इस समय आसमान छू रही है सरकार आये दिन डीजल पेट्रोल की बढ़ाती जा रही है जिससे समाज के सभी वर्गो में रोष देखा जा रहा है। गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने डीजल की दरों से परेशान पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन के समय वक्ताओं ने कहा कि भारी भरकम ऑनलाइन चालान, इन्सुरेंस, अनावश्यक नियमों से परेशानी के साथ दिन प्रतिदिन सरकार द्वारा डीजल के दरों में वृद्धि करने पर व्यापारी से रेट निश्चित करने में अधिक समस्या हों रही हैं उसके समाधान के लिए डीजल के दरों में जों भी वृद्धि करना हों कर दें ताकि रोज रोज व्यापारी के दरवाजे पर रेट निर्धारित करने के लिए न खड़ा होना पड़े। विरोध प्रदर्शन में मीडिया प्रभारी जयभान सिंह, सदस्य प्रवेश पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, अभय वाजपेयी, अश्विनी तिवारी, जोगिंदर राय, पप्पू सिंह, हरिहर सिंह, जीतेन्द्र मौर्या,रमेश पाल एवं अन्य ट्रांसपोर्टर उपस्थित रहें।

## 50 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को एसटीएफ वाराणसी ने गिरफ्तार कर लिया। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी मो. लड्डन उर्फ सकलैन को जौनपुर जनपद के शाहगंज रेलवे स्टेशन के पास से दबोचा गया। गिरफ्तारी इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। आरोपी के कब्जे से मोबाइल कीपैड और 420 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार 29 मार्च 2026 को थाना पवई में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा गोकशी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था।

इस मामले में मो. लड्डन उर्फ सकलैन पुत्र मो. मुनाऊ उर्फ सोहराब निवासी अंबारी नई बस्ती थाना फूलपुर तथा आमिर पुत्र इस्तियाक निवासी कसाई टोला थाना सरायमीर को आरोपी बनाया गया था। जिला मजिस्ट्रेट से गैंगचार्ट अनुमोदित होने के बाद दोनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की गई थी। मामले में वांछित चल रहे मो. लड्डन उर्फ सकलैन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, आजमगढ़ परिक्षेत्र द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद से एसटीएफ और स्थानीय पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मंगलवार को एसटीएफ वाराणसी की टीम को सूचना मिली कि आरोपी शाहगंज क्षेत्र में आने वाला है। इसके बाद एसटीएफ टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की मदद से शाहगंज रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर समय करीब 1रू15 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र करीब 45 वर्ष बताई गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 से लेकर 2026 तक थाना पवई और फूलपुर में उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले पंजीकृत हुए हैं। इस कार्रवाई में एसटीएफ वाराणसी के उपनिरीक्षक अंगद सिंह यादव, उपनिरीक्षक विनय कुमार मौर्या, मुख्य आरक्षी रविशंकर यादव, रविशंकर सिंह तथा कमांडो धीरेन्द्र चैबे शामिल रहे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

## थाने में उत्पीड़न को लेकर डीएम से मिले डाक्टर

जौनपुर। थाना तेजीबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हैदरपुर निवासी डॉ. प्रभात विक्रम सिंह जो शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जमींदार सिंह के पौत्र एवं क्षेत्र के एक सम्मानित, नागरिक हैं, के साथ थाना तेजीबाजार में हुई कथित अभद्रता एवं उत्पीड़न की घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है।

25 मई को डॉ. प्रभात विक्रम सिंह अपनी पैतृक भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को रोकने एवं न्याय की मांग को लेकर थाना तेजीबाजार में प्रार्थना पत्र देने पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। कथित रूप से उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया, जूते एवं बेल्ट उतरवाए गए तथा उन्हें लगभग तीन घंटे तक लॉकअप में जमीन पर बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इसके बाद धारा 151 के अंतर्गत चालान कर उन्हें जौनपुर भेज दिया गया। घटना के विरोध में डॉ. प्रभात विक्रम सिंह के समर्थन में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल की भूमिका की जांच करते हुए उनके विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। डॉ गौरव मौर्या प्रेजिडेंट , डॉ रजनीश द्विवेदी डॉ0 संजीव पाण्डेय डॉ राहुल सिंह डॉ मोईन खान डॉ हर्ष डॉ दीपक विश्वकर्मा आदि दर्जनों डॉक्टर की उपस्थिति रही

## एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा मेगा पेप टॉक आयोजित

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में सोमवार को स्टेज 1 सर्विस बिल्डिंग में ओवरहॉलिंग के दौरान सुरक्षा मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल),ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण),एस के सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफ एम),एम सुरेश, महाप्रबंधक( मेंटेनेंस एवं एडीएम), आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) तथा अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरूआत संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलवाते हुए की, साथ ही उन्होंने सभी श्रमिकों को संबोधित करते हुए बताया कि जिंदगी के हर कदम में हमें सुरक्षा की आवश्यकता पड़ती है। हमें हमारी सुरक्षा के लिए घर से निकलते ही सभी सावधानियों पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के बीच में से कुछ श्रमिक बंधु को सभी के सामने अपने कार्य के प्रति रखी जाने वाली सावधानियों को बताने के लिए आमंत्रित किया, जिससे उनका मनोबल बढ़ सके। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार, ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि दुर्घटना होने के क्या कारण हो सकते है। हमें अपने कार्य को सम्मान देना चाहिए तभी हम उसे सुरक्षित रूप से पूरा कर पाएंगे। कार्य करने के दौरान हमें अपने आस पास के वातावरण का भी ध्यान रखना चाहिए जिससे हमारे कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। श्री सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफ एम) ने बताया कि हमें अपनी सुरक्षा का ध्यान खुद ही रखना होगा, हम अक्सर जल्दबाजी में कार्य करते है जिससे दुर्घटना हो सकती है। हमें कार्य के दौरान सभी प्रकार के सुरक्षा का उपकरण का उपयोग करना है। एम सुरेश, महाप्रबंधक( मेंटेनेंस एवं एडीएम) ने बताया की किसी भी प्रकार के अनसेफ काम को अपने पास न रख के उसे आगे बताया जाए जिससे कि उसे ठीक किया जा सके।

# दहेज लेन-देन समाज के लिए अभिशाप



जिला संवाददाता

जौनपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने बदलापुर विधायक रमेशचंद्र मिश्रा को शुक्ला मैरेजहॉल हरबसपुर में आयोजित सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संरक्षक पंडित श्रीपति उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्षता पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ ईशवंदना एवं भगवान परशुराम के माल्यार्पण से हुआ। ब्राह्मण सभा ने अपने प्रिय विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं विद्यायक रमेश चंद्र मिश्र ने अंगवस्त्रम् से सभी भूदेवों का सम्मान किया। प्रमुख वक्ता के रूप में सम्बंधित करते हुए डॉक्टर अरुण कुमार मिश्र ने क्रमवार उल्लेख करते हुए आध्यात्मिकता से जोड़ दिया और दहेज प्रथा को समाज त्यागे इसपर बल दिया। पंडित श्रीपति उपाध्याय ने विधायक को आशीष देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सतत जनसेवा में लगे रहने का उपदेश दिया। पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि विकास की धारा बहाकर रमेश चंद्र ने बदलापुर को बदल दिया।

डॉ पी पी दुबे,पंडित रामदयाल द्विवेदी, सुनील तिवारी, रामसहाय पांडे,डॉक्टर रामजी तिवारी,डॉक्टर अजय त्रिपाठी, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष पं रविन्द्र मिश्रा, साध्वी माला शुक्ला, प्रयास उपाध्याय , अनुज मिश्र,पंडित कृष्णानंद उपाध्याय, जयेंद्र शुक्ला, अवधनारायण तिवारी, डॉक्टर नीलम मिश्रा ने सहभागिता निभाई। ज्ञानप्रकाश मिश्र ने कुशल मंच संचालन किया।

## बकरीद को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। कुबार्नी का पर्व बकरीद (ईद-उल-जुहा) नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बकरीद गुरूवार को हैं और ऐसे में बाजार पूरी तरह त्योहारी रंग में रंग चुके हैं। सुबह सेवई की दुकानों पर खास चहल-पहल दिखाई दे रही है। खुली सेवई 80 से 140 रुपये प्रति किग्रा बिक रही है। सेवई का स्वाद बढ़ाने के लिए लोग सूखे मेवे की भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। एक कपड़ा व्यापारी ने बताया गर्मी के कारण ग्राहक रेडिमेड चिकन



से शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

शहर के प्रमुख बाजरों में लगी दुकानों पर सेवई, सूखे मेवे, कपड़े, कॉस्मेटिक व घरेलू सामानों की खरीदारी जोरों पर है। बकरीद पर ईद की तरह मुस्लिम परिवारों में स्वादिष्ट सेवई और कई पारंपरिक पकवान बनाए जाएंगे। इसी को लेकर बाजार में के कपड़े, कॉटन सूट अधिक पसंद कर रहे हैं। शूट 1200 से 3000 रुपये, कुर्ती 400 से 1000 रुपये, सरारा 2000 से 3500 रुपये व गरारा 1200 से 2000 रुपये तक दुकान पर उपलब्ध है। कॉस्मेटिक दुकानदार ने बताया कि महिलाएं फिरोजाबादी कंगन, रंगीन चूड़ियां, कश्मीरी झुमके की खरीदारी कर रही हैं।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म के सम्बन्ध में मड़िहान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा मय पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अंकित कोल पुत्र तौलन कोल निवासी हसरा थाना मड़िहान को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## गांजा के साथ गांजा तस्करों को पुलिस ने दबोचा

आजमगढ़। जनपद के बिलरियागंज थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 26 किलो 900 ग्राम नाजायज गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त एक ऑटो बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब छह लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 25 मई को थानाध्यक्ष बिलरियागंज अमित कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ऑटो से गांजा लेकर गुलवा गौरी नहर मार्ग की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छिछोरी नहर ट्यूबेल के पास घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध ऑटो दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर चालक वाहन मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान अमरजीत पाण्डेय निवासी गोपालगंज, बिहार तथा हरेन्द्र कुशवाहा निवासी कुशीनगर के रूप में बताई। क्षेत्राधिकारी सगड़ी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर अमरजीत पाण्डेय के पास से 16 किलो 515 ग्राम तथा हरेन्द्र कुशवाहा के पास से 10 किलो 385 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कुल बरामद गांजा 26 किलो 900 ग्राम पाया गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ऑटो को भी कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांजा छत्तीसगढ़ से लेकर बिक्री के लिए जा रहे थे। इस मामले में बिलरियागंज थाना पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8द्20 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी और बरामदगी की वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

आजमगढ़। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के नसीरपुर मोड़ के पास मंगलवार की सुबह में हुई मुठभेड़ में दाएं पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घेरा बंदी घायल बदमाश और उसके बालअपचारी साथी को पकड़ लिया। घायल बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस, लूटा गया बैग, नकदी बरामद हुए। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिलरियागंज थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार की सुबह में वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान सूचना मिली की एक बाइक सवार दो बदमाश नहर पटरी मार्ग से होते हुए नसीरपुर की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष ने उप निरीक्षक संतोष यादव, उप निरीक्षक रतन पटेल, उप निरीक्षक गिरीजेश यादव सहित अन्य पुलिस फोर्स के साथ नसीरपुर मोड़ के पास घेराबंदी की। कुछ देर बरद सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास की। पुलिस से घिरता देख बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायर शुरू कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दाएं पैर में गोली लगने से फुजैल अहमद निवासी अम्बेडकर नगर कसाई मोहल्ला कस्बा बिलरियागंज घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश और उसके बाल अपचारी साथी को पकड़ लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी बिलरियागंज में भर्ती कराया गया। उसके पास से तमंचा, कारतूस, 9800 रुपये नकदी, लूट की मोबाइल, लेडीज पर्स, लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। घटना की जानकारी देते हुए एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पकड़े गए बदमाश पर चार मुकदमें दर्ज हैं। 23 मई को महजवीन पत्नी शादाव अहमद निवासी जमीन रसूलपुर थाना रौनापार, बिलरियागंज मार्केट से ई रिक्शा से अपने घर जा रही थी। वधैला के पास पिछे से आए बाइक सवार दो व्यक्ति झपट्टा मार कर पर्स लेकर फरार हो गए थे। पर्स में रुपये और मोबाइल था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को तलाश कर रही थी। मुठभेड़ में घायल बदमाश ने घटना को अंजाम दिया था, पुलिस उसे तलाश रही थी।

## जंगल में लापता व्यक्ति का हाथ-पैर कटा मिला शव

मीरजापुर। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी व डांगरखेरी गांव के जंगल में एक किसान का डेढ़ माह पुराना कंकाल पेड़ से लटका मिला है। 65 वर्षीय मुन्ना लाल यादव का शव घर से तीन किलोमीटर दूर मंगलवार सुबह तुलसी डांगरखेरी गांव के जंगल में एक प्लास के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। शव का निचला हिस्सा गायब था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर लालगंज थाना प्रभारी के साथ फॉरेंसिक पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शव की जांच-पड़ताल की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि शव के निचले हिस्से को जानवरों ने खा लिया होगा। मुन्ना लाल यादव, जो तुलसी गांव के निवासी थे, 11 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे अपने घर से 200 मीटर दूर स्थित निजी गौशाला के लिए निकले थे। वह उस दिन वापस नहीं लौटे। पूरे दिन और रात घर न आने पर चिंतित परिजनों ने 12 अप्रैल की शाम लालगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सोमवार शाम को जंगल में लकड़ी लेने गई महिलाओं ने सबसे पहले पेड़ से लटकते शव को देखा था। रात में यह खबर तुलसी गांव तक पहुंची। मंगलवार को जब परिजनों और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शव का कमर से नीचे का हिस्सा गायब था। शव पूरी तरह से सड़-गल चुका था और केवल कंकाल ही बचा था, हालांकि शरीर पर कपड़े मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम दृश्य फांसी पर लटकाने से मौत हुई है और शव का निचला हिस्सा जानवर खाए हैं, फिलहाल मौत का पूरा कारण पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हो जाएगा।

## राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का किया औचक निरीक्षण

मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के नवागत सचिव आनन्द कुमार-11 ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किए। दौरान निरीक्षण सचिव ने सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो के बैरको, भोजनालय, भण्डारण, निरीक्षण किए। जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरो से व्यक्तिगत मुलाकात किए। प्रवासित किशोरों से मुकदमों में पैरवी से सम्बन्ति विवरणों एवं अधिवक्ता होने अथवा न होने तथा दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सन्तोषजनक नहीं पाया गया। अधीक्षक सम्प्रेक्षणगृह को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का पत्राचार करें और सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो को उपरोक्त दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से अविलम्ब अवगत कराये। उन्होंने किशोर सम्प्रेक्षगृह के पाकशाला का अवलोकन किए जिसमें प्रवासित 43 किशोरो के लिए दाल, बाटी, चोखा, सलाद, पापड़ तैयार किया गया था जिसकी गुणवत्ता परखने के लिए चखे और अधीक्षक को निर्देशित किए कि सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरों को सुबह का नास्ता और मेनू दिन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदत्त किया जाए इसमें कोतहाई न हो और भण्डारण में मेनू के अनुसार सामग्री प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थें। सचिव ने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि पाकशाला व समस्त बैरकों एवं शौचालयों का नियमित रूप से साफ-सफाई कराया जाये। निरीक्षण में डाटा आपरेटर रंजीत कुमार, सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक, पीएलवी इरफान अंसारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सेवई नाला के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई है। मंगलवार सुबह लगभग 8बजे सेवई नाले के पास सड़क पार करते समय दुर्घटना में घायल हो कर सड़क के किनारे काफी देर तक पड़ा हुआ था। आते जाते हुए लोगों देखा तो (108) पर सूचना देकर बुलाया और उसे सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। लाश रजिस्टर में इसका नाम मोती उम्र लगभग 55 वर्ष ग्राम धनशाली थाना गौराबादशाहपुर अंकित किया गया है। समाचार लिखे जाने तक परिवार का कोई भी व्यक्ति अस्पताल नहीं पहुंचा है। जिला अस्पताल के लाश घर में इसकी लाश रखी गई है। कुछ लोग पहचान करने पहुंचे लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

## किशोरी ने फांसी लगाकर दिया जान

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी बाजार में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। बताया गया है कि आजमगढ़ जनपद के थाना फूलपुर क्षेत्र के ग्राम सिकरावल गांव की रहने वाली 25 वर्षीया अंशु यादव किराए पर रहा करती थी। सोमवार की शाम काफी देर तक उसका दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने इसकी जानकारी इलाका पुलिस को दिया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि दुपट्टे के सहारे उसकी लाश कमरे में पंखे से लटकी हुई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

संक्षेप

## कुंभ मेला क्षेत्र में लहूलुहान मिला साधु, आगरा रेफर

**मथुरा।** वृन्दावन कोतवाली इलाके की देवराहा बाबा घाट चैकी क्षेत्र अंतर्गत कुंभ मेला क्षेत्र में एक साधु संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान हालत में मिला। मेला क्षेत्र में तैनात सुरक्षागार्ड सुमित की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। घायल साधु की पहचान गोपाल सिंह पुत्र हजारीलाल निवासी थाना सादाबाद जिला हाथरस के रूप में हुई है। वे अक्सर एक दो माह के लिए भजन करने वृंदावन आते थे और यहां सुदामा कुटी आश्रम में रहकर भजन करते थे। सुरक्षागार्ड के मुताबिक भोजन वितरण करने आए वाहन चालकों ने साधु के घायल होने की जानकारी दी थी। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। वहीं सीओ पीतम पाल सिंह के अनुसार साधु से बताया कि उन्होंने खुद ही अपने को चाकू से घायल किया है और यह सब भगवान की इच्छा है। हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## महिला चोर गिरोह ने उड़ायीं दो सोने की चेन, 6 हिरासत में

**मथुरा।** पुरुषोत्तम मास में वृंदावन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का फायदा उठाकर शातिर महिला चोर गिरोह ने दो महिलाओं को निशाना बनाया। केशीघाट क्षेत्र में महज कुछ ही मिनटों के अंतराल पर दो अलग-अलग महिलाओं के गले से सोने की चेन पार कर दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छह संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया है। पहली घटना हाथरस से परिक्रमा करने आईं श्रद्धालु शशि की करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की सोने की चेन चोरी हुई। वहीं, दूसरी वारदात में स्थानीय निवासी उर्मिला को संदिग्ध महिलाओं ने भीड़ में घेरकर निशाना बनाया। दोनों ही घटनाएं केशीघाट पर दर्शन-पूजन के दौरान हुईं। रंगजी चैकी प्रभारी देवेंद्र सिंह के मुताबिक पीड़ितों की शिकायत और शक के आधार पर छह संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शुरुआती तलाशी में फिलहाल चेन बरामद नहीं हुई है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## परिक्रमा मार्ग की बदहाली पर निगम के खिलाफ प्रदर्शन

**मथुरा।** वृन्दावन धर्मनगरी के पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग में मंगलवार नगर निगम की अव्यवस्थाओं के खिलाफ एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। समाजसेवी ताराचंद गोस्वामी ने परिक्रमा मार्ग में दंडवत कर प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। उनका आरोप है कि नगर निगम ने परिक्रमा मार्ग के बीचों-बीच बालू डलवा दी है। तेज धूप में यह बालू सूखकर उड़ती है और स्थानीय निवासियों के घरों में घुस रही है, जिससे भारी असुविधा हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने मार्ग पर बेरोकटोक दौड़ते ई रिक्शों और बाहरी वाहनों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम वाहनों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहा है, जिससे श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर परिक्रमा करने को मजबूर हैं।

# कुंवर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मीडिया के सामने आये पीड़ित

### नरहौली कांड: सवर्ण समाज ने की निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग



**मथुरा।** सदर तहसील के गांव नरहौली में हुए हालिया विवाद और मारपीट के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को हीरा रेजीडेंसी में आयोजित एक विशेष बैठक के बाद ब्रज मंडल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष कुंवर नरेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार के साथ एक प्रेस वार्ता (पत्रकार वार्ता) की। इस दौरान उन्होंने घटना को लेकर दूसरे पक्ष द्वारा फैलाए जा रहे दावों को खारिज करते हुए मामले का सच मीडिया के सामने रखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में करणी सेना के प्रदेश सचिव एडवोकेट कन्हैया सिंह राजावत, क्षत्रिय महासभा के जितेंद्र राणा, जिलाध्यक्ष केके ठाकुर, पार्षद तेजवीर सिंह समेत सवर्ण समाज के कई गणमान्य व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की।

पत्रकार वार्ता के दौरान ब्रज मंडल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष कुंवर नरेंद्र सिंह (राजा साहब) ने स्पष्ट किया कि गांव में बारात चढ़ने को लेकर कोई विवाद था ही नहीं, बल्कि इस बात की अफवाह फैलाकर माहौल को खराब करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सवर्ण समाज के महापुरुष वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के बोर्ड का अपमान किया गया था। इसका विरोध करने पर सवर्ण समाज के युवकों पर हमला किया गया। इसके बाद पीड़ित वृद्धा शांति देवी के घर में घुसकर नृशंस हमला और लूटपाट की गई। इतना ही नहीं, उपद्रवियों ने रवि हलवाई की दुकान पर भी हमला कर मारपीट की और गल्ले से नकदी लूट ली। ठाकुर समाज पर हो रहे अत्याचारों और मुकदमों के विरोध में सवर्ण समाज के पदाधिकारियों ने घोषणा की है कि वे 5 से 10 दिनों के भीतर मथुरा में एक सवर्ण महापंचायत का आयोजन करेंगे। कुंवर नरेंद्र सिंह ने कहा कि सवर्ण समाज ने हमेशा हर वर्ग की बहन-बेटियों का सम्मान किया है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को पूरे देश और सर्वसमाज का महापुरुष बताया। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक और सामाजिक संगठन इस मामले को जबरन जातीय रंग देकर माहौल बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और संवैधानिक तरीके से जांच की जाए और असली दोषियों को जल्द से जल्द जेल भेजा जाए। इस दौरान उन्होंने सभी पक्षों से क्षेत्र में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। प्रेस वार्ता के दौरान पीड़िता की पुत्रवधु राधा देवी, रवि हलवाई, एनएस राणा, कप्तान सिंह, प्रवीण ठाकुर, नेत्रपाल सिंह, हीरा ठाकुर, विजय राजपूत, टिंकल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने तहसीलवार व विकास खण्डवार फॉर्मर रजिस्ट्री प्रगति की समीक्षा की

**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2026-27 के लिए चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य की तहसीलवार एवं विकास खण्डवार प्रगति की कड़े शब्दों में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना सीधे तौर पर हमारे 'अन्नदाता' (किसानों) के हितों और सरकारी योजनाओं के लाभ से जुड़ी हुई है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार का विलंब अक्षम्य होगा। समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि तहसील जसराना 65.89% और तहसील सिरसागंज 65.97% की प्रगति जनपद के औसत 73.23% से काफी कम है। इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने संबंधित एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिया कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य में तेजी लाएं। डीएम ने पाया कि पूरे जनपद में लेखपाल स्तर पर 2,325 सत्यापन मामले अभी भी लंबित हैं जिसमें सबसे अधिक 1,082 मामले जसराना में हैं। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि अगले 3 दिनों के भीतर लेखपाल स्तर पर लंबित सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाए, जनपद में चिन्हित 9,963 मृतक कृषकों के सापेक्ष अब तक केवल 5,346 मृत्यु प्रमाण पत्र ही प्राप्त हो सके हैं। पीएम किसान पोर्टल पर इन्हें अपलोड करने की गति अत्यंत धीमी है। डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद एवं तहसील स्तर से तत्काल समन्वय स्थापित कर सभी शेष प्रमाण पत्र अपलोड किए जाएं। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों की सराहना भी की जिनमें तहसील स्तर पर: टूंडला 86.89% वशिकोहाबाद 86.65% ने बेहतर कार्य किया है।

विकास खण्ड (ब्लॉक) स्तर पर: हाथवंत 102.65% और नारखी 100.52% ब्लॉकों ने अपने लक्ष्यों को पार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो अन्य ब्लॉकों के लिए अनुकरणीय है। डीएम ने नोट किया कि तहसील फिरोजाबाद एवं जसराना द्वारा राजस्व ग्रामवार कृषकों की अपेक्षित संख्या और निर्धारित प्रारूप पर विभिन्न कारणों से फार्मर रजिस्ट्री न करा पाने वाले किसानों की सूची अब तक अपूर्ण है। उन्होंने दोनों तहसीलों को तत्काल यह वांछित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सिरसागंज के 6 राजस्व ग्राम जो चकबन्दी प्रक्रिया के अधीन हैं, वहां के 6,294 कृषकों के संदर्भ में भी विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

## सीएम के फैसले पर ग्राम प्रधानों ने जताया आभार



**टूंडला।** यूपी सरकार द्वारा प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने के फैसले के बाद प्रधानों ने विकास खंड कार्यालय प्रांगण में खुशी व्यक्त कर मिष्ठान वितरण किया। मंगलवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन, फिरोजाबाद के तत्वावधान में टूंडला ब्लॉक परिसर में एक कार्यक्रम हुआ। इसमें क्षेत्र के दर्जनों प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर प्रधानों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का यह निर्णय ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाएगा। इससे ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी आएगी। प्रधानों ने सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताया। उनका मानना है कि इससे ग्राम पंचायतों की प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और गांवों में विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानों ने मुख्यमंत्री के समर्थन में नारे लगाए और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सत्यदेव, योगेंद्र सिंह शानू यादव विकास उपाध्याय रघुवीर भाईजी बीरेश, अनिल शर्मा बनवारी लाल मुन्ना लाल, सहित कई प्रधान उपस्थित थे।

## खाद्य विभाग ने की शीतल पेय आइसक्रीम सड़े गले फलों पर विनष्टीकरण की कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देश पर पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शीतल पेय पदार्थों जैसे कोल्ड्रिंक फ्रूटजूस आदि पर निरीक्षण करते हुए नमूना कार्यवाही सम्पादित की है, जिसमें कुल 12 नमूने संकलित कर प्रयोगशाला को प्रेषित किये गये हैं, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तद् ?नुसार उनपर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डेय ने बताया कि ग्रीष्मकाल में ऐसे उत्पादों की बिक्री बढ जाती है, ऐसी स्थिति में कतिपय कारोबारियों द्वारा मुनाफे के उद्देश्य से मिलावटी कार्य किये जाते हैं, जिन पर विभाग द्वारा कडी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही आमजनमानस से अपील है कि वह खान पान की चीजों को क्रय करते समय सावधानियां बरतें। साथ ही विभाग द्वारा इन दिनों फलों पर भी प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है, चैकिंग के दौरान सडे गले फलों की बिक्री पाये जाने पर मौके पर ही फलों को नष्ट कराया जा रहा है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टायर फटने से स्कॉर्पियो पलटी, चालक व परिचालक घायल

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। थाना मटसेना क्षेत्र के गांव शेरपुर स्थित 40 नंबर पुलिया के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी का अगला टायर अचानक फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि स्कॉर्पियो गाड़ी लखनऊ से मथुरा की ओर जा रही थी। गाड़ी में कमलेश पुत्र रामनरेश निवासी जय गुरुदेव आश्रम के पास, मथुरा तथा विकास सवार थे। दोनों लोग मथुरा में जय गुरुदेव आश्रम में सेवा कार हैं ये दोनों लोग लखनऊ से मथुरा को लौट रहे थे। हादसे में चालक और कंडक्टर घायल हो गए। सूचना मिलने पर यूपीडा और पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर कई बार घूमी और बीच सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि पीछे से आ रहे वाहन समय रहते रुक गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## 41 किलो गांजे व चोरी की गाड़ियों के साथ 4 शातिर तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों व वाहन चोरों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर अलवर-बाजना रेलवे पुल के पास कच्ची सड़क से विष्णु दत्त निवासी हाईवे मथुरा, अजीत, हिमांशु, नीरज निवासीगण जौनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में 41 किलो 763 ग्राम अवैध गांजा, दो लाख बीस हजार रूपए तथा मारुति सुजुकी विक्टोरियस और 01 चोरी की टाटा हैरियर कार बरामद की है। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ थाना कोतवाली में मुअसं 397/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट (धारा 8/20/29/60) व बीएनएस (धारा 317(2)/317(5)/345(3)) के तहत केस पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कामयाबी को अंजाम देने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा, उप-निरीक्षक संजीव कुमार, उप-निरीक्षक मुश्ताक मेहदी, हेड कांस्टेबल महेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल धर्मेंद्र, रिक्रूट कांस्टेबल केवेन्द्र और रिक्रूट कांस्टेबल मुकुल सागर शामिल रहे।

### मुठभेड़ में दो वाहन चोर घायल, 3 चोरी की बाइक व तमंचे बरामद

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस, रिवॉर्ड टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो अंतर्राज्यीय वाहन चोर पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल होकर गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन चोरी की स्प्लेंडर बाइक, दो अवैध तमंचे, जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 25 मई की रात करीब 9:07 बजे मुखबिर की सूचना पर चेतक अकेडमी के पास जंगल में घेराबंदी की गई। पुलिस ने संदिग्धों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में साकिर के बाएं पैर और साबिर के दाएं पैर में गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साकिर पुत्र रहमल और साबिर पुत्र इब्बर निवासी रुंध थाना खोह जिला डींग राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ मथुरा के विभिन्न थानों में वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# 24वें दिन भी किसानों का धरना जारी



- किसानों को पैमाईश की रिपोर्ट प्रेषित न करने को लेकर आक्रोश

**शिकोहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानु के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओमवीर सिंह के नेतृत्व में किसानों का धरना प्रदर्शन मंगलवार को 24वें दिन भी जारी रहा। किसानों का आरोप है कि एसडीएम को एनएचएआई द्वारा पेमा इसकी रिपोर्ट सौंप दी गई है लेकिन अभी तक किसानों को रिपोर्ट क्या बना कर दी है जानकारी नहीं दी गई है जिसको लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानो ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। किसानों का आरोप है कि एनएचएआई द्वारा उनकी जमीन का अधिग्रहण बिना उचित प्रक्रिया और पर्याप्त जानकारी दिए कर लिया गया, जबकि कई किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। किसान लगातार जमीन की पैमाइश और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रहे हैं।

किसानों के बढ़ते आंदोलन को देखते हुए राजस्व विभाग की टीम ने दो दिन तक मौके पर पहुंचकर जमीनों की पैमाइश की, लेकिन एनएचएआई द्वारा पैमाइश की रिपोर्ट एसडीएम को प्रेषित कर दी गई है लेकिन अभी तक राजस्व विभाग ने पैमाइश की रिपोर्ट किसानों को प्रेषित नहीं की हैं। राजस्व विभाग द्वारा रिपोर्ट प्रकाशित करने में हो रही देरी से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को धरना पर बैठे किसानों ने कहा कि किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा मिलना चाहिए और प्रशासन को पारदर्शिता के साथ कार्य करना चाहिए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में अधिग्रहित जमीनों को लेकर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम डा गजेंद्र पाल सिंह ने बताया एनएचएआई द्वारा पैमाइश की रिपोर्ट राजस्व विभाग की टीम को सौंपी है, रिपोर्ट की राजस्व विभाग जांच कर रहा है जांच पूरी होने के बाद पूरी रिपोर्ट किसानों को प्रेषित की जाएगी जिसके बाद किसानों की समस्या का समाधान होगा। धरना देने वालों में अनूप कुमार किसान नेता भाकियू फिरोजाबाद, ओमवीर सिंह एडवोकेट, पप्पू यादव, मुल्तान सिंह, राकेश कुमार, राकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, शंकर लाल, देवकांत, सनी, बबलू यादव सहित सैकड़ों लोग धरने पर बैठे रहे।

## त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**टूंडला।** आगामी त्योहारों व ईद के त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी टूंडला के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान पुलिस ने आमजन से आपसी भाईचारा बनाए रखने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च में थाना पुलिस, चौकी प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने कहा कि ईद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# दोना-पत्तल की फैक्टरी में आग का तांडव दर्जनों वाहन राख, सेना ने पाया लपटों पर काबू



**मथुरा।** महोली रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में आज एक दोना पत्तल बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते उसने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों ने फैक्टरी परिसर में खड़े एक दर्जन से अधिक वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जो पूरी तरह से जलकर खाक हो गए।

इंडस्ट्रियल एरिया में दिनेश खंडेलवाल की फैक्ट्री जिसमें दोना पत्तल बनाने का काम किया जाता है। फैक्ट्री दो मंजिल बनी हुई है। मंगलवार की दोपहर बाद अचानक भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए। भीषण आग से फैक्ट्री में रखीं दो दर्जन से अधिक बाइकें जलकर राख हो गईं। दोना पत्तल की फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। फिलहाल टीम ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के बाद सबसे पहले मजदूरों को बाहर निकलवा दिया गया और फायर ब्रिगेड विभाग की गाड़ी और आर्मी की गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर आर्मी के दो दर्जन से अधिक जवानों की मदद से आग पर काबू पाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मंगलवार को इंडस्ट्रीज एरिया में दोना पत्तल बनाने की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारी और फायर ब्रिगेड विभाग और आर्मी की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

## तीन करोड़ रुपये लेकर जा रही कैश वैन ट्रक में घुसी, दो गनमैन की मौत

**आगरा।** खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर तीन करोड़ रुपये लेकर जा रही कैश वैन खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें दो गनमैन की मौके पर मौत हो गई। हादसे में चालक सहित तीन कर्मचारी घायल हुए हैं, जबकि वैन में रखा पूरा कैश सुरक्षित बताया गया है। खंदौली थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा हो गया। आगरा से अलीगढ़ जा रही रेडियंट कैश मैनेजमेंट की कैश वैन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में दो गनमैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीन कर्मचारी घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक रेडियंट कैश मैनेजमेंट की वैन सोमवार को दिन में करीब साढ़े 11 बजे एक्सिस बैंक का करीब तीन करोड़ रुपये लेकर आगरा से अलीगढ़ मुख्य शाखा जा रही थी। वैन में चालक रघुराज सिंह के अलावा गनमैन भानु प्रताप निवासी उदेहान, थाना सहपऊ जिला हाथरस, गनमैन बाबू सिंह निवासी खेरिया जलाली जिला अलीगढ़ और कस्टोडियन मनोज कुमार और निरंजन सिंह सवार थे। यमुना एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 157 पर पहुंचते ही कैश वैन अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गनमैन भानु प्रताप और बाबू सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीनों अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मृतकों के शव पोस्टमार्टम गृह भेज दिए गए। पुलिस ने कैश वैन को कब्जे में लेकर उसमें रखी नकदी को सुरक्षित कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया की वैन में रखा पूरा कैश सुरक्षित है।

## भाजपा 5 से 21 जून तक चालयेगी महाअभियान

**टूंडला।** भाजपा की एक बैठक एटा रोड टूंडला पर हुई। जिसमें केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी 5 जून से 21 जून तक 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण महाअभियान चलाएगी। जिला कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में अभियान की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 5 जून को पोधरोपण, 8 से 14 जून तक जनसंपर्क अभियान, 14 से 16 जून तक जनकल्याणकारी मेलों तथा 17 से 20 जून तक विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वहीं 21 जून को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में शिव शंकर शर्मा आकाश शर्मा, प्रमोद बाबू पवन चक अंकित शर्मा गिरवान निषाद दीपक ठेनुआ देवांशु उपाध्याय व नरेंद्र त्यागी आदि मौजूद रहे।

## ध्वस्तीकरण पर अटॉर्नी जनरल के दावे को याचिकाकर्ता ने बताया झूठ, एससी ने दिया आखिरी मौका

**आगरा।** राजा मंडी स्थित लाभचंद्र मार्केट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिवादियों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने का एक और मौका दिया है। याचिकाकर्ता ने ध्वस्तीकरण पूरा होने के दावे को गलत बताया है, जबकि मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी। राजा मंडी बाजार स्थित लाभचन्द्र मार्केट प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने अमरजोत सिंह सूरी बनाम अरविंद मल्लप्पा बंगारी मामले में प्रतिवादियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का एक और अवसर दिया है। भारत के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि ध्वस्तीकरण आदेश का पूरी तरह से पालन हो चुका है, जबकि याचिकाकर्ता ने इस दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत और झूठा बताया है। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ के समक्ष 22 मई को अवमानना याचिका सुनवाई की गई। सोमवार को आदेश अपलोड हो गया। देश के अटॉर्नी जनरल ने न्यायालय को बताया कि लाभचंद्र मार्केट में ध्वस्तीकरण से संबंधित आदेश का पूरी तरह से अनुपालन किया जा चुका है और अब कुछ भी ध्वस्त किया जाना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मामले को देख रहे हैं और कानून के अनुसार इसे सुलझाने का पूरा प्रयास करेंगे। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील ने एजी के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत और झूठ है। याची के वकील ने तर्क दिया कि अदालत के आदेश के अनुसार वास्तव में कोई ध्वस्तीकरण नहीं हुआ है। न्यायालय ने स्थिति को देखते हुए अवमाननाकताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए एक और मौका दिया है कि आदेश का पूर्ण अनुपालन किया जाए या विस्तृत हलफनामा दायर कर अपना पक्ष रखे। अदालत ने याचिकाकताओं को भी हलफनामे के माध्यम से प्रासंगिक दस्तावेज दाखिल करने की छूट दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि ढांचे के कब्जे में बने रहने के लिए किसी समझौते के तहत किराया देने का कोई दायित्व याचिकाकर्ता पर है, तो न्याय के संतुलन के लिए उसे अगली सुनवाई से पहले चुकाया जाना चाहिए।

# नाविकों ने यमुना में डूब रहे 6 श्रद्धालुओं की बचायी जान

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली वृंदावन क्षेत्र के प्रसिद्ध केशीघाट पर मंगलवार को यमुना स्नान के दौरान बड़ा हादसा टल गया। राजस्थान के जोधपुर से आए दो श्रद्धालु स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। श्रद्धालुओं को डूबता देख वहां मौजूद नाविक तुरंत हरकत में आए और सूझबूझ का परिचय देते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। नाविकों की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

बताया गया कि नगर निगम द्वारा सुरक्षा के लिहाज से घाट पर बैरिकेडिंग कराई गई है, लेकिन निगरानी के अभाव में श्रद्धालु निर्धारित सीमा से आगे बढ़कर स्नान करने लगते हैं। इसी दौरान राजस्थान निवासी केशव और जगदीश गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद नाविकों ने तत्काल यमुना में उतरकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने नाविकों की बहादुरी और तत्परता की सराहना की।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नाविक मदद के लिए नहीं पहुंचते तो बड़ा हादसा हो सकता था। नाविक बलबीर निषाद ने बताया कि यह पहली



घटना नहीं है। इससे पहले भी यमुना में डूब रहे चार अन्य श्रद्धालुओं को नाविकों ने नाव के सहारे गहरे पानी से सुरक्षित बाहर निकाला था। इस तरह नाविकों की सतर्कता और बहादुरी से आज छह लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

## कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में उतरीं हिमांगी सखी

**मथुरा।** जगद्गुरु शंकराचार्य वैष्णव किन्नर अखाड़ा की प्रमुख हिमांगी सखी ने सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी कॉकरोच जनता पार्टी को अपना खुला समर्थन दिया है। धार्मिक नगरी वृंदावन पहुंचीं हिमांगी सखी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह इस नवगठित डिजिटल मंच को पूरी तरह सकारात्मक दृष्टिकोण से देखती हैं। उन्होंने दावा किया कि कॉकरोच जनता पार्टी की आवाज असल में भारतवर्ष के युवाओं की आवाज है। हिमांगी सखी ने देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सहित शासन-प्रशासन से इस आंदोलन को गंभीरता से समझने की अपील की है। उन्होंने प्रतीकात्मक लहजे में कहा कि कॉकरोच यह संकेत देता है कि व्यवस्था में कहां गंदगी है और कहां सुधार या सफाई की आवश्यकता है। सरकार को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि इस आवाज को दबाने की कोशिशें नाकाम होंगी, क्योंकि कॉकरोच को जितना साफ करने का प्रयास किया जाएगा, वे संख्या में उतने ही दोगुना, चैगुना गुना ज्यादा पैदा होंगे।

## पेट्रोल पंप पर फटा फायर सिलेंडर, चार कर्मचारी घायल, मची अफरा-तफरी

**शिकोहाबाद।** नगर के माधवगंज स्थित सपा नेता के पेट्रोल पंप पर मंगलवार को अचानक फायर सिलेंडर फटने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पेट्रोल पंप पर कार्यरत चार कर्मचारी घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। थाना क्षेत्र के माधवगंज स्थित सपा नेता बिजेन्द्र सिंह यादव ठेकेदार का पेट्रोल पंप पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत लगाए गए फायर सिलेंडर में मंगलवार सुबह अचानक तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। विस्फोट होते ही वहां मौजूद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। हादसे में दिनेश यादव सहित तीन कर्मचारी केबिन में लगे कांच टूटने के कर्मचारियों के चेहरों पर लगने से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बाहर निकाला। घटना के बाद कुछ देर के लिए पेट्रोल पंप पर कामकाज रोक दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में सिलेंडर में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जेब में छेद कर रहा लगातार महंगा होता तेल



नौशाबा परवीन

निर्मला सीतारमण ने सीधी के 37वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक खाद के दामों में अकल्पनीय वृद्धि हो गई है। सीतारमण ने यह तो नहीं बताया कि खाद के दामों में कितनी वृद्धि हुई है, लेकिन उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वर्तमान स्थिति में वह 3एफ- फ्यूल (ईंधन), फर्टिलाइजर (खाद) व फोरेक्स की बचत पर फोकस करें।

आमिर खान प्रोडक्शंस ने 23 मई 2026 को अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर निरंतर बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त की साथ ही अपनी 2010 की चर्चित फिल्म 'पीपली लाइव', जिसमें महंगाई, ग्रामीण बेचैनी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ड्रामा व राजनीति पर जबरदस्त व्यंग्य था, से 'सखी, सईयां तो खूब ही कमात हैं, महंगाई डायन खाये जात है' गाने का क्लिप भी शेयर किया। कुछ ही देर में इस पोस्ट के हजारों रि-पोस्ट हो गये, विशेषकर इस पंक्ति की वजह से 'हर महीना उछले पेट्रोल डीजल'। क्लिप के वायरल होते ही उसे अस्पष्ट कारणों से हटा दिया गया। लेकिन सोशल मीडिया पर इस गीत को बहुत अधिक शेयर किया जा रहा है, क्योंकि 15 मई 2026 के बाद अगले 11 दिनों के भीतर चार बार पेट्रोल व डीजल के दाम बढाये गये हैं और वह लगभग 8-8 रुपए प्रति लीटर महंगे हो चुके हैं। चूंकि तेल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ता है, इसलिए हर चीज महंगी हो जाती है। इसके अतिरिक्त चिंता यह भी है कि खाद के न सिर्फ दाम बढ़ रहे हैं बल्कि खाद की किल्लत भी है, जिससे किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 25 मई 2026 को सीधी के 37वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक खाद के दामों में अकल्पनीय वृद्धि हो गई है। सीतारमण ने यह तो नहीं बताया कि खाद के दामों में कितनी वृद्धि हुई है, लेकिन उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वर्तमान स्थिति में वह 3एफ- फ्यूल (ईंधन), फर्टिलाइजर (खाद) व फोरेक्स की बचत पर फोकस करें। उनके अनुसार, पश्चिम एशिया का संकट केवल कूटनीतिक या भू-राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि इसका दूरगामी परिणाम आम आदमी व छोटे व्यापारों पर भी पड़ रहा है, जिससे यह भारत सहित सभी देशों के लिए चुनौती बन गया है। गौरतलब है कि बेंचमार्क यूरिया के दामों में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि के बाद यह 720-725 डॉलर प्रति मीट्रिक टन हो गया है। यही नहीं स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से खाद की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। इस वजह



से किसान बहुत मुसीबत में हैं। बहरहाल, 25 मई 2026 की सुबह जब लोगों की आंखें खुलीं तो उन्हें यह जानकर धक्का लगा कि सवेरे 6 बजे ही पेट्रोल के दाम में 2.60 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम में 2.71 रुपये का इजाफा कर दिया गया है। यह पिछले 11 दिनों के दौरान चौथी वृद्धि है, जिससे दोनों पेट्रोल व डीजल के दामों में कुल मिलाकर लगभग 8-8 रुपये महंगे हो गये हैं। ध्यान रहे कि स्थानीय लेवी के कारण हर राज्य में पेट्रोल व डीजल की कीमत समान नहीं होती है। दिल्ली में अब पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गया है और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.81 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

सामयिक

कोलकाता में पेट्रोल 113.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल 99.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चेन्नै में पेट्रोल 107.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 99.55 रुपये प्रति लीटर हो गया है। तेल के दाम अब मई 2022 के बाद इस समय सबसे अधिक हैं, जबकि 2 वर्ष से अधिक तक वह लगभग स्थिर रहे थे, सिवाय मार्च 2024 के जब राष्ट्रीय चुनाव से पहले उनमें 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत में तेल के दाम उस समय बढ़ाये गये जब ईरान युद्ध की संभावित समाप्ति को देखते हुए तेल के वैश्विक दामों में जबरदस्त गिरावट आयी कि ब्रेंट क्रूड, जो वैश्विक तेल दामों का बुनियादी बेंचमार्क है, में 5 प्रतिशत की गिरावट आयी।

यहां यह बताना भी आवश्यक है कि भारत में तेल पर दोनों केंद्र व राज्यों की लेवी बहुत अधिक है। अगर इसे कम कर दिया जाये तो न सिर्फ.तेल के दामों को कम रखा जा सकता है बल्कि अन्य वस्तुओं पर बढ़ती महंगाई को भी नियंत्रित रखा जा सकता है, जिससे जाहिर है आम आदमी को राहत मिलेगी। लेकिन सरकारें अपनी व कम्पनियों की कमाई को कम करने की बजाय आमजन की जेब पर ही बोझ डालना चाहती हैं, उनसे ही बचत व बलिदान की उम्मीद रखी जाती है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की पेट्रोल पर प्रति लीटर लेवी 19.90 रुपए है और राज्य सरकारों का स्थानीय सेस के साथ अलग-अलग वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) है। इन करों को जब जोड़ दिया जाता है तो वह पंप पर जिस भाव फुटकर तेल मिलता है उसका लगभग 50-55 प्रतिशत हिस्सा बैठता है। आसान शब्दों में इसका अर्थ है कि अगर आपके शहर में 100 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल पंप पर मिल रहा है तो उसमें से 50-55 रुपए केंद्र व राज्य सरकार की जेब में जाते हैं। अगर सरकारें देश हित में अपनी कमाई को आधा कर दें तो पेट्रोल आसानी से 70-75 रुपए प्रति लीटर मिल सकता है। लेकिन इस तथ्य पर इलेक्ट्रॉनिक चैनल का कोई एंकर कभी चर्चा नहीं करेगा। वह तो पब्लिक को यह समझाने का प्रयास करेगा कि युद्ध की वजह से संकट है या महंगाई की तुलना पाकिस्तान से करने लगेगा। जंग से निश्चितरूप से परेशानी तो होती है, लेकिन हंगामी हालात का प्रबंधन आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोच कर भी तो किया जा सकता है, मसलन, सरकारें अपना कर कम कर दें व तेल कम्पनियां अपने मुनाफे को कम करें। जब कच्चा तेल 45-50 डॉलर प्रति बैरल हो गया था, तब भी सरकारों व तेल कम्पनियों ने अपने मुनाफे को कम नहीं किया था और तरह तरह के बहाने बनाकर महंगा तेल ही बेचा जा रहा था। उस समय अन्य देशों ने अपने यहां तेल के दाम घटाये थे, लेकिन हमारे इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के एंकर उस बात का भी जिक्र नहीं करते हैं। वह महंगाई को 'डायन' की बजाय 'देवी' के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। अमिताभ बच्चन, जूही चावला, अक्षय कुमार आदि सेलेब्रिटी 2014 से पहले महंगाई व डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए पर खूब ट्वीट किया करते थे, लेकिन अब उन्हें भी सांप सूंघ गया है।

महंगाई का असर यह हुआ है कि जिन घरों की औसत आय 8-10 हजार रुपए मासिक है, उन्होंने सुबह नाश्ते में पूरी-कचैड़ी या परांठे की जगह सूखी रोटी खानी शुरू कर दी है, क्योंकि जो सरसों का तेल कुछ माह पहले तक 190 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था, अब वह 225 रुपए प्रति लीटर हो गया है, दिन में चाय तीन बार की जगह सिर्फ एक बार बनने लगी है, क्योंकि कुकिंग गैस सिलैंडर 850 रुपए की जगह 910 रुपए का हो गया है, स्कूटर को कपड़ा ढककर एक तरफ खड़ा कर दिया है, क्योंकि पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक का मिलने लगा है और बच्चे सेब, केले आदि फलों के लिए बस तरसते रहते हैं। क्योंकि बचत सारी खत्म हो गई है और आमदनी में वृद्धि होने की बजाय कमी हुई है या वह कुछ वर्षों से स्थिर है। दरअसल, बढ़ते दामों का दबाव उस समय आया है, जब अर्थव्यवस्था अति धीमी मंदी से गुजर रही है और घरों को वेतन में कटौती, रोजगार खोने और डॉलर के मुकाबले में रुपया शतक लगाने के करीब पहुंच गया है।

# अदालत के चुभते सवाल

बात उन लोगों को बहुत चुभेगी जो लाभार्थी हैं, लेकिन है सौ फीसद सच। सुप्रीम कोर्ट ने अमीरों के आरक्षण पर सवाल उठाकर दरअसल आरक्षण के वास्तविक उद्देश्यों की तरफ देश का ध्यान खींचा है। सर्वोच्च अदालत की एक न्यायिक पीठ ने ओबीसी के उन बच्चों को लगातार आरक्षण देने पर सवाल उठाया है, जिनके परिवार शैक्षिक और आर्थिक रूप से उन्नत, समृद्ध हो चुके हैं। जिनके माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं अथवा सरकार में उच्च पदों पर हैं या उनकी संयुक्त आय मलाईदार तबके (क्रीमी लेयर) की अधिकृत, अधिकतम सीमा से अधिक है। अर्थात जिन माता-पिता की साझा सालाना आय 8 लाख रुपये से अधिक है, उनके बच्चों को आरक्षण क्यों दिया जाना चाहिए? न्यायिक पीठ ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी की है-शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। यदि आरक्षण हमेशा जारी रहा, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे। दरअसल आरक्षण आज अपने सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक मायने खो चुका है और इसे अब पूरी तरह से राजनीतिक हथियार बना दिया गया है। संविधान तय करने वाले हमारे पुरखों ने अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए 10 साल के आरक्षण की व्यवस्था की थी, लेकिन



वीपी सिंह के प्रधानमंत्री काल के दौरान आरक्षण के दायरे में ओबीसी को भी लाया गया। फिलहाल देश में 60 से 80 फीसद तक आरक्षण की व्यवस्था केन्द्रीय सेवाओं एवं विभिन्न राज्यों में है। कुछ राज्यों ने आरक्षण की अधिकतम सीमा पार करने और मुसलमानों को भी आरक्षण देने का जुगाड़ कर लिया है। वे सर्वोच्च अदालत के फैसले का भी उल्लंघन कर रहे हैं। संविधान लागू हुए भी 76 साल से अधिक वक्त बीत चुका है। आज शीर्ष अदालत को फिर सवाल उठाना पड़ा है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने जो सवाल उठाया है, उसे देश की राजनीतिक व्यवस्था नजरअंदाज कर देगी, क्योंकि वह आरक्षण की समीक्षा तक के पक्ष में नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव याद कीजिए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और विपक्ष के कुछ दलों ने संविधान की एक प्रतीकात्मक पुस्तिका लहराते हुए फर्जी नैरेटिव फैला दिया था कि भाजपा सरकार संविधान को बदलने जा रही है, लिहाजा उसने 400 सीट का लक्ष्य तय किया है। यदि संविधान बदलेगा, तो भाजपा आरक्षण भी समाप्त कर सकती है, क्योंकि संघ परिवार मानसिक और वैचारिक तौर पर आरक्षण-विरोधी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को विश्वास दिलाने के खूब प्रयास किए कि न तो संविधान बदलेगा और न ही आरक्षण समाप्त होगा। आरक्षण आज भी जारी है। लेकिन नतीजा यह हुआ कि चुनाव में भाजपा को सामान्य बहुमत भी नहीं मिला और वह 240 सीट पर ही ठहर गई। जब आरक्षण पर झूठ फैलाकर चुनावी लाभ लिया जा सकता है, तो फिर सही मायने में इसकी समीक्षा करने की हिम्मत कौन कर सकता है? विपक्ष के झूठ और दुष्प्रचार के कारण उप्र में भाजपा लक्ष्य से 50 फीसदी से भी कम सीटें जीत पायी। ऐसा ही नेरेटिव फिर शुरू किया जा सकता है। इसलिए भाजपा को अति सतर्क रहना होगा। आरक्षणवादी विपक्ष सर्वोच्च अदालत के सवाल की भी राजनीतिक, चुनावी व्याख्या कर सकता है। आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक विषमताओं, विसंगतियों से लड़ने और एक सामाजिक, शैक्षिक समानता का न्याय देने के विचार से की गई थी। एक औसत आईएएस, आईपीएस अधिकारी को करियर की शुरूआत में ही इन हैंड सैलरी लाख रुपये मिलती है। नौकरी के अनुभव और वरिष्ठता क्रम में यह वेतन 2-3 लाख रुपये या इससे भी अधिक माहवार हो जाता है। सरकारी आवास और वाहन की सुविधाएं अलग हैं। ऐसे अधिकारियों का सत्ता के गलियारों में भौकाल अलग किस्म का होता है। इनके करोड़ों और कुछ के तो अरबों की संपत्तियां होती हैं। ऐसे लोगों के बच्चों को आरक्षण देना, दरअसल संविधान की भावना का पूरी तरह से मजाक बनाना है।

## विचार

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

-महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

-शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

-श्रीराम शर्मा आचार्य.

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

-योगवशिष्ठ.

## सोशल मीडिया

हर साल छात्र ही क्यों भुगतें? गलती सिस्टम की होती है और इसकी कीमत छात्रों का भविष्य चुका रहा है। व्यवस्था वही, लापरवाही वही, लेकिन जवाबदेही शून्य है। प्रियंका चतुर्वेदी.



एक भयंकर आर्थिक तूफान आने वाला है। मोदी जी ने अंबानी और अडानी के लिए जो ढांचा खड़ा किया था, वो ढहने वाला है। दुख की बात है कि नुकसान जनता को होगा। राहुल गांधी.



पंजाब के कोने कोने में हमारी सरकार के कामों की चर्चा हो रही है। 4 साल के बाद भी सरकार के प्रति एंटी इनकंबेंसी नहीं, बल्कि राज्य में प्रो-इनकंबेंसी है। अरविन्द केजरीवाल.



# जीवन में चुनौतियां

हमें अपने जीवन में चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले उसे स्वीकार करना सीखना होगा। जो समस्या है, जो चिंता या परेशानी है, उसे गंभीरता से स्वीकार करना होगा। अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें।

अंतर्दृष्टि

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है। आप भी, जल्द से जल्द इसके लिए नामांकन कर सकते हैं!

# सियासत में वायदों की फसल...

व्यंग्यलोक

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।



रामविलास जॉगिड़

वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है। वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंझ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# देश के एक चौथाई लोग मोटापे से पीड़ित हैं



स्वास्थ्य

मोटापा कैसे मापा जाये, इसके पुनः ग्लोबल अंशांकन आहवान के बाद भारत ने अपने 15-वर्ष पुराने मोटापे के इलाज व डायग्नोसिस से संबंधित दिशानिर्देशों को बदल दिया है। 'द लांसेट डायबिटीज एंड एन्डोक्रिनोलोजी' में प्रकाशित नवीनतम शोधपत्र में कहा गया है कि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के अतिरिक्त बॉडी फैट भी सम्पूर्ण स्वास्थ्य व रोग पैटर्न्स का मुख्य सूचक है। इस रिपोर्ट के बाद भारत में विशेषज्ञों के एक समूह ने भारत के लिए दिशा-निर्देशों को अपडेट करके जारी किया है। इस समूह में डॉक्टर, न्यूट्रिशनिस्ट आदि शामिल हैं, जिनका संबंध नेशनल डायबिटीज ओबेसिटी एंड कोलेस्ट्रॉल फाउंडेशन, फोर्टिस सी-डोक हॉस्पिटल और आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) से है। सवाल है इसमें नया क्या है? परिवर्तित श्रेणी व्यवस्था में मोटापे के दो स्तर बताये गये हैं- अहानिकर मोटापा, जिसमें बॉडी फैट तो बढ़ा होता है लेकिन अंग या पाचन क्रिया प्रभावित नहीं होती है, दूसरा स्तर वह है जो हानिकारक है, जो भौतिक क्रियाओं को प्रभावित करता है व मोटापा संबंधी बीमारियां मौजूद रहती हैं। यह फ्रेमवर्क पेट के फैट वितरण पर विशेष बल देता है, जिसका खास कुप्रभाव एशियाई भारतीय जनसंख्या पर पड़ता है।

शोधपत्र के सह-लेखक अनूप मिश्रा का कहना है, 'मील का पत्थर 2009 में आया था, जब भारत ने विशेषकर एशियाई भारतीयों के लिए मोटापे की संशोधित परिभाषाएं जारी की थीं। इस संशोधन ने स्वीकार किया कि पश्चिमी जनसंख्या की तुलना में एशियाई भारतीयों का बॉडी फैट प्रतिशत अधिक होता है और उन्हें कम बीएमआई स्तर पर भी डायबिटीज हो जाती है।' नये दिशा-निर्देशों में बीएमआई क्राइटेरिया को कम किया गया। अब ओवरवेट (अधिक वजन) के लिए बीएमआई मानदंड 23-24.9 किग्रा/एम2 या उससे अधिक और मोटापे के लिए 25 किग्रा/एम2 या उससे ज्यादा है, जबकि पश्चिम के लिए मानदंड क्रमशः 25 किग्रा/एम2 और 30 किग्रा/एम2 है। साथ ही पेट का आदर्श आकार पुरुषों के लिए 90 सीएम या उससे कम और महिलाओं के लिए 80 सीएम से कम है, जबकि पश्चिम के लोगों के लिए यह क्रमशः 102 सीएम व 88 सीएम है। इन दिशा-निर्देशों ने मोटापा प्रबंधन को प्रोत्साहित किया और अनेक शोध किये गये, जिससे एशियाई भारतीय जनसंख्या में मोटापे को समझने में आसानी हुई। सवाल यह है कि भारतीय शरीर अलग क्यों हैं? अध्ययनों से मालूम होता है कि भारतीय जनसंख्या में अतिरिक्त फैट पश्चिमी जनसंख्या की तुलना में बीएमआई के कम स्तर पर भी सूजन व पाचन गड़बड़ी के स्तर में वृद्धि कर देता है। इसका एकमात्र उपलब्ध विकल्प यह है कि जल्द एक्सर साइज आरंभ कर दी जाये और जीवन में डाइट प्लान भी जल्द अपना लिया जाये। वर्तमान रिपोर्ट कहती है कि अकेले बीएमआई से किसी व्यक्ति के मोटापे को डायग्नोज नहीं किया जा सकता और न ही यह स्वास्थ्य या बीमारी को मापने का भरोसेमंद पैमाना है। इससे गलत डायग्नोसिस हो सकती है और जो लोग मोटापे के साथ जी रहे हैं, उनके लिए नकारात्मक परिणाम निकल सकते हैं। नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे (2005 से 2020) की दूसरी समीक्षा से मालूम हुआ कि 15-वर्ष की अवधि के दौरान 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों व महिलाओं में ओवरवेट या मोटापा (25 किग्रा/एम2 बीएमआई या उससे अधिक) क्रमशः 12.6 प्रतिशत से 24 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत से 22.9 प्रतिशत बढ़ा। इससे मालूम होता है कि वर्तमान में भारत की लगभग एक चौथाई जनता (दोनों महिला व पुरुष) ओवरवेट या मोटे हैं। पिछले 15 वर्षों के दौरान मोटापा (30 किग्रा/एम2 या उससे अधिक) दोनों पुरुषों व महिलाओं में दोगुना से अधिक बढ़ा। मोटापा शरीर में क्या करता है? रिसर्च से मालूम होता है कि भारतीयों की बढ़ी तोंद का उनकी बीमारियों से गहरा संबंध है, उन्हें सह-रुग्णताओं के साथ जल्द बीमारियां व सूजन घेर लेती हैं। पेट पर जब चर्बी चढ़ी हो यानी तोंद निकली हुई हो, तो उसका गहरा संबंध इंसुलिन रेसिस्टेंस से है, जोकि एशियाई भारतीयों में मौजूद है और अब उसे डायग्नोसिस में मुख्य फैक्टर मान लिया गया है। नई परिभाषा में सह-रुग्णताओं, जैसे डायबिटीज व हृदय रोगों, की उपस्थिति को डायग्नोस्टिक प्रक्रिया में शामिल किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि मोटापा-संबंधी स्वास्थ खतरों का केयर व प्रबंधन ठीक से किया जा सके।

**डॉ. माजिद अलीम.**

## आपकी बात

### श्रमिकों की उपेक्षा ठीक नहीं

श्रमिकों को इतना कम पेंशन मिलता है कि उससे एक दिन का खर्चा भी नहीं चल सकता है। जबकि राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों का सबसे अधिक योगदान है। इसलिए सरकार को अब अपनी नीति बदलनी चाहिए और सिर्फ सरकारी कर्मचारियों पर देश का पूरा पैसा खर्च करने के बजाय उन श्रमिकों को भी राहत देनी चाहिए जो राष्ट्र निर्माण में सबसे अधिक योगदान देते हैं। सरकार को फैक्ट्री श्रमिकों का पेंशन कम से कम दस हजार रुपये करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं, जो उचित है। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें कंट्रीब्यूशन बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### विकसित भारत का लक्ष्य

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग देने के पूरी पूरी तरह से कुशल बनाया जाये।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## 62 करोड़ के मादक पदार्थों को करवाया गया नष्ट



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन पर चलाये जा रहे ऑपरेशन दहन के तहत जनपद के विभिन्न थानों के 58 अभियोगों में 814.621 किलोग्राम मादक पदार्थों को विनष्टीकरण कराया गया। उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी एवं जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा विभिन्न थानों में पंजीकृत अवैध मादक पदार्थों से सबंधित 58 अभियोगों से संबंधित लगभग 62,59,89,780 रुपए कीमत के 31.047 कि0ग्रा0 स्मैक, हेरोइन, 44.542 कि0ग्रा0 गांजा, 11.480 कि0ग्रा0 चरस, 129.152 कि0ग्रा0 डोडा, 598.400 कि0ग्रा0 कोडीन सीरप को आज पुलिस उपाधीक्षक रामकिशन राना, नारकोटिक्स सेल प्रभारी अनूप कुमार की टीम द्वारा विनष्टीकरण की कार्यवाही करवाई गई।

## कल्याणी नदी में नहाते समय किशोर डूबा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बाबा रामसनेहीदास मंदिर दर्शन करने लखनऊ से आये परिवार का 14 वर्षीय किशोर कल्याणी नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। साथ मे मौजूद बच्चों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बचाने की कोशिश की। लेकिन किशोर नदी में लापता हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। जंहा करीब 20 गोताखोरो को सर्च अभियान हेतु लगाया गया। तो वही राहत कार्य तेज करने के लिए एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया। लगभग 3 घंटे के बाद किशोर का शव नदी से बरामद कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक किशोर की पहचान लखनऊ निवासी वरिष्ठ पुत्र विजय कुमार के रुप मे हुई है।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 27 मई 2026 को गेंदघर मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 700 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी सदर व परियोजना निदेशक डीआरडीए को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## भंडारे का आयोजन

बाराबंकी। विकासखण्ड पूरेडलई अन्तर्गत ग्राम सराय बरई मे कन्हैयालाल निषाद व खजुरी में करन व अर्जुन द्वारा ज्येष्ठ मास के चैथे बड़े मंगल पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया। जिसमे पूजा अर्चना के बाद पूडी सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। जंहा सैकडो की संख्या मे भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बैठक आयोजित

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर सत्यप्रेमी नगर शक्ति केंद्र पर सभासद देवेन्द्र प्रताप सिंह ज्ञानू की अध्यक्षता मे बूथ अध्यक्षो व कमेटी के साथ बैठक हुई। बैठक मे श्री ज्ञानू ने पदाधिकारियो को पार्टी के निर्देशो तथा आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियो को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में चन्द्र प्रकाश गुप्ता, स्पंदन सिंह, सुनील मिश्रा, कुशाग्र श्रीवास्तव, ऋषि तिवारी, आकाश सिंह, प्रभात घोष, राम शरण शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन सुविधा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### नगर आयुक्त व विद्युत विभाग के अधिकारियों संग किया बैठक



अयोध्या। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शहर की विभिन्न जनसमस्याओं, नगर निगम की कार्यप्रणाली और विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिकारियों पर कड़ा रुख अपनाया है। सर्किट हाउस में नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य अभियन्ता विद्युत वितरण खंड अयोध्या मंडल के साथ हुई बैठकों में विधायक ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही, उदासीनता, निरंकुशता और संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

नगर आयुक्त के साथ हुई बैठक में विधायक ने प्रवर्तन दल की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति और उपस्थिति के किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए। विधायक ने कहा कि प्रवर्तन दल द्वारा जनता से दुर्व्यवहार, अनावश्यक कठोरता और निरंकुशता की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतें सही पाई गईं तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। विधायक ने बरसात से पूर्व शहर के सभी नालों एवं नालियों की विशेष सफाई अभियान चलाकर समयबद्ध तरीके से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला अस्पताल, जिला अस्पताल तथा प्रमुख बाजारों के आसपास गंदगी और जलभराव की समस्या पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। इसके साथ ही खराब पेयजल कियोस्क मशीनों को शीघ्र ठीक कराने, गुप्तार घाट एवं सूर्यकुंड की नियमित सफाई, पार्कों के रखरखाव, मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण और निराश्रित पशुओं के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने जल निगम द्वारा चल रहे सीवर पाइप लाइन एवं सड़क निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर भी असंतोष जताया और अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पटरी दुकानदारों के लिए व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने तथा हेल्थ एटीएम की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके बाद बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में विधायक ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर तार, ओवरलोड ट्रांसफार्मर और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही से आमजन भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

# अयोध्या 31 की सुबह बनायेगी सामूहिक स्वच्छता का कीर्तिमान



अयोध्या। मंगलवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नियावां से रिकाबगंज हनुमानगढ़ी तक पदयात्रा निकालकर लोगों का आह्वान किया कि आगामी 31 मई को सुबह 7 बजे घर से निकलें और महज आधा घंटा सफाई कर सामूहिक स्वच्छता का कीर्तिमान स्थापित करें। इस दौरान जगह-जगह स्टिकर लगाकर आमजन स्वच्छता के महाअभियान एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर वार में सहभागिता का संदेश दिया गया।

पदयात्रा के दौरान महापौर ने लोगों के घरों पर दस्तक दी और कहा कि स्वच्छता समय की मांग है। सफाई के मामले में नगर को देश के टॉप टेन महानगरों में लाने में जन-जन की भागीदारी आवश्यक है। पदयात्रा में शामिल अपर नगर आयुक्त भारत ने लोगों से कहा कि 31 मई को अपने घरों के आसपास महज आधा घंटा सफाई करने से नगर को साफ-सुथरा बनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। महापौर ने रिकाबगंज हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन कर नगर में खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस दौरान जनसमस्याओं का भी निदान कराया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि एक घंटे चली पदयात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से सूचना भी प्रसारित की गई और अभियान में शामिल होने के लिए फॉर्म भरने की भी जानकारी दी गई। पदयात्रा में वरिष्ठ पार्षद अनिल सिंह, विशाल पाल, गरिमा मौर्य, अर्जुन यादव सोमू, अजय पांडेय, पूर्व पार्षद बुद्धिपाल प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह बंटी आदि लोग मौजूद रहे।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर बहराइच में जुटेंगे देश-विदेश के पत्रकार



बहराइच। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में उ0प्र0 जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आगामी 14 जून, रविवार को भव्य अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर रविवार को हिन्दी मीडिया सेंटर, चौक बाजार में संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शादाब हुसैन ने की तथा संचालन जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता ने किया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे पत्रकार एकता, सम्मान और संवाद का ऐतिहासिक आयोजन बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित पत्रकारों, मीडिया विशेषज्ञों, सामाजिक हस्तियों एवं विभिन्न जनपदों से जुड़े पत्रकार प्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान प्रदेश में बढ़ रही पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता करते हुए पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर एकजुट रहने की बात कही गई। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। खान-पान व्यवस्था की जिम्मेदारी गुलशन अवस्थी, रितेश मलिक, रियाज अहमद एवं पंकज जायसवाल को दी गई, जबकि माल्यार्पण व्यवस्था का दायित्व अशोक पाठक व अवांकित श्रीवास्तव तथा बैज व्यवस्था की जिम्मेदारी जगत मलिक एवं संजय अग्रवाल को सौंपी गई। बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी लगभग दो सौ पत्रकारों को पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रोली चंदन लगाकर अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं हाथ घड़ी भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अजमल शाह, अवांकित श्रीवास्तव, अनवार खाँ मोनू, महेश गुप्ता, निलाम्बुज शर्मा मो. समीर खान (नानपारा), सचिन श्रीवास्तव, अशोक कुमार पाठक (बाबागंज), वीरसेन वर्मा, शकील अहमद, सलीम आजाद, मोहम्मद आशिक अली, छोटेलाल वर्मा, रोहित श्रीवास्तव, नसीम रिजवी, सीताराम, युसुफ, जगत मलिक, रितेश मलिक, रमेश कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक खब्बू तिवारी

### विधायक चंद्रभानु पासवान घटना की संग ली जानकारी, निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का दिया भरोसा



मिल्कीपुर अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के खरियौना गांव निवासी मृतक शुभम दुबे उर्फ अंशू दुबे के परिजनों से मिलने पूर्व भाजपा विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी तथा मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान उनके आवास पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का भरोसा दिया।

बताया जाता है कि बीते 7 मई को बल्दीराय थाना क्षेत्र में हुई एक संदिग्ध सड़क दुर्घटना में शुभम दुबे अंशू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही परिजनों ने हादसे को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं और इसे सामान्य सड़क दुर्घटना मानने से इनकार किया है। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि घटना वाले दिन एक व्यक्ति ने फोन कर शुभम को किसी निमंत्रण कार्यक्रम में चलने के लिए बुलाया था। दोनों के बीच घनिष्ठ मित्रता होने के कारण शुभम उसके बुलावे पर चला गया। परिजनों के अनुसार रात करीब 10रू54 बजे उसी व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि हलियापुर-कुड़वार मार्ग स्थित बहुरहवा बाजार के पास पुलिया के निकट शुभम का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जंहा इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई का आरोप है कि उसके भाई की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है और सड़क दुर्घटना की कहानी मनगढ़ंत बनाई गई है। उन्होंने मामले में साजिश के तहत हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए बल्दीराय थाने में तहरीर भी दी है। परिजनों का आरोप है कि तहरीर दिए जाने के बावजूद अब तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है, जिससे परिवार में नाराजगी और आक्रोश है। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा।

## गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक 29 मई को

बहराइच। जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक 29 मई 2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवनिर्मित एवं निमार्णाधीन अस्थाई गोआश्रय स्थलों के निर्माण की प्रगति/निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की प्रगति, एस.एफ.सी. पूलिंग की अद्यतन प्रगति, हरा चारा उत्पादन व सी.सी. कैमरे संचालन इत्यादि की समस्त सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## शिवांशु सुशील महाविद्यालय सुहापारा में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम




बहराइच। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के निर्देशन में शिवांशु सुशील महाविद्यालय सुहापारा में नालसा ई-जागृति स्कीम 2025 के अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पाक्सो अधिनियम 2012) व सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु बनाए गए बाल यौन उत्पीड़न संरक्षण अधिनियम एक्ट (पास्को)2012 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश तिवारी ने बताया कि बच्चों का सुरक्षित बचपन ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित लीगल एड क्लीनिक के प्रभारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि पास्को एक्ट बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न एवं अश्लीलता जैसे अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाला एक सशक्त एवं बाल हितैषी कानून है। इस अधिनियम के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को सुरक्षा प्रदान की गई है तथा मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष न्यायालयों की व्यवस्था भी की गई है। महाविद्यालय के संस्थापक आनंद मोहन प्रधान ने बताया गया कि किसी भी प्रकार के यौन अपराध की जानकारी होने पर उसकी सूचना देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बच्चों के सुरक्षित एवं भयमुक्त भविष्य के निर्माण हेतु जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्र व छात्राएं व प्रध्यापक दिलीप कुमार, अमित कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव, गंगा राम सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## महंगाई, बिजली संकट, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ सपाइयों ने किया प्रदर्शन



अयोध्या। समाजवादी पार्टी के आह्वान पर मंगलवार को अयोध्या जिला मुख्यालय जनसमस्याओं को लेकर उठी आवाज से गूंज उठा। फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान जिला मुख्यालय पर सपा कार्यकताओं का उत्साह और जनसमर्थन साफ नजर आया। सहादतगंज ओवरब्रिज के नीचे रामपथ से शुरू हुआ प्रदर्शन जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचा। इस दौरान महंगाई, बदहाल बिजली व्यवस्था, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम, लगातार हो रहे पेपर लीक, बेरोजगारी, गैस सिलेंडर की किल्लत, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। सभा को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं के संकट से जूझ रही है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

# 2027 में सपा का पूरी तरह से सफाया होगा: वसीम राईन



बाराबंकी। दशकों प्रदेश पर राज करने वाली सपा को पसमांदा दलित मुसलमान कभी नजर नही आया। इसके बावजूद पसमांदा मुसलमान दिन बहुरने की आस में सपा को सत्ता की दहलीज तक पहुँचाता रहा। सपा का दिल नही पसीजा और आज पसमांदा मुस्लिम की दलित से भी बदतर हालत के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। उक्त उद्गार सट्टी बाजार स्थित आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर आयोजित बैठक मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाज के बीच कही। बैठक मे पसमांदा समाज को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा सपा धर्मनिरपेक्ष दल होने का दावा तो करती है पर उसका असली चेहरा कुछ और ही रहा। गौर करने वाली बात है कि 20 साल से भी अधिक समय तक देश मे राज कर चुकी सपा से 85 फीसदी पसमांदा मुस्लिम आबादी का भला नही हो सका, जबकि पसमांदा मुस्लिम ने सपा को सत्ता तक पहुचाने में कोई कोताही कभी नही बरती। सपा चाहती तो राज्यसभा भेजकर कम से कम पसमांदा मुस्लिम समाज को नुमाइंदगी दे ही सकती थी पर यह भी नही हो सका बस वोटबैंक बना कर रख दिया। उन्होने आगे कहा कि उसे हक हुकूक से वंचित रखकर सपा सरकार ने कभी आर्टिकल 341 पर धार्मिक पाबंदी पर राज्यसभा या लोकसभा में कोई आवाज नहीं उठाई। जबकि पसमांदा समाज सपा से सहयोग की आस लगाए बैठा था। पसमांदा मुसलमानो अखिलेश यादव धोखेबाज हैं अब हिस्सेदारी नही तो वोट नही। 2027 में समाजवादी पार्टी का बुरी तरह से सफाया होगा। बैठक मे महमूद चैधरी, निसार राईन, अब्दुल्ला राईन, कारी मकबूल, गुफरान राईन, मुसीर राईन, मैनुद्दीन अंसारी, नईम सिद्दीकी, कलीम लाला, राजू, अनीस राईन, रिजवान राईन, अशफाक राईन, तय्यब राईन, मिथुन, नदीम राईन, मीडिया प्रभारी सरुख राईन, हाजी मुन्ना राईन, आरिफ राईन आदि मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई जन समस्याएं



बहराइच। बहराइच पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

## त्यौहारों को परम्परागत से ढंग से मनायें: डीएम



बहराइच जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शातिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहार बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षों में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही है उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न दी जाए तथा कोई भी कुबार्नी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रमुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो। उन्होनें कहा कि कुबार्नी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष पदाथों को खुले में न डाला जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नमाज के मुख्य मागों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्यौहारों के अवसर पर नियमित जलापूर्ति के पुख्ता प्रबन्ध किये जायं। साथ ही त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था आदि सुनिश्चित करायी जाय। बकरीद त्यौहार को परम्परागत ढंग से मनाया जाय। त्यौहार में एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ मनाया जाय। यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाय ताकि उसका त्वरित समाधान कराया जा सके।

## बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी का कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने किया स्वागत



बाराबंकी। ओबरी स्थित सांसद आवास पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का बूके भेटकर बधाई दी। सांसद श्री पुनिया ने कहा कि अधिवक्ता समाज में फैली कुरीतियो पर विराम लगाने का कार्य करती है। और सच का आईना समाज के सामने लाने में अपनी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ में उजागर करती है। जिससे समाज में स्वच्छ वातावरण का माहौल बना रहता है। स्वागत कार्यक्रम मे कांग्रेस सांसद, पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने अध्यक्ष रमन द्विवेदी, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रथम राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष द्वितीय अंकुर कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दौलता कुमारी, वरिष्ठ सदस्य पुरूष पंकज आनन्द वर्मा, रमाकान्त शुक्ला, रूद्र प्रताप सिंह, सतीश कुमार, वरिष्ठ सदस्य महिला पूर्णिमा गुप्ता, सात्वना सिंह वर्मा, कनिष्ठ सदस्य अनिता सिंह, नमिता, पंकज, संयुक्त मंत्री प्रणव वाजपेयी, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय प्रभारी रूबी सिंह, संयुक्त मंत्री प्रकाशन प्रभारी अमित सिंह सूर्यवंशी, कनिष्ठ सदस्य कार्यकारणी पुरूष अवध विहारी यादव, नितिन सिंह, मुकेश कुमार यादव, सोनू कुमार वर्मा आदि का फूल माला पहनाकर किया। स्वागत समारोह में मुख्यरूप से नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, एडवोकेट राकेश तिवारी, तरूण चावला, पिंकी पाण्डेय, जलालुद्दीन मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

सतरिख, बाराबंकी। विधि छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने एंव लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किये जाने को लेकर टीआरसी लॉ कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे विधिक जागरूकता एंव साक्षरता शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्जवल उपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि डीएलएसए सचिव श्री उपाध्याय ने भारतीय न्यायिक प्रणाली में डिफेंस काउंसिल की भूमिका, कार्यप्रणाली और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए गरीब, मजलूम, असहाय, महिला, दिव्यांग एवं न्याय से उपेक्षित लोग निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कॉलेज में स्थापित विधिक सहायता प्रकोष्ठ की चर्चा करते हुए कहा कि किस प्रकार से विधिक सहायता प्रकोष्ठ की सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# सपाइयों में उबाल, सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बदनाम करने की नीयत एवं समाज में वैमनस्य फैलाने की नीयत से जनपद के विभिन्न स्थानों पर असमाजिक तत्वों द्वारा लगाये गये होल्डिंग पोस्टरो के विरोध मे सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद के नेतृत्व मे आकोर्षित पार्टी पदाधिकारियों ने नगर कोतवाली मे पोस्टर लगाने वाले अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग को लेकर पत्र सौपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ विवादित पोस्टर लगाकर जानबूझकर सामाजिक एवं राजनीतिक माहौल खराब करने का प्रयास किया गया है। जिससे पार्टी का हर कार्यकर्ता आक्रोशित है। ज्ञापन सौपने वालो मे हिमांशु यादव, प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदुमन यादव, आशीष सिंह आर्यन, शान सिद्दीकी, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा, उदय राज यादव मौजूद रहे।

संक्षेप

## मिंत्रा ई.ओ.आर.एस 29 मई से शुरू होगी

नयी दिल्ली। मिंत्रा ने भारत के ई-लाईफस्टाईल ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आज अपनी एंड ऑफ रीजन सेल (ई.ओ.आर.एस) के 24वें एडिशन की घोषणा की, जो 29 मई से शुरू होगा। इसमें अरली वी.आई.पी एक्सेस 28 मई से शुरू होगी। ई.ओ.आर.एस के इस एडिशन में 6 मिलियन से अधिक स्टाईल मिलेंगे, जो भारत में फैशन और लाईफस्टाईल ईकोसिस्टम के विकास में मिंत्रा की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करेंगे। इसमें जहाँ उभरते हुए ब्रांड्स को विस्तार करने का अवसर मिलेगा, वहीं देश के करोड़ों ग्राहकों को आकर्षक मूल्य में ट्रेंड-फर्स्ट सेलेक्शन और सुविधा प्राप्त होगी। इस बार ई.ओ.आर.एस में हिस्सा लेने वाले हजारों ब्रांड्स में ग्लोबल, डोमेस्टिक और होमग्रोन डी2सी ब्रांड शामिल हैं। साथ ही, 15,000 उभरते हुए ब्रांड, जिनमें ई.ओ.आर.एस में पहली बार हिस्सा ले रहे 5,000 ब्रांड शामिल हैं, मिंत्रा प्लेटफॉर्म की टेक्नोलॉजी, क्रिएटर ईकोसिस्टम और पूरे देश में पहुँच की मदद से भारत के करोड़ों ग्राहकों तक पहुँचेंगे। ई.ओ.आर.एस उनके विकास में मुख्य भूमिका निभाता रहेगा और उभरते हुए ब्रांड्स को ज्यादा विजिबिलिटी, नये सेलेक्शन लॉन्च और कैटेगरी विस्तार के माध्यम से ज्यादा मांग आकर्षित करने में मदद करेगा।

## 1.5 करोड़ निवेशक और बढ़ती रफ्तार: प्रदेश बना भारत का नया इक्विटी पावरहाउस

नोएडा। प्रदेश अब केवल एक कृषि प्रधान राज्य नहीं रहा, बल्कि तेजी से पूंजी बाजार का एक दिग्गज खिलाड़ी बनता जा रहा है। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अब लगभग 1.5 करोड़ पंजीकृत निवेशक हैं। यह संख्या इसे देश के सबसे बड़े निवेशक आधारों में से एक बनाती है, जो पैमाने के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है। इससे भी अधिक दिलचस्प कहानी इस बदलाव की रफ्तार है। पिछले एक दशक में, प्रदेश वित्तीय बाजार की व्यापारिक गतिविधियों में एक अपेक्षाकृत कम प्रतिनिधित्व वाले बाजार से उठकर शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हो गया है, जिसने टर्नओवर ग्रोथ में करीब 25% की सीएजीआर दर्ज की है। यह केवल विकास नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव है। राज्य से बाजार में भाग लेने वालों की संख्या में यह उछाल कुछ बड़े बदलावों को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि छोटे शहर और जिले वित्तीय बाजारों के इस विस्तार को गति दे रहे हैं। कोई भी इसके डिजिटल लीपफ्रॉगिंग को नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि मोबाइल-फर्स्ट निवेश ने शहरी और ग्रामीण दीवारों को पूरी तरह से गिरा दिया है।

## मैरिको ने हेयर क्लींज़िंग सेगमेंट में प्रवेश किया

नयी दिल्ली। मैरिको लिमिटेड ने आज पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू लॉन्च किया, जिससे हेयर केयर के सेगमेंट में ब्रांड की पहुँच मजबूत हुई है। इस नए प्रोडक्ट के साथ कंपनी ने हेयर क्लींज़िंग श्रेणी में प्रवेश कर लिया है। यह नई प्रोटीन शैंपू रेंज हेयरकेयर में ब्रांड की स्थिति को और अधिक मजबूत करते हुए कोकोनट मिल्क और प्राकृतिक तत्वों के गुण प्रदान करती है। मैरिको द्वारा यह लॉन्च पिछले कुछ सालों में कैटेगरी का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। यह प्रोडक्ट पैराशूट एडवांस्ड कोकोनट के गुणों को हेयर-क्लींज़िंग फॉर्मेट में लेकर आया है। शैंपू के क्षेत्र में पैराशूट एडवांस्ड का विस्तार एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य प्रकृति पर केंद्रित समाधानों की ओर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। यह लॉन्च एक उद्देश्यपूर्ण और कोकोनट पर आधारित इनोवेशन के प्रति मैरिको की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे भारत के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते हुए पर्सनल केयर सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी, जो हर साल 9 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

## मोटोरोला देश के टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल

बंगलुरु। मोटोरोला ने देश में अपनी मजबूत विकास गति जारी रखी है। आईडीसी क्वार्टली मोबाइल फोन ट्रैकर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 की पहली तिमाही में मोटोरोला टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल हो गया है। टेक्नोलॉजी रिसर्च फर्म टेकआर्क ने भी भारत का अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड माना है। 2024 की पहली तिमाही में 9वें स्थान से 2026 की पहली तिमाही में 5वें स्थान तक पहुंचकर मोटोरोला ने पिछले दो वर्षों में भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में सबसे मजबूत ग्रोथ में से एक दर्ज की है। इस दौरान कंपनी का मार्केट शेयर 4.6 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गया है। यह उल्लेखनीय बढ़त सार्थक इनोवेशन, अलग डिजाइन, प्रीमियम अनुभव और सभी सेगमेंट में उपभोक्ता-केंद्रित रणनीति के कारण संभव हुई है।

# सेंसेक्स में 479 अंकों की गिरावट




मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई। ईरान के दक्षिणी भाग में अमेरिकी हमले की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम में आई तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा रुपये में गिरावट के बीच वित्तीय और बैंक शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 579.28 अंक की गिरावट आई और यह 75,909.68 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 अंक पर बंद हुआ। दक्षिणी ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों की खबरों के बाद अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद कम हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और रुपये में कुछ समय की तेजी के बाद फिर से गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इटर्नल, मारुति और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.27 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त में रहे। ईंधन-गहन क्षेत्रों में कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहने पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को मार्जिन दबाव का सामना करना पड़ सकता है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.93 प्रतिशत चढ़कर 98.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि तेहरान द्वारा अपने सर्वोच्च नेता से परामर्श करने के लिए उपयोग किए जाने वाले जटिल संचार नेटवर्क के कारण अंतिम निर्णय में कुछ समय लग सकता है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अनुकूल वैश्विक संकेतों के बीच बाजार में शुरू में स्थिरता देखी गई। हालांकि, ईरान पर अमेरिकी हमलों की खबरों के बाद बाजार का माहौल तेजी से बिगड़ गया। इससे पश्चिम एशिया में निकट भविष्य में तनाव कम होने की उम्मीदें कम हुई हैं।

# रुपया 47 पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर



मुंबई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.73 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा पश्चिम एशिया में सैन्य कार्वाई की आशंका से रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। हालांकि, ऊंचे स्तर से कच्चे तेल के दाम में नरमी आने पर निचले स्तरों पर रुपये को कुछ सहारा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि रुपये के 95.20 से 95.85 के दायरे में रहने की संभावना है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत गिरकर 99.05 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.43 प्रतिशत बढ़कर 99.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यह तेजी अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ नए हमले की खबरों के बीच आई, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर समझौते की उम्मीदें कमजोर पड़ती दिखीं। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 479.26 अंक टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 118 अंक फिसलकर 23,913.70 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 821.75 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## कोयले की कमी नहीं, 16.8 करोड़ टन का बफर उपलब्ध: कोल इंडिया

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने देश में शुष्क ईंधन की कमी की आशंकाओं को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि गर्मियों की मांग को पूरा करने के लिए उसने 16.8 करोड़ टन का बफर बनाया है।

कंपनी ने कहा कि उसके पास घरेलू कोयला आधारित संयंत्रों की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध है, जबकि तापीय ऊर्जा संयंत्रों द्वारा शुष्क ईंधन की दैनिक खपत में भारी वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने बयान में कहा कि 23 मई तक घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में उसका कोयला भंडार 4.76 करोड़ टन था, जबकि 24 मई को खदानों में भंडार 11.35 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है और यह स्तर 19 दिन की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। बयान में कहा गया, इसके अतिरिक्त लगभग 30 लाख टन कोयला माल गोदामों और बंदरगाहों जैसे पारगमन केंद्रों पर पड़ा है। पिछले वर्ष गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट थी, जो जून, 2025 में दर्ज की गई थी। लेकिन यह मांग सरकार के अनुमानित 277 गीगावाट से कम रही। मई, 2024 में बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट तक पहुंच गई।

## प. एशिया शांति समझौते पर अनिश्चितता के बीच सोना 2800 रुपये टूटा और चांदी मजबूत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,800 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव के कारण निवेशकों ने डॉलर की ओर अपना रुख कर लिया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को, सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। मंगलवार को सोने की कीमतें नीचे आ गईं और एक सीमित दायरे में रहीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया। कूटनीतिक मोर्चे पर कोई सफलता न मिलने के कारण अधिकांश प्रतिभागी बाजार से किनारा किये रहे। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाने से परहेज किया और भू-राजनीतिक मोर्चे पर अधिक स्पष्ट संकेतों का इंतजार किया। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में यह 2,71,000 रुपये रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत टूटकर 4,534.69 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक टूटकर 76.49 डॉलर प्रति औंस रह गई। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार का रुख तब कमजोर पड़ गया, जब दक्षिणी ईरान पर अमेरिका के नए सैन्य हमलों की खबरें आईं। यह सब तब हुआ जब कतर में सात सप्ताह पुराने संघर्ष-विराम को बनाए रखने के उद्देश्य से वार्ता चल रही थी। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया है।

## बीमा कंपनियां वरिष्ठ अधिकारियों के वेतन पैकेज को ग्राहक-केंद्रित मापदंडों से जोड़ें: इरडा

नयी दिल्ली। नियामक इरडा ने बीमा कंपनियों से कहा है कि वे प्रबंध निदेशकों, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के वेतन पैकेज को ग्राहक-केंद्रित परिणामों के साथ ही कंपनी की वित्तीय स्थिति से जोड़ें। ग्राहक केंद्रित परिणामों में दावों को लेकर प्रतिक्रिया और शिकायतों का निपटान शामिल है।

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने इरडा विनियमन, 2024 में संशोधन किए हैं। नियामक ने प्रमुख प्रबंधन व्यक्तियों के पारिश्रमिक संबंधी एक परिपत्र में प्रबंध निदेशक और सीईओ तथा अन्य सभी निदेशकों और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के पारिश्रमिक पैकेज (प्रोत्साहन सहित) के आधार मापदंडों की रूपरेखा तैयार की है। नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। इरडा ने मंगलवार को बयान में कहा कि प्रदर्शन मापदंडों में संशोधन ग्राहक विश्वास को मजबूत करने, पारदर्शिता में सुधार करने और पूरे क्षेत्र में जवाबदेही को मजबूत बनाने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इन मापदंडों में वित्तीय मजबूती, उत्पादों का प्रदर्शन, दावों पर त्वरित प्रतिक्रिया, समय पर शिकायत निवारण और बीमाकर्ताओं और उनके वितरकों की वेबसाइट से अवैध गतिविधियों को हटाना शामिल है।

# गडकरी ने की दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब में 4,335 किलोमीटर तथा दिल्ली और हरियाणा में 3,332 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता तथा रखरखाव की मंगलवार को समीक्षा की। मंत्री ने मीडिया और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से सड़कों की स्थिति के संबंध में प्राप्त सूचनाओं के बाद यह समीक्षा की।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गडकरी ने समीक्षा के दौरान राजमार्ग परियोजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में तेजी लाने और कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। मंत्री ने परियोजना की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर दिया और एजेंसियों को आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियों तथा उच्चतम इंजीनियरिंग तरीकों को अपनाने का निर्देश दिया, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय तक मजबूती से टिकें। गडकरी ने पंजाब, दिल्ली और हरियाणा के प्रमुख राजमार्गों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा यात्रा की गुणवत्ता में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण और रखरखाव में उच्च मानकों को प्राथमिकता दें। उन्होंने रखरखाव कार्यों में अधिक जवाबदेही की भी मांग की तथा कमियों की पहचान करने और समय पर उनका समाधान करने के लिए नियमित निरीक्षण पर जोर दिया। मंत्री ने अधिकारियों को सभी राजमार्ग खंडों पर मानसून की तैयारी के लिए अग्रिम उपाय करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने मानसून के दौरान समस्याओं को कम करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलान संरक्षण उपायों तथा त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के महत्व पर भी जोर दिया।

## महाराष्ट्र में 89731 करोड़ की पांच औद्योगिक परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने 89,731 करोड़ रुपये के निवेश वाली पांच विशाल औद्योगिक परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन की मंगलवार को मंजूरी दी।

इन परियोजनाओं से राज्य भर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 20,000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की मंत्रिमंडल उप-समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बयान में कहा गया है कि ये परियोजनाएं कोयला गैसीकरण और उससे जुड़े उत्पादों समेत उच्च-प्रौद्योगिकी तथा भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं से विदर्भ, मराठवाड़ा और नासिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक विकास में वृद्धि होने तथा महाराष्ट्र के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की उम्मीद है। फडणवीस ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य के उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार में मदद करेंगी और सहायक उद्योगों तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए अवसर पैदा करेंगी।

## एचपीसीएल और टाटा मोटर्स ने की साझेदारी

मुंबई। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस्तेमाल हो चुके ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के ज़िम्मेदार संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए एक व्यवस्थित और विस्तार योग्य मॉडल का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग दो प्रमुख भारतीय संगठनों की पूरक शक्तियों को एक महत्वपूर्ण सस्टेनेबिलिटी चुनौती से निपटने के लिए एक साथ लाता है, साथ ही यह भारत के लगातार विकसित हो रह एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी नियमों के पालन में भी मदद करेगी। इस पहल का उद्देश्य इस्तेमाल किए गए लुब्रिकेंट्स—जिन्हें खतरनाक कचरा माना जाता है—के प्रबंधन के लिए एक व्यवस्थित और ट्रैक करने योग्य प्रणाली स्थापित करना है; इसमें इनके संग्रह और भंडारण से लेकर रीसाइक्लिंग तक सब कुछ शामिल है। इस प्रक्रिया से इन्हें उच्च-गुणवत्ता वाले री-रिफाइंड बेस ऑयल में बदला जा सकेगा।

पेज एक का शेष

### गंगा दशहरा

आधिकारिक वेबसाइट का भी लोकार्पण किया। मेलाधिकारी ऋषिराज ने बताया कि इस वेबसाइट पर संगम क्षेत्र में आयोजित होने वाले सभी धार्मिक आयोजनों, विभिन्न स्नान तिथियों, उपलब्ध सुविधाओं और संबंधित विभागों के संपर्क नंबरों की विस्तृत जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी। वेबसाइट में क्षेत्र की गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर, अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों से कनेक्टिविटी और भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी दी गई है। यह वेबसाइट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक उपयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म साबित होगी, जो उन्हें संगम की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक और यादगार बनाने में मदद करेगी।

### अवैध घुसपैठ

रहे हैं और ये घुसपैठिए, मेरे देश के नौजवानों की रोजी-रोटी छीन रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश की बहन-बेटियों को निशाना बना रहे हैं, यह बर्दाश्त नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, जब जनसांख्यिकी परिवर्तन होता है, खासतौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी परिवर्तन होता है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा होता है।

### पूर्व सरकारों

अचानक शटडाउन ले लिया। उत्पादन पर असर पड़ा। 2017 तक यूपी में पीक पावर की सप्लाई 15-16 हजार मेगावाट रहती थी, आज यह 32-33 हजार मेगावाट पहुंच गई है। उस समय 6 हजार मेगावाट उत्पादन था, जबकि आज 13 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। रिन्युवल एनर्जी का उत्पादन लगभग 10 हजार मेगावाट तक बढ़ा है, लेकिन हमारी आवश्यकता 33-35 हजार मेगावाट है। एलपीजी संकट को देखते हुए लोग खाना पकाने में इलेक्ट्रिक हीटर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। देश की समस्या हर किसी की समस्या है। किसी के बहकावे में न आएं। जितनी आवश्यकता है, उतनी ही बिजली खपत करें। सीएम ने कहा कि हम अपने नागरिक दायित्वों का निर्वहन करें, चुनौतियों का सामना करें और विपक्ष के नैरेटिव को न मानें। ऊर्जा संकट पर अंगुली वही उठा रहे हैं, जिनके समय में लोग बिजली के तारों पर कपड़ा सुखाते थे। सपा के समय में बिजली नहीं आती थी, अब तो पूरी बिजली दी जा रही है। विभाग कार्य कर रहा है। मैंने भी समीक्षा बैठक ली है। हर नागरिक पावर कॉरपोरेशन के साथ खड़े होकर संकट का सामना करने में सहयोग करे।

### मां गंगा की

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले माघ मेला और कुंभ जैसे आयोजन गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था और अराजकता के प्रतीक बन गए थे। लोग प्रयागराज आने से भी कतराते थे। लेकिन वर्ष 2019 में जब उनकी सरकार को कुंभ आयोजन का अवसर मिला, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से प्रयागराज कुंभ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इससे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को वैश्विक पहचान मिली। कुंभ-2019 और महाकुंभ-2025, दोनों आयोजनों के दौरान डबल इंजन सरकार ने प्रयागराज में व्यापक अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया। यदि इनका बेहतर रखरखाव किया जाए तो अगले कुंभ तक यही सुविधाएं प्रयागराज की स्थायी धरोहर बन जाएंगी। मुख्यमंत्री ने नगर निगम और महापौर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विरासत को विकास से जोड़ने का कार्य किया गया है। वर्ष 2024 की शुरूआत में जब महाकुंभ-2025 की तैयारियों के लिए प्रयागराज का निरीक्षण किया गया, तब यह तय किया गया था कि शहर को नई पहचान दी जाएगी। आज 161 वर्ष पुरानी नगर निगम इमारत भव्य स्वरूप में सामने है। पार्षदों के लिए आधुनिक सदन हॉल तैयार हुआ है और नगर निगम 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहा है। कहीं जोनल पार्क विकसित हो रहे हैं तो कहीं शिवालिक पार्क की नई श्रृंखला तैयार की जा रही है।

### कर्नाटक में

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और वेणुगोपाल से दिल्ली के इंदिरा भवन में मुलाकात की। इससे पहले सिद्धारमैया ने पत्रकारों के सवालों का जवाब नहीं दिया कि क्या वह अपना पूरा कार्यकाल मुख्यमंत्री के रूप में पूरा करेंगे। शिवकुमार बाद में अलग से पार्टी नेतृत्व के साथ चर्चा में शामिल हुए।

2023 में जब से कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी है, तभी से सिद्धारमैया और शिवकुमार समर्थक गुटों के बीच अंदरूनी मतभेद और तनाव की खबरें लगातार आती रही हैं। सिद्धारमैया ने दिल्ली रवाना होने से पहले कहा कि उन्हें बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी नहीं है और उन्हें केवल बुलाया गया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने कई बार दोनों नेताओं के बीच के मतभेदों को सुलझाने के लिए दखल दिया है। वहीं, भाजपा लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है और आरोप लगा रही है कि नेतृत्व को लेकर असमंजस से सरकार का कामकाज प्रभावित हो रहा है और पार्टी के अंदर मतभेद साफ दिख रहे हैं।

### आगरा एक्सप्रेस-वे

खो बैठा और बस पुलिया से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। करीब आधे घंटे बाद यूपीडा कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 24 घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। एसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि कुछ घयल यात्रियों की हालत गंभीर होने से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे का सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने हादसे में हुई मौतों पर गहरा शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने अधिकारियों को दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रशासन को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा है। कहा कि मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

हादसे के घायलों में गया, बिहार के वसीम (33) पुत्र शमसुद्दीन और देवरिया के गोलू (22) पुत्र धर्मेंद्र के साथ ही जहानाबाद, बिहार के रोहन (29) पुत्र सुरेन शामिल हैं। गोरखपुर क्षेत्र से जुड़े लोगों में बिसरोली के विनय पुत्र मुनिरका, कुसुमल बनी के अरुण कुमार (28), खदानी के सुरेंद्र कुमार (33) और अमरदीप (30) पुत्र प्रयाग गुप्ता शामिल हैं। इनके अलावा, शिकारपुर, बिहार के फरमान अंसारी (30) पुत्र मिखिल अंसारी, पीपरपाड़ी के शाहिद अख्तर पुत्र लाल मोहम्मद, बस्ती के सोम अली (28) पुत्र इंसान अली, दिल्ली के श्याम बिहार निवासी धनंजय (34) पुत्र बच्चन प्रसाद और बस्ती के ही विष्णु (25) पुत्र गंगाराम भी घायल हुए हैं। गोरखपुर के अन्य निवासियों में अरविंद (20) पुत्र शशिधर, राहुल (19) पुत्र त्रिलोकी और लेरब आलम (30) पुत्र मंजूर आलम शामिल हैं। साथ ही, महाराजगंज के टिकरा सुहागकुली निवासी धीरज (35), कुशीनगर के गणेश दीक्षित (19) पुत्र अशोक दीक्षित, कप्तानगंज (बस्ती) के आर्यन गुप्ता (12) पुत्र रामकुमार, गोरखपुर के परमजीत सिंह (28) पुत्र जितेंद्र यादव और उनकी पत्नी श्वेता यादव (25) भी शामिल हैं।

### विचारों के

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणादायी साबित होगी। सीएम धामी ने कहा कि पुस्तक केवल राजनीतिक घटनाक्रमों का दस्तावेज नहीं, बल्कि उसमें मानवीय मूल्यों, संवेदनशील नेतृत्व, निर्णय क्षमता और समाज के प्रति जवाबदेही का भी प्रभावशाली चित्रण किया गया है। यह कृति नई पीढ़ी को सकारात्मक सोच, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने पुस्तक के प्रकाशन पर शिवराज सिंह चौहान को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक देशभर में व्यापक रूप से पढ़ी जाएगी और सार्वजनिक जीवन में कार्य कर रहे लोगों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान शासन व्यवस्था को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विकसित भारत की संकल्पना, ग्रामीण उन्नयन, कृषि क्षेत्र में बदलाव तथा सुशासन के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने शिवराज सिंह चौहान की सहज कार्यशैली, जनसरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और आमजन से उनके आत्मीय जुड़ाव की भी सराहना की। समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा की मौजूदगी ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

### भारत-अमेरिका

महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, इस रूपरेखा का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ खनिज आपूर्ति शृंखला के पूरे क्षेत्र में हमारे सहयोग को और गहरा करना है, जिसमें खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और संबंधित निवेश शामिल हैं। महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज सहित उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी उत्पादों के लिए आवश्यक माने जाते हैं। चीन वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है।

भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए दुर्लभ खनिजों की निरंतर आपूर्ति पर निर्भर है। वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिजों के खनन में चीन की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है, जो इसे इन महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति शृंखला में उसके महत्व को रेखांकित करता है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह रूपरेखा लचीली और विविध आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगी, परियोजनाओं के वित्तपोषण में मदद करेगी और साथ ही महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ खनिजों के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, यह इस बात का एक और प्रमाण है कि चुनौतियों और अवसरों से भरी दुनिया में हमारा सहयोग कितना घनिष्ठ रहा है। अपने संबोधन में रूबियो ने अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डाला और बताया कि यह दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने समझौते पर हस्ताक्षर का जिक्र करते हुए कहा, यह इसका एक स्पष्ट उदाहरण है। हम दो ऐसे देश हैं जिनके रणनीतिक हित हैं कि हमारी नवाचार अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और आपूर्ति शृंखलाओं तक विश्वसनीय दीर्घकालिक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

### धार्मिक आयोजनों

मन को शांति मिलती है बल्कि धर्म के प्रति आस्था और अधिक प्रगाढ़ होती है। इस पावन माह में लोगों को प्रसाद वितरण कर बहुत खुशी मिलती है साथ ही यह पुण्य कमाने का कार्य है। उन्होने प्रसाद वितरण के इस मौके पर सभी लोगों के सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाता है। भण्डारे के आयोजन का उद्देश्य ईश्वर एवं धर्म के प्रति आस्था, विश्वास और आम जनमानस के बीच अपनत्व की भावना को और अधिक मजबूत बनाना है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से ईश्वर के प्रति विश्वास एवं आस्था का संगम होता है। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच उनका अपनापन पाना और उनकी सेवा करने का मौका मिलना ही सही मायने में ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम है और यही जीवन का सबसे बड़ा आनन्द है।




# गुजरात को हराकर बेंगलुरु फाइनल में

## आईपीएल : आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को 92 रन से हराया, रजत ने नाबाद 93 रन बनाये

एजेंसी

**धर्मशाला।** पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 92 रन से हरा दिया है। गुजरात 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.3 ओवर में 162 रन पर ही ऑल आउट हो गई। आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट जैकब डफी ने लि। राहुल तेवतिया ने गुजरात के लिए सर्वाधिक 68 रन बनाए।

आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 255 रन का टारगेट दिया था। गुजरात ने धर्मशाला में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान रजत पाटीदार ने नाबाद 93 रन की पारी खेली। प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम





डेविड को बोल्ड कर दिया। फुल लेंथ गेंद पर डेविड बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। टिम डेविड 5 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रजत पाटीदार ने सिर्फ 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। रबाडा की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर पाटीदार ने पुल शॉट खेलते हुए गेंद को डीप मिड-विकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। रबाडा ने वापसी करते ही फउइ को झटका दिया।

स्लोअर शॉर्ट गेंद पर क्रुणाल पंड्या पुल शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का टॉप एज लेकर डीप मिड-विकेट की ओर चली गई। वहां मौजूद साई सुदर्शन ने दबाव में शानदार कैच लपका। क्रुणाल 28 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। कुलवंत का 28 रन वाला ओवर आईपीएल प्लेऑफ/नॉकआउट इतिहास का दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया। इससे पहले सबसे महंगा ओवर 2014 के क्वालिफायर-2 में परविंदर अवाना ने डाला था, जब पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े में 33 रन खर्च किए थे।

15वें ओवर में फउइ ने मैच का मोमेंटम पूरी तरह अपनी तरफ कर लिया। रजत और क्रुणाल ने कुलवंत के ओवर में 28 रन बना डाले। ओवर में नो-बॉल, वाइड और लगातार बाउंड्री की बारिश देखने को मिली। पाटीदार ने आखिरी तीन गेंदों पर चौका, छक्का और चौका लगाकर लगाया। 15 ओवर के बाद फउइ का स्कोर 168/3 हो गया। 7 से 13 ओवर के बीच आरसीबी को दो बड़े झटके भी लगे। विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे, लेकिन होल्डर ने उन्हें 43 रन पर आउट कर मैच में वापसी कराई। इसी ओवर में होल्डर ने पडिक्कल को भी पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में 13 रन बने। ओवर की आखिरी दो गेंदों पर क्रुणाल ने पहले चौका जड़ा और फिर छक्का लगाया। दूसरी ओर रजत पाटीदार ने भी स्ट्राइक रोटेट करते हुए योगदान दिया। 12 ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 125/3 हो गया। नौवें ओवर में जेसन होल्डर ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने पहले विराट कोहली को 43 रन पर बोल्ड किया, फिर उसी ओवर में देवदत्त पडिक्कल को विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। इस ओवर में सिर्फ 4 रन आए और आरसीबी ने दो विकेट गंवा दिए। 9 ओवर के बाद टीम का स्कोर 96/3 हो गया। पावरप्ले में आरसीबी ने तेज शुरूआत करते हुए 6 ओवर में 1 विकेट पर 76 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, लेकिन रबाडा ने उन्हें 19 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद विराट और पडिक्कल ने लय बरकरार रखी, जबकि पड्डिकल ने रबाडा के ओवर में लगातार तीन चौके जड़े। चौथे ओवर में बेंगलुरु का स्कोर 50 रन पार हो गया। इस ओवर में 18 रन बने। ओवर की शुरूआत चौके से हुई, फिर देवदत्त पडिक्कल ने लगातार तीन बाउंड्री लगाईं। कभी फ्लिक से लेग साइड पर रन बटोरे तो कभी पॉइंट और थर्ड मैन के बीच गैप निकालकर गेंद को सीमा रेखा तक पहुंचाया। दूसरी ओर विराट ने भी सिंगल लेकर स्ट्राइक रोटेट की। कगिसो रबाडा ने अपने पहले ही ओवर में जीटी को सफलता दिलाई। दूसरे ओवर की आखिरी बॉल बैक ऑफ लेंथ गेंद पर वेंकटेश अय्यर शॉट खेलने गए, लेकिन बल्ले का टॉप एज लेकर गेंद मिड-ऑफ के ऊपर चली गई। वहां मौजूद शुभमन गिल ने पीछे भागते हुए रनिंग कैच लपका।

# आईपीएल : करो या मरो के मैच में उतरेंगे हैदराबाद-राजस्थान

न्यू चंडीगढ़ । सनराइजर्स व राजस्थान रॉयल्स आईपीएल में हैदराबाद अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का सामना अब राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस दौरान हैदराबाद को 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद ( एसआरएच ) की भिड़ंत राजस्थान रॉयल्स ( आरआर ) के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हैदराबाद ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहा था, जबकि राजस्थान की टीम चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी थी। आईपीएल 2026: पहले-दूसरे या तीसरे नंबर, किस पोजिशन वाली टीम सबसे ज्यादा बनी विजेता ? आईपीएल





में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की अब तक 23 मुकाबलों में भिड़ंत हुई है। इनमें से 14 मुकाबलों में एसआरएच ने जीत दर्ज की है, जबकि आरआर ने नौ मैच जीते हैं। आईपीएल 2026 में एसआरएच और आरआर की दो बार भिड़ंत हुई है और दोनों ही दफा सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत हासिल की है। पैट कमिंस की अगुआई में एसआरएच अपने दबदबे को एलिमिनेटर मुकाबले में भी कायम रखना चाहेगी। सनराइजर्स हैदराबाद का रिकॉर्ड आईपीएल प्लेऑफ में खराब रहा है। एसआरएच आठवीं बार अंतिम चार में पहुंची है। टीम ने प्लेऑफ में अब तक कुल 14 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सनराइजर्स हैदराबाद को छह में जीत नसीब हुई है, तो आठ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

## संक्षेप

### इनियान पन्नीरसेल्वम ने शतरंज चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण

नयी दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने श्रीलंका में राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने प्रत्येक प्रारूप में सात राउंड में 6.5 अंक हासिल करके दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रैपिड स्पर्धा में ग्रैंडमास्टर श्रीहरि ने रजत और जीएम मित्राभा ने कांस्य पदक हासिल किया। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर रोहित कृष्णा ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक जीता। मित्राभा ने क्लासिकल वर्ग का खिताब जीता, जबकि श्रीलंका के रानिंदु लियानागे ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक हासिल किया।

### भारत को ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हराया

पर्थ। भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चार मैचों की मैत्री श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुरुआती बढ़त हासिल करने के बावजूद मंगलवार को यहां 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। नवनीत कौर ने मैच के पहले क्वार्टर में भारत की ओर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षा पंक्ति ने पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को बराबरी करने का मौका नहीं दिया और दूसरे क्वार्टर तक बढ़त कायम रखी। मध्यांतर के बाद हालांकि मुकाबले का रुख बदल गया। ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने पेनल्टी कॉर्नर पर मिले दो अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए तीसरे और चौथे क्वार्टर में एक-एक गोल दागा।

### सबालेंका की विजयी शुरुआत, मेदवेदेव हारे

पेरिस। विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन में भीषण गर्मी का पूरा फायदा उठाते हुए पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की तो वहीं पुरुष वर्ग में रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बौजास मानेइरो को 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। मुकाबले के दौरान उन्होंने नेट के पास आक्रामक खेल दिखाते हुए कई शानदार वॉली पॉइंट जीते। रोलां गैरों में लगातार तीसरे दिन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था। गर्म मौसम के कारण क्ले कोर्ट तेजी से सूख रहे हैं।

# इंटर मियामी ने माना, मेस्सी को हैमस्ट्रिंग की समस्या

एजेंसी

मियामी। इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में समस्या है, जो विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के लिए अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करने से पहले बुरी खबर है। मेस्सी का सोमवार को चिकित्सा परीक्षण किए गए। यह किस तरह के परीक्षण थे इसका खुलासा नहीं किया गया लेकिन यह बताया गया कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों में कुछ समस्या है। मेस्सी इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए रविवार को मैच के बीच से मैदान छोड़कर चले गए थे।

इस तरह की परेशानियों में चोट की गंभीरता के आधार पर वापसी की समय सीमा तय की जाती है और मेस्सी के मामले में अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि वह कब तक वापसी करेंगे। इंटर मियामी ने विज्ञप्ति में कहा, शारीरिक गतिविधियों में उनकी वापसी की समयसीमा उनकी चिकित्सकीय और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगी। मेस्सी की इस चोट के कारण अर्जेंटीना की विश्व कप की योजनाओं को करारा झटका लग सकता है क्योंकि यह स्टार स्ट्राइकर पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा।

मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने यह पुरस्कार पहली बार 2014 में और फिर 2022 में जीता था जब उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया था। यह पुरस्कार 1982 से ही दिया जा रहा है, लेकिन वह इसे दो बार जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

मेस्सी इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए रविवार को मैच के बीच से मैदान छोड़कर चले गए थे। इस तरह की परेशानियों में चोट की गंभीरता के आधार पर वापसी की समय सीमा तय की जाती है और मेस्सी के मामले में अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि वह कब तक वापसी करेंगे।

### आईसीसी खिताब जीतने के लिए बेताब हैं : लौरा

लंदन। महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में लगी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने कहा कि लगातार करीबी हार ने उनकी टीम की आईसीसी खिताब जीतने की भूख को और बढ़ा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ हाल ही में शृंखला में जीत से उनकी टीम का विश्व कप से पहले काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। दक्षिण अफ्रीका 2023 और 2024 में लगातार दो टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था और उसे इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यही नहीं उसकी टीम पिछले साल वनडे विश्व कप में उपविजेता भी रही थी और अब वह फाइनल की बाधा को पार करने के लिए बेताब है। वोल्वार्ट ने आईसीसी के लिए एक कॉलम में लिखा, लगातार दो बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचना निश्चित रूप से हमारे लिए बेहद खास रहा लेकिन मुझे लगता है कि इसने हमें एक कदम और आगे बढ़ने के लिए उत्साहित कर दिया है। इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अप्रैल में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत को 4-1से हराया था।

# सिंधू सिंगापुर ओपन में जीती, सात्विक-चिराग भी आगे बढ़े



एजेंसी

सिंगापुर। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार को यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं। तीस साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने 10 लाख डॉलर इनामी इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष युगल जोड़ी भी शुरुआती दौर में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ की मलेशिया की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी को 26-28, 21-15, 21-13 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी तथा लियू यांग और हुआंग डि की चीन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी हालांकि 65 मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 21-11, 14-21, 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। युवा उन्नति हुड्डा भी महिला एकल में पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन और आठवीं वरीयता प्राप्त टोमोका मियाजाकी के हाथों 14-21, 10-21 से हारकर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

महिला युगल में भारत की कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी भी 48 मिनट में पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिग्ज की स्पेन की जोड़ी से 21-18, 13-21, 5-21 से हारकर बाहर हो गईं। अश्विनी भट के और शिखा गौतम भी चांग चिंग हुई और यांग चिंग टुन की चीनी ताइपे की जोड़ी से 16-21, 11-21 से हार गईं। जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी ने पुरुष युगल में भारत के हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन को 21-15, 21-13 से हराया जबकि मिश्रित युगल जोड़ी में रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले दौर के मुकाबले में यांग पो हान और हू लिंग फांग की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 18-21, 20-22 से हार गईं।

# विश्व कप का इस्तेमाल उपकरणों को बेहतर बनाने के लिए करना चाहते हैं : ज्योति व धीरज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और धीरज बोम्मादेवरा आगामी तीरंदाजी विश्व कप चरणों का उपयोग इस वर्ष होने वाले एशियाई खेल से पहले अपने उपकरणों में बदलाव के परीक्षण के लिए करेंगे। ये दोनों तीरंदाज 12 सदस्यीय भारतीय टीम का हिस्सा हैं, जो 19 सितंबर से आइची-नागोया में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेगी। ज्योति ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन मीडिया वार्ता में कहा, मुझे कुछ चीजें तय करनी हैं। मैं उपकरणों के साथ कुछ नया आजमाना चाहती हूं और विश्व कप यह देखने के लिए एक अच्छा मंच होगा कि क्या चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, जिन तीरों का मैं पहले इस्तेमाल करती थी, उनका उत्पादन बंद हो गया है और हमने दूसरे तीरों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। मैं 2017 से उन्हीं तीरों का इस्तेमाल कर रही थी। मैं उसकी अभ्यस्त थी, इसलिए यह आसान था। अपने चौथे एशियाई खेलों में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहीं ज्योति ने कहा, लेकिन अब नए तीरों के साथ मैं प्रयोग करना चाहती हूं और देखना चाहती हूं कि मेरे लिए कौन सा तीर उपयुक्त है। एशियाई खेलों से पहले हमारे पास समय है, इसलिए मैं विश्व कप में इन सभी चीजों की जांच कर सकती हूं। यह प्रयोग तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे और चौथे चरण के दौरान अंताल्या (नौ से 14 जून) और मैड्रिड (सात से 12 जुलाई) में होगा।

### कीनिया को प्रतिस्पर्धा में लौटने में पांच से दस साल लग सकते हैं : टिकोलो

मुंबई। स्टीव टिकोलो का मानना है कि कीनिया राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को फिर से मजबूत टीम बनने के लिए बड़े संरचनात्मक बदलावों की जरूरत है और इसमें पांच से दस साल लग सकते हैं। टिकोलो की कप्तानी में कीनिया ने 23 साल पहले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत का सामना किया था। वह कीनिया क्रिकेट का स्वर्णिम दौर माना जाता है। टीम हालांकि 2011 विश्व कप के बाद बड़े टूर्नामेंटों में जगह बनाने में नाकाम रही।

### युगांडा के खिलाफ खेल सकते हैं सूर्यकुमार यादव

मुंबई। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव 30 मई को होने वाले टी20 मैच में युगांडा क्रिकेट टीम के खिलाफ ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट की ओर से मैदान पर उतर सकते हैं। युगांडा की टीम इस समय मुंबई के दौरे पर है जहां वह चार एकदिवसीय और उतने ही टी20 मैच खेलेगी। टी20 प्रारूप के ये मैच टी20 मुंबई लीग की चार अलग-अलग टीम के खिलाफ खेले जा रहे हैं। टी20 मुंबई लीग की शुरुआत यहां एक जून से होगी। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के सचिव उन्मेश खानविलकर ने मंगलवार को यहां क्रिकेट युगांडा के साथ पांच साल के सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर की घोषणा के दौरान पत्रकारों को बताया, वह टीम का हिस्सा हैं इसलिए उनके खेलने की पूरी संभावना है। खानविलकर ने कहा, वह भारतीय कप्तान हैं और जब भी वह किसी भी टीम के खिलाफ खेलते हैं तो इससे टीम का मनोबल बढ़ता है। साथ ही यह क्रिकेट का एक बेहतरीन अनुभव भी साबित होगा।

### भारत जमैका की चुनौती के लिए तैयार

लंदन। भारतीय पुरुष टीम 24 साल बाद इंग्लैंड की धरती पर वापसी कर रही है, जहां बुधवार को द वैली में यूनिटी कप 2026 के सेमीफाइनल में उसका मुकाबला जमैका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से होगा। भारत की ब्रिटेन में वापसी पुरानी यादों और नए अवसरों दोनों को समेटे हुए है। ब्लू टाइगर्स ने पिछली बार 2002 में इंग्लैंड में जमैका के खिलाफ ही खेला था, जब वाटफोर्ड और वॉल्वरहैम्प्टन में दो मैत्री मैच हुए थे। अब दो दशक से अधिक समय बाद भारतीय टीम खालिद जमील के नेतृत्व में लंदन पहुंची है, जहां यह टूर्नामेंट उन्हें दुनिया की अलग-अलग उच्च रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ खुद को परखने का मौका दे रहा है।



# सीमा पर लगेगी ड्रोन रोधी प्रणाली

## ड्रोन से मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने की जरूरत : अमित शाह

एजेंसी

बीकानेर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रोन से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए कठोर उपाय किए जाने की जरूरत बताते हुए मंगलवार को कहा कि भारत सरकार सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाने की शुरुआत अगले छह महीने में करेगी। शाह ने इस समस्या और चुनौती के प्रभावी समाधान के लिए स्थानीय नागरिकों, प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र बलों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को शामिल करते हुए बहु-स्तरीयै चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिडै बनाना जरूरी है, ताकि सीमा की संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शाह राजस्थान के बीकानेर जिले में सांचू सीमा चौकी पर बीएसएफ के जवानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ड्रोन से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए कठोर उपाय करना हमारी जिम्मेदारी है।



भारत सरकार अगले छह महीने में सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाने का काम शुरू करेगी। शाह ने कहा, लेकिन ड्रोन उतरता तो भारतीय भूमि पर है। ऐसे में उससे भेजी गई खेप कौन हासिल करता है? कौन इस खेप का इस्तेमाल देश-विरोधी कार्यों के लिए करता है? इन चीजों का पता लगाने और खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन में करीबी समन्वय होना बेहद जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीएसएफ, सेना, स्थानीय प्रशासन और जागरुक नागरिकों के बीच मजबूत तालमेल से सीमाओं पर मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, यह चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड नहीं बनने तक हम कभी भी सुरक्षित सीमा की कल्पना नहीं कर सकते। शाह ने कहा कि जहां सरहद पार से पैदा होने वाले खतरों पर पैनी नजर रखना जरूरी है, वहीं देश के भीतर ऐसे खतरों में मदद करने वाले आंतरिक तत्वों पर भी उतना ही ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्वाई की जानी चाहिए। सरकार के स्तर पर मौजूदा प्रयासों का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि बिहार, गुजरात, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों की सरकारों और स्थानीय प्रशासनों के साथ बैठकों का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि इन बैठकों का मकसद तालमेल को मजबूत करना और चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड को लागू करना है, जो हमारी संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक हो सकती है। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निभाई गई भूमिका के लिए बीएसएफ की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमांत जिलों के नागरिकों का हौसला बनाए रखने में बीएसएफ ने बहुत योगदान दिया। शाह ने बीएसएफ के उन 2,000 से ज्यादा कर्मियों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने बल के गठन लेकर अब तक सीमाओं की सुरक्षा के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा, इन कर्मियों का बलिदान 140 करोड़ भारतीयों पर ज्ञ ण है और पूरे देश को उन पर गर्व है। शाह ने कहा, बीएसएफ के जवानों का ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो प्रदर्शन रहा, मैं उसकी भी भूरि-भूरि प्रशंसा करना चाहता हूं। बीएसएफ के जवानों ने जहां भी मोर्चा संभाला था, वहां न केवल डटकर मुकाबला किया, बल्कि सीमांत जिलों के नागरिकों का हौसला बनाए रखने में भी बहुत योगदान दिया।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सिक्किम का तीन दिवसीय दौरा शुरू किया, भारत-चीन सीमा जायेंगी



गंगटोक। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर मंगलवार को सिक्किम पहुंचीं। इस दौरान वह भारत-चीन सीमा का दौरा करेंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर करीब 12 बजे लिबिंग हेलीपैड पर उतरीं, जहां राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने उनका स्वागत किया।

आगमन के बाद, राष्ट्रपति लोक भवन रवाना हुईं, जहां वह अपने दौरे के दौरान रुकेंगी। मुर्मू दिन में बाद में गंगटोक के रिज पार्क में महिलाओं के लिए पिंक सिटी रनर्स वाहनों को हरी झंडी दिखाएंगी। उनका ऑर्किडेरियम एंड द नामग्याल इंस्टीट्यूट आफ तिब्बतोलॉजी का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। बुधवार को राष्ट्रपति भारत-चीन सीमा पर स्थित नाथू ला का दौरा करेंगी और गंगटोक के मानन भवन में सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। मुर्मू अपने दौरे के अंतिम दिन 28 मई को सिक्किम पुलिस को भारत के राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज प्रदान करेंगी और पालजोर स्टेडियम में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम देखेंगी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपति के दौरे के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है।

## संक्षेप

### रितु जायसवाल भाजपा में शामिल

पटना। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। पटना में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने के बाद रितु ने कहा कि वह बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की कार्यशैली से नाखुश थीं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा का नाम लेते समय रितु की जुबान लड़खड़ा गई, जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें आगे बोलने का संकेत दिया। बाद में स्वागत भाषण के दौरान सरावगी की भी जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कह दिया कि रितु ै राजद में शामिल हुई हैं। हालांकि, सरावगी ने तत्काल अपनी बात सुधारते हुए रितु के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की बात कही। रितु ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आने वाले समय में उनके पुराने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की जा सकती है।

### लेबनान के गांव पर इजराइल के हमले में 12 की मौत

बेरूत। पूर्वी लेबनान के एक गांव पर इजराइल के हवाई हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लेबनान के बेका घाटी क्षेत्र में सोमवार देर रात किए गए इस हमले से पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि उन्होंने लेबनान में हिजबुल्ला आतंकवादी समूह को निशाना बनाकर और अधिक तीव्र हमले करने का फैसला किया है। इजराइली सेना ने इस विशेष हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन उसने सोमवार को कहा था कि वह पूर्वी लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को निशाना बना रही है। बचावकर्मियों ने बताया कि दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के बड़े हिस्सों को निशाना बनाकर रातभर किए गए भीषण हमलों के बाद मलबे से 12 शव निकाले गए। लेबनान और इजराइल के सैन्य प्रतिनिधिमंडलों की वाशिंगटन में होने वाली सीधी बातचीत से तीन दिन पहले ये हमले किए गए। हिजबुल्ला दक्षिणी लेबनान में इजराइली सैनिकों और उत्तरी इजराइल के कस्बों पर हमले कर रहा है। उसने कहा है कि जब तक इजराइल अपने दैनिक हवाई हमले बंद नहीं करता और देश से अपने सैनिक नहीं हटाता, तब तक वह लड़ाई जारी रखेगा। लेबनान सरकार को उम्मीद है कि हिजबुल्ला के विरोध के बावजूद इजराइल के साथ सीधी बातचीत से संघर्षविराम का रास्ता निकलेगा।

### अवैध बांग्लादेशियों को शीघ्र निर्वासित किया जाये : शुभेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल में हकीमपुर सीमा चौकी पर बड़ी संख्या में कथित अवैध बांग्लादेशी नागरिक जमा हो गए हैं और उन्होंने अधिकारियों से उनके निर्वासन में तेजी लाने का आग्रह किया। कल्याणी में नादिया, हुगली और उत्तर 24 परगना जिलों के अधिकारियों की उपस्थिति में हुई एक प्रशासनिक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, अधिकारी ने दावा किया कि सीमा चौकी पर एकत्रित लोग बांग्लादेश लौटने के इच्छुक थे। अधिकारी ने सीमा चौकी पर जमा भीड़ का जिक्र करते हुए कहा, जल्दी जल्दी भागो नहीं तो जो करना है सरकार करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वहां मौजूद लोगों को जल्द से जल्द उनके देश वापस भेजा जाए। उन्होंने कहा, हम उन्हें जेलों में खाना खिलाना या उन पर जनता का पैसा बर्बाद करना नहीं चाहते।

इससे वास्तव में भारतीयों को, विशेषकर पश्चिम बंगाल में, नुकसान हो रहा है। कानून तो था, लेकिन कुछ लोगों ने वोट बैंक के लिए इसका इस्तेमाल किया। हम वोट बैंक से ऊपर उठकर देश और राज्य के हित में इसे लागू करेंगे। राज्य सरकार ने सभी जिलों मैं गिरफ्तार किए गए विदेशियों और रिहा किए गए विदेशी कैदियौं को तब तक रखने के लिए निरुद्ध केंद्र स्थापित किए हैं जब तक कि निर्वासन की औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जातीं। हालांकि इसे केंद्रीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक प्रक्रियात्मक अभ्यास के रूप में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन यह निर्देश अधिकारी द्वारा सार्वजनिक रूप से एक सख्त घुसपैठ-विरोधी ढांचा पेश करने और यह घोषणा करने के कुछ दिनों बाद आया है कि उनकी सरकार ने बांग्लादेशियों की पहचान करने और उन्हें सीमा पार वापस धकेलने के लिएै पता लगाओ, हटाओ और निर्वासित करौ की नीति अपनाई है।

### रूस ने कीव को भीषण हमले की चेतावनी

कीव। यूक्रेन की वायुसेना ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 100 से अधिक ड्रोन और दो बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को द्वारा कीव पर हवाई हमले करने की हालिया धमकी में कुछ भी नया नहीं है। रूस ने सोमवार को राजनयिक मिशनों के सदस्यों सहित विदेशी नागरिकों से जल्द से जल्द यूक्रेनी राजधानी कीव को छोड़ने का आग्रह किया और निवासियों को सैन्य और सरकारी सुविधाओं से दूर रहने को कहा। रूस ने कहा कि कीव पर व्यवस्थित हमले की तैयारी की जा रही है। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से फोन पर बात करते हुए कहा कि अमेरिका को कीव से अपने राजनयिक कर्मचारियों को निकाल लेना चाहिए।

लेकिन रूबियो ने यह नहीं बताया कि विदेश विभाग यह कदम उठाएगा या नहीं। हालांकि, रूबियो ने भारत यात्रा के दौरान चिंता व्यक्त की कि यूक्रेन में जारी भयानक युद्ध और बढ़ सकता है। ट्रंप प्रशासन फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद शुरू हुई लड़ाई को रोकने के लिए एक साल से अधिक समय से प्रयास कर रहा है। लेकिन इस दिशा में अमेरिका को कोई खास सफलता नहीं मिली है और अब वाशिंगटन ईरान युद्ध पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। किसी भी राजनयिक ने अभी तक कीव से जाने की घोषणा नहीं की है। यूरोपीय संघ, फ्रांस और पोलैंड के प्रतिनिधिमंडलों ने सार्वजनिक रूप से कहा कि वे कीव नहीं छोड़ेंगे। सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि रूस द्वारा कीव और अन्य यूक्रेनी शहरों के लिए उत्पन्ना सुरक्षा खतरों का स्तर पिछले वर्षों और महीनों जैसा ही बना हुआ है।

उत्तर प्रदेश सरकार

# मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

## हनुमत विहार

**26.643 हेक्टेअर** में फैली यह टाउनशिप **लैंड पूलिंग स्कीम** के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में **26.68 प्रतिशत** विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय **रू. 194.04 करोड़** है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से **230 आवंटियों** को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।






## गोविंद विहार

**26.912 हेक्टेयर** में फैली यह टाउनशिप **लैंड पूलिंग स्कीम** के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में **26.68 प्रतिशत** विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय **रू. 182.23 करोड़** है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से **121 आंवटियो** को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटों के लिए आवेदनप षीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।

## ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह

**93.00 हेक्टेयर** में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में **मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना** के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक **48.9475 हेक्टेयर** भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत **रू. 665.00 करोड़** है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



## ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता

**115.00 हेक्टेयर** में प्रस्तावित यह **टाउनशिप ग्राम छाता** में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक **64.5573 हेक्टेयर** भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत **रू. 835.00 करोड़** है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

**मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा**
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com

Follow us on

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com